CMYK

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 13°C
सेंसेक्स 74,102.32
निफ्टी 22,497.90
सोना 88,610
चांदी 98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, बुधवार 12 मार्च 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 220 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2081 11 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## 11वां रोज़ा

### मगफिरत के लिए तक्वा और सब्र की सीख देता है रोज़ा

इस्लाम मजहब में मगफिरत के लिए तक्वा जरूरी है। तक्वा के लिए रोज़ा जरूरी है। रोज़ा यानी अल्लाह का वास्ता। रोज़ा यानी मगफिरत का रास्ता। रमज़ान के मुबारक महीने के ग्यारहवें रोज़े से मगफिरत का अशरा शुरू हो जाता है, जो बीसवें रोज़े तक रहता है। इस दूसरे अशरे को मगफिरत का अशरा इसलिए कहा जाता है कि इसमें अल्लाह से मगफिरत के लिए दुआ की जाती है। बिना किसी बुराई के यानी बुराई से बचते हुए रोज़े में अल्लाह की इबादत की जाती है और माफी मांगते हुए मगफिरत की तलब की जाती है। यानी इबादत की टहनी पर मगफिरत का फूल है रोज़ा।




## टैरिफ कटौती पर अमेरिका को कोई आश्वासन नहीं दिया

# भारत ने ट्रम्प के दावों को सिरे से नकारा

नई दिल्ली, वार्ता

**केंद्र सरकार** ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि भारत अपने टैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है। भारतीय कॉमर्स सेक्रेटरी सुनील बर्थवाल ने संसदीय पैनल को बताया कि भारत ने अमेरिका के साथ टैरिफ में कटौती को लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया है।

विदेश मामलों की संसदीय समिति को जानकारी देते हुए सुनील बर्थवाल ने साफ किया कि भारत और अमेरिका के बीच बातचीत अभी भी जारी है और किसी ट्रेड एग्रीमेंट को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया। बर्थवाल ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों और मीडिया रिपोर्टों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। किसी भी व्यापार वार्ता में भारत के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। भारत फ्री ट्रेड के पक्ष में है और व्यापार को उदार बनाना चाहता है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत व्यापार विस्तार का समर्थन करता है, लेकिन टैरिफ वार से किसी का फायदा नहीं है और इससे मंदी भी आ सकती है। उन्होंने संसदीय समिति को बताया कि भारत अंधाधुंध तरीके से टैरिफ कम नहीं करेगा, खासकर उन क्षेत्रों में जो हमारी घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए काफी जरूरी हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों को बनाए रखने के लिए बहुपक्षीय के बजाय द्विपक्षीय तौर पर टैरिफ कटौती पर बातचीत करना पसंद करता है। दरअसल ट्रम्प ने कहा था कि भारत हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ वसूलता है। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। हालांकि भारत अब अपने टैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है, क्योंकि हम उनके किए की पोल खोल रहे हैं।



**कहा: भारत-अमेरिका के बीच बातचीत अभी भी जारी है और किसी ट्रेड एग्रीमेंट को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया**

**अमेरिका से हमारा कोई कमिटमेंट नहीं: अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के दावे पर भारत सरकार ने कहा**

### तुलसी गबार्ड भारत, जापान और थाईलैंड की यात्रा पर



**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया एजेन्सी की निदेशक तुलसी गबार्ड भारत, जापान और थाईलैंड की यात्रा पर हैं। सुश्री गबार्ड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि मैं हिन्द प्रशांत के कुछ देशों की यात्रा पर हूं। एक ऐसा क्षेत्र जिसे मैं बहुत अच्छी तरह से जानती हूं, क्योंकि मैं इस क्षेत्र में पली-बढ़ी हूं। मैं जापान, थाईलैंड और भारत जाऊंगी, वापस आने से पहले फ्रांस में कुछ समय के लिए रूकूंगी। उन्होंने कहा कि शांति, स्वतंत्रता और समृद्धि के राष्ट्रपति ट्रम्प के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत संबंध, समझ और संपर्क का मार्ग बनाना महत्वपूर्ण है।

# मोदी को मिला मॉरीशस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

पोर्ट लुईस, वार्ता



**मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से नवाजा**

**मॉरीशस** के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित किया है। यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके योगदान के लिए दिया गया है।

मोदी इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं। यह 21वां अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार है, जो प्रधानमंत्री मोदी को किसी अन्य देश द्वारा दिया गया है। रामगुलाम ने कहा कि मोदी पांचवें विदेशी नागरिक हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है। सर्वोच्च सम्मान से नवाजे जाने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मॉरीशस के पीएम ने अभी घोषणा की है कि वे मुझे अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करेंगे। मैं आपके फैसले को विनम्रता के साथ स्वीकार करना चाहता हूं। यह भारत और मॉरीशस के ऐतिहासिक संबंधों का सम्मान है। भारतीय समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भी मैं मॉरीशस आता हूं, तो ऐसा लगता है जैसे में अपने ही लोगों के बीच हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मारीशस के संबंधों में मधुरता बढ़ी है। मॉरीशस के नागरिकों को उनके राष्ट्रीय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मैं दस साल पहले इसी दिन मॉरीशस आया था। यह होली के सप्ताह बाद का दौरा था और मैं अपने साथ फगवा की खुशी लेकर आया था।

### पीएम ने मॉरीशस के राष्ट्रपति को भेंट किया कुंभ का पवित्र जल

**पोर्ट लुईस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखूल को महाकुंभ का पवित्र संगम जल भेंट किया। इस जल को एक पीतल और तांबे के बर्तन में रखा गया था। प्रधानमंत्री ने गोखूल की पत्नी बृंदा गोखूल को प्रसिद्ध बनारसी साड़ी भी भेंट की। दो दिवसीय दौरे पर मॉरीशस पहुंचे मोदी ने गोखूल को बिहार का प्रसिद्ध खाना 'मखाना' भी उपहार में दिया। उन्होंने बृंदा गोखूल को एक सदेली बॉक्स में साड़ी भेंट की। सदेली बॉक्स गुजरात की परंपरागत कारीगरी का प्रतीक है। सदेली बॉक्स कीमती साड़ियों, आभूषणों या वस्तुओं को रखने के लिए डिजाइन किया गया है। राष्ट्रपति गोखूल से मुलाकात से पहले प्रधानमंत्री ने अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने सर सीवूसागर बाटनिकल गार्डन में एक पौधा लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने सीवूसागर रामगुलाम को श्रद्धांजलि दी और फिर राष्ट्रपति से मुलाकात की। इसके बाद वह राजकीय भोज में शामिल होंगे।

### भूमि घोटाले में सैम पित्रोदा के खिलाफ मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के करीबी सहयोगी सैम पित्रोदा और अन्य के खिलाफ कर्नाटक भूमि अधिग्रहण निषेध अधिनियम 2011 के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। यह मामला सत्तारूढ़ पार्टी, बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के पूर्व नेता और भ्रष्टाचार निरोधक फोरम के अध्यक्ष एनआर रमेश ने सोमवार को भूमि अधिग्रहण निषेध विशेष अदालत के समक्ष दायर किया। यह मामला बेंगलुरु में 12.35 एकड़ आरक्षित वन भूमि पर कथित अवैध कब्जे से संबंधित है। श्री रमेश ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि एलहंका के जराकाबांदे कवल में स्थित इस भूमि का सरकारी मूल्यांकन 150 करोड़ रुपये से अधिक है और इसका बाजार मूल्य 300 करोड़ रुपये से अधिक है।




### जारी होंगे 100-200 के नए नोट : RBI

**मुंबई।** आरबीआई जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में 100 और 200 रुपये मूल्य के नए बैंक नोट जारी करेगा। आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक पुनीत पंचोली ने मंगलवार को बताया कि इन नए नोटों पर रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नए नोटों का डिज़ाइन मौजूदा महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के नोटों के समान होगा। यानी, उनके रंग, पैटर्न, और सुरक्षा विशेषताएं वर्तमान नोटों के अनुरूप रहेंगी। आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि पहले जारी किए गए 100 और 200 रुपये के सभी पुराने नोट भी प्रचलन में बने रहेंगे और वे वैध मुद्रा माने जाएंगे।

### जेकेआईएम पर गृह मंत्रालय ने पांच साल के लिए लगाया प्रतिबंध

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन को एक अवैध संघ घोषित कर दिया है और अगले पांच वर्षों तक उसे तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है। मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि यह संगठन अवैध गतिविधियों में संलिप्त है, जो देश की एकता, संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हानिकारक है। गृह मंत्रालय के एक आदेश में कहा कि जेकेआईएम देश के खिलाफ कार्य कर रहा है और इसके कार्यों से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो रहा है। इसके तहत संगठन की सभी गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है और इसके सदस्य या सहयोगी किसी भी प्रकार की सक्रियता में लिप्त पाए गए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षा बलों को संगठन के खिलाफ अभियान तेज करने का निर्देश दिया गया है।

# हल्द्वानी दंगे के 22 और आरोपियों को मिली जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हल्द्वानी दंगे के 22 और आरोपियों को मंगलवार को राहत देते हुए डिफॉल्ट जमानत मंजूर कर ली।

हल्द्वानी दंगे के आरोपियों भोला उर्फ सुहैल, जावेद सिद्दीकी, जावेद कुरैशी, शाहनवाज, रहीश अहमद अंसारी, अब्दुल माजिद, सहित अन्य 18 आरोपियों की अपील पर वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में विगत सात मार्च को सुनवाई हुई। खंडपीठ ने सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को निर्णय जारी करते हुए सभी की जमानत मंजूर कर ली। सभी आरोपियों के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के साथ ही हल्द्वानी कोतवाली में संगीन धाराओं में मामला दर्ज है। सभी आरोपी पिछले साल फरवरी से जेल में बंद हैं। यूएपीए अदालत (निचली अदालत) ने आरोपियों की जमानत नामंजूर कर दी थी। इसके बाद आरोपियों की ओर से उच्च न्यायालय में अपील दायर की गई। आरोपियों की ओर से कहा गया कि सरकार उनके खिलाफ यूएपीए अदालत में तय समय पर आरोप पत्र दाखिल करने में असफल रही है। अदालत ने सरकार को आरोप पत्र दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय दे दिया और उनकी जमानत नामंजूर कर दी। इसलिए वे डिफ़ॉल्ट बेल के हकदार हैं। अदालत इसी मामले में 50 आरोपियों की इससे पहले डिफ़ॉल्ट बेल मंजूर कर चुकी है। आरोपियों के अधिवक्ता सीके शर्मा के अनुसार खंडपीठ ने उसी आधार पर इन आरोपियों को भी जमानत दे दी।



**इसी मामले में 50 आरोपियों की इससे पहले डिफॉल्ट बेल मिल चुकी**

# विश्व के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मेघालय का बर्नीहाट टॉप पर**

**दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी**

**नई दिल्ली।** विश्व के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के हैं। मेघालय का बर्नीहाट शीर्ष पर है। वहीं, दिल्ली सबसे प्रदूषित राजधानी की कैटेगरी में टॉप पर है। स्विस एयर क्वालिटी टेक्नोलॉजी कंपनी आईक्यू एयर की 2024 की रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट में भारत को विश्व के सबसे प्रदूषित देशों में पांचवां स्थान दिया गया है। 2023 में हम तीसरे स्थान पर थे, यानी पहले से दो स्थान नीचे आए हैं। मतलब भारत में पहले से प्रदूषण को लेकर कुछ सुधार हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारत में पीएम 2.5 के स्तर में 7 फीसदी की गिरावट देखी गई। 2024 में पीएम 2.5 का स्तर औसतन 50.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा, जबकि 2023 में यह 54.4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था। फिर भी, विश्व के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 भारत में हैं। दिल्ली में लगातार प्रदूषण का लेवल हाई दर्ज किया गया। यहां पीएम 2.5 का सालाना औसत 91.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा। विश्व के सबसे प्रदूषित 20 शहरों में पाकिस्तान के 4 और चीन का एक शहर भी शामिल है। ओशिनिया साल 2024 में विश्व का सबसे स्वच्छ क्षेत्र रहा। इसके 57: शहर डब्ल्यूएचओ के दिशानिर्देशों को पूरा करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पूर्व एशिया के हर देश में पीएम 2.5 के कंसंट्रेशन में कमी आई है, हालांकि सीमा पार धुंध और अल नीनो की स्थिति अभी भी प्रमुख फैक्टर बनी हुई है। यूएन के मुताबिक, ओशिनिया में 14 देश हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, -शेष पृष्ठ दो पर

### देश की सबसे अमीर महिला अब रोशनी नाडार

**नई दिल्ली।** एचसीएल (सीएल) ग्रुप के संस्थापक शिव नाडार ने हाल ही में बेटी रोशनी नाडार मल्होत्रा को कंपनी की 47 फीसदी हिस्सेदारी ट्रांसफर की है। 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' के मुताबिक, 3.13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ रोशनी अब तीसरी सबसे अमीर भारतीय बन गई हैं। उनसे ज्यादा संपत्ति सिर्फ मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के पास है। रोशनी से पहले उनके पिता शिव नाडार भारत के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति थे। उनके नेतृत्व वाली सीएल टेक्नोलॉजी देश की तीसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी है। इसका मार्केट कैप 4.20 लाख करोड़ रुपये है।

# अमरोहा में उत्तराखंड की युवती की गोली मारकर हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पिछले डेढ़ साल से रिलेशनशिप में था आरोपी युवक**

**अमरोहा।** उप्र में अमरोहा जिले के गजरौला क्षेत्र में उत्तराखंड की एक युवती का रक्तरंजित शव मिलने से सनसनी फैल गई है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र गज़रौला में थाना पुलिस को मंगलवार सुबह गेस्ट हाऊस में किसी युवती की गोली मारकर हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। युवती की शिनाख्त हरिद्वार जिले की कनखल निवासी रोज़ी खुराना (20) के रूप में हुई है। थाना पुलिस ने मौका मुआयना कर थाना बछरायूं (अमरोहा) क्षेत्र के गांव धनौरी माफी निवासी अंकुश चौधरी (25) को हिरासत में ले लिया है। घटना के संबंध में उससे पूछताछ जारी है। पुलिस को पूछताछ -शेष पृष्ठ दो पर









# लोकसभा में गूंजा पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा

## यूनीफाइड पेंशन योजना से कर्मचारी संतुष्ट नहीं, पुरानी पेंशन योजना ही लागू हो: सपा

**नई दिल्ली, वार्ता**



समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव ने मंगलवार को लोकसभा में केन्द्रीय कर्मचारियों की पेंशन का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यूनीफाइड पेंशन योजना से कर्मचारी संतुष्ट नहीं हैं अतैव पुरानी पेंशन योजना ही लागू की जानी चाहिए। यादव ने शून्य काल के दौरान कहा कि पेंशन को लेकर कर्मचारी आंदोलनरत हैं।

कर्मचारी न तो नेशनल पेंशन स्कीम से संतुष्ट थे और न ही वे एक अप्रैल से लागू होने वाली यूनीफाइड पेंशन योजना से संतुष्ट हैं। कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना लागू किए जाने को लेकर आंदोलनरत हैं। पुरानी पेंशन योजना से ही कर्मचारी और उनके परिवारों के हितों की पर्याप्त आर्थिक सुरक्षा होती थी। उन्होंने पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग की। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के अमरा राम ने राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में पेयजल की किल्लत का मुद्दा उठाते हुए कहा कि राज्य के सीकर और झुंझनू जिलों में तो लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते हैं। राज्य के ग्रामीण अंचलों में आबादी के छितरी होने की वजह से पेयजल की सुविधाएं पहुंचाना दुष्कर हो जाता है, इसके मद्देनजर वह केन्द्र सरकार से राज्य की विशेष मदद करने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल सुविधाओं के लिए खर्च होने वाली राशि का 90 प्रतिशत भाग केन्द्र सरकार को वहन करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की कंगना रनौत ने हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में प्राय: बाधा पड़ने की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बिजली मंत्रालय से इस समस्या को दूर करने के उपाय करने की मांग की। सुश्री रनौत ने कहा कि बार-बार बिजली कटौती होने से आम लोगों को तो परेशानियां होती ही हैं, छोटे-छोटे व्यवसाय भी ठप हो जाते हैं। उन्होंने इस समस्या के निराकरण के लिए तत्काल ध्यान दिए जाने की मांग की।

### तीन वर्षों से औसत महंगाई 5.6 प्रतिशत: चौधरी

■ 2004 से 2014 तक देश में महंगाई दर दो अंकों में रही थी

**नई दिल्ली।** वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि देश में पिछले तीन वर्षों औसत महंगाई दर 5.6 प्रतिशत रही है जबकि बेचमार्क छह प्रतिशत है। चौधरी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि 2024 में महंगाई दर 4.9 प्रतिशत रही है। 2004 से 2014 तक देश में महंगाई दर दो अंकों में रही थी। उन्होंने कहा कि बीच-बीच में मौसम और आपूर्ति से जुड़ी बाधाओं के कारण महंगाई में वृद्धि होती है, लेकिन इसको नियंत्रित करने के उपाय किए जाते हैं। बेरोजगारी से जुड़े पूरक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि एनएसओ के सर्वे के अनुसार बेरोजदारी दर 3.2 प्रतिशत रही है। उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) एक देश एक कर की व्यवस्था है। जुलाई 2017 से इसके प्रभावी होने के बाद औसत कर की दर 12 प्रतिशत पर आ गई है, जो पहले औसत 15 प्रतिशत थी। जीएसटी परिषद संघवाद का अद्भूत उदाहरण है। गरीबों को समान अवसर नहीं मिलने के पूरक प्रश्न पर राज्य मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार हर नागिरक को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हर क्षेत्र में लोगों को समान अवसर प्रदान किया जा रहा है। वर्ष 2014 से 'सबका साथ सबका विकास' के तहत सबको आगे बढ़ाने का काम किया गया है। यह कोई नारा नहीं है।

# महिला अत्याचार से जुड़े सवालों पर सरकार मौन

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ बालेश धनखड़ के मामले पर भाजपा को जवाब देना होगा

कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार बेटियों को सुरक्षा देने की सिर्फ बात ही करती है, जबकि सच्चाई यह है कि यह पार्टी दुष्कर्म की घटनाओं में संलिप्त अपने लोगों को बचाने का काम करती है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचारों से जुड़े सवालों पर सरकार हमेशा बचने का प्रयास करती है और वह अपने लोगों पर लगे दाग साफ करने का प्रयास करती है। उन्होंने आस्ट्रेलिया में रहने वाले और दुष्कर्म के आरोप में पकड़े गए एक व्यक्ति का नाम लिया और कहा कि उनकी मोदी के साथ कई तस्वीरें हैं। उन्होंने कहा कि हम मोदी से सवाल पूछते हैं कि उनकी जितनी तस्वीरें उस व्यक्ति के साथ हैं। क्या उतनी ही तस्वीरें न्याय की गुहार लगा रही महिलाओं के साथ हैं। उनके पास जंगल सफारी पर जाने का समय है, लेकिन उनके पास मणिपुर जाने का समय नहीं है।

देश में संसद सत्र चल रहा है, लेकिन मोदी मॉरीशस घूमने निकल गए हैं। बालेश धनखड़ के मामले पर भाजपा को जवाब देना होगा। यह कोई पहला मामला नहीं है, बल्कि ऐसे अनेक मामले हैं। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मास रेपिस्ट प्रज्वल रेवन्ना जेल की सलाखों के पीछे है, क्योंकि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण पर दिल्ली पुलिस कार्रवाई नहीं कर पा रही है, क्योंकि भाजपा उस पर दबाव बना रही है। गुजरात में भाजपा का एक मंत्री दलित महिला के साथ दुष्कर्म करता है, लेकिन उस पर एक्शन नहीं हुआ। आखिर में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उस पर प्राथमिकी होती है। गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक की बेटियां-महिलाएं मोदी से न्याय मांग रही है लेकिन वह चुप हैं।ह उन्होंने दावा कि मोदी की यात्राओं को ऑस्ट्रेलिया में बालेश धनखड़ आयोजित करता रहा। इसका मतलब है कि मोदी बालेश धनखड़ के बारे में सब जानते थे, फिर भी खामोश हैं। यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म के जिन मामलों में भाजपा नेताओं की संलिप्ता के आरोप लगते है भाजपा के लोग उनको बचाते रहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### होली-रमजान की आड़ में राजनीति ठीक नहीं: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को कहा कि होली और रमजान की आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं है और सरकार को सभी धर्मों के अनुयायियों के मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- जैसा कि विदित है कि इस समय रमज़ान चल रहे हैं और इसी बीच जल्दी होली का भी त्योहार आ रहा है, जिसे मद्देनज़र रखते हुए यूपी सहित पूरे देश में सभी राज्य सरकारों को इसे आपसी भाईचारे में तब्दील करना चाहिए, तो यह सभी के हित में होगा। उन्होंने कहा कि इसकी आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं। सभी धर्मों के अनुयायियों के मान-सम्मान का बराबर ध्यान रखना बहुत जरूरी।

### गौतम बुद्ध से जुड़े स्थलों का समुचित विकास किया जाए: पाल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जगदम्बिका पाल ने भगवान गौतम बुद्ध से जुड़े स्थलों बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर और कपिलवस्तु के समुचित विकास की सरकार से मांग की। पाल ने शून्य काल के दौरान कहा कि कपिलवस्तु में तो भगवान बुद्ध ने अपने जीवन के 29 वर्ष बिताए थे, अत: वहां के विकास के भरपूर प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कपिलवस्तु में कॉरिडोर के निर्माण की मांग की। समाजवादी पार्टी के जियाउर्रहमान ने सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी दिए जाने की सरकार से मांग की। उन्होंने कहा कि जब बड़े-बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ कर दिए जा सकते हैं, तो किसानों के कर्ज माफ क्यों नहीं किए जाते।

### सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने को सरकार प्रतिबद्ध: गुर्जर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि सरकार ने सहकारिता के क्षेत्र में असीम संभावनाओं को देखते हुए पिछले साढ़े तीन साल में साठ से अधिक पहल की है। कृष्णपाल गुर्जर ने प्रश्नकाल ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि सहकारिता मंत्रालय अपनी स्थापना के साढ़े तीन साल के अंदर सात प्रमुख क्षेत्रों में 60 पहल की हैं।

# तीन वर्षों में सभी जिलों में होगा कैंसर डे केयर सेंटर: नड्डा

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ इस वर्ष दो सौ जिलों में यह सेंटर शुरू किया जा रहा

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि अगले तीन वर्षों में देश के सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है और इस वर्ष दो सौ जिलों में यह सेंटर शुरू किया जा रहा है।

नड्डा ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में कैंसर डे केयर सेंटर बनाने की घोषणा की गई है और इसके लिए बटजीय प्रावधान भी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की बात है, तो राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के तहत गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है। इसके तहत कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। अस्पतालों को अपनी जरूरतों के अनुसार योजना बनाने की सुविधा दी गई है और उसके अनुरूप टेक्नीकल और वित्तीय मदद दी जाती है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से कैंसर जैसी घातक बीमारियों के उपचार में मदद मिली है। अभी कैंसर का पता चलने पर 30 दिनों के भीतर ही उपचार शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में झज्जर के एम्स में 700 बिस्तरों का कैंसर केयर सेंटर बनाया गया है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के गोरखपुर में एम्स खोला गया है और बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में स्थित मेडिकल कॉलेज को एम्स नहीं बनाया जा सकता है, क्योंकि यूनिवर्सिटी के भीतर इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है। हांलाकि यूनिवर्सिटी के साथ एक करार किया गया है और वहां स्थित मेडिकल कॉलेज को एम्स की तरह बनाया जा रहा है। नड्डा ने एक अन्य पूरक प्रश्न पर कहा कि आशा कार्यकर्ता बेहतर काम कर रहे हैं। उनके प्रयास से जच्चा-बच्चा मृत्यु दर में कमी आई है। केरल सरकार का जहां तक सवाल है, तो उपयोग प्रमाणपत्र नहीं मिलने के कारण आशा कार्यकताओं से जुड़ा मानदेय जारी नहीं हो पाया है, लेकिन केन्द्र सरकार की हिस्सेदारी का अंश जारी किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों का पुष्पवर्षा कर सम्मान किया

# महाकुंभ ने प्रयागराज का किया कायाकल्प

**लखनऊ, वार्ता**



■ कहा- कभी माफियाराज के चंगुल में फंसे प्रयागराज को विकास के मार्ग पर बढ़ाया
■ आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ने के बड़े अभियान को आगे बढ़ाया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को कहा कि महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज जैसे शहर के विकास को बढ़ाने में काफी सफल रहा है। कभी माफियाराज के चंगुल में फंसे प्रयागराज का महाकुंभ के कारण कायाकल्प हो गया है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक निजी चैनल के कॉनक्लेव में पहुंचे योगी ने यहां सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया और उन पर पुष्पवर्षा की। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को नींव का पत्थर बताते हुए कहा कि इन्होंने स्वच्छ कुम्भ के संदेश को साकार किया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ ने आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ने के बड़े अभियान को आगे बढ़ाया है। यहां विकास के अनेक बड़े-बड़े कार्य हुए। महाकुंभ के कारण यह प्राचीन व पौराणिक नगरी आज नए कलेवर के रूप में दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कार्य संपन्न होने के बाद अक्सर हर व्यक्ति अपनी राह पकड़कर आगे की सोचने लगता है। नींव पर बनी इमारत में सब रहते हैं, लेकिन पत्थ: भुला दिए जाते हैं। उनके महत्व को विस्मृत कर दिया जाता है। 'महाकुंभ की नींव' को जिन स्वच्छता कर्मियों ने सुदृढ़ करने का प्रयास किया, जिनकी बदौलत यह दिव्य-भव्य महाकुंभ हो पाया। उनके सम्मान का यह कार्यक्रम अभिभूत करने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी आयोजन सफलता की ऊंचाई पर तब पहुंचता है, जब सब लोग सामूहिक भाव के साथ मिलकर प्रयास करते हैं। सामूहिक प्रयास का परिणाम सफलता होती है। सामूहिक प्रयास को जब सकारात्मक भाव के साथ देखते हैं, तो समाज के लिए वह प्रेरणा बन जाती है। प्रयागराज में भी ऐसा ही हुआ। बुजुर्ग माता-पिता को कुम्भ में स्नान कराने के लिए यूएस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूके समेत तमाम देशों से लोगों के फोन आए। उन्होंने कहा कि जो भी महाकुंभ में आया, उसने सफाई व सुरक्षाकर्मियों की प्रशंसा अवश्य की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजन दिया था कि हमारे आयोजन लोगों को अंतष्करण से संतुष्टि दे सकें, क्योंकि स्वच्छता अंत:करण की संतुष्टि का पहला और व्यवहार दूसरा पैमाना होता है। योगी आदित्यनाथ ने 45 दिन में आने वाले 66.30 करोड़ श्रद्धालुओं का जिक्र किया। उन्होंने हर स्नान पर आने वाली श्रद्धालुओं का भी आंकड़ा बताया और कहा कि जो लोग जितना दुष्प्रचार-अफवाह फैलाते थे, उन्हें जवाब देने के लिए जनता उतनी ही मजबूती से प्रयागराज आ धमकती थी। बहुत लोग जनता से नकारात्मक बोलवाने का प्रयास करते थे। उन्होंने कहा कि एक यूट्यूबर कर्नाटक से आए श्रद्धालु से पूछ रहा था कि कितना पैदल चले, उत्तर मिला- पांच किमी-। फिर उसने कहा कि पता है अभी कितना और पैदल चलना होगा, तो श्रद्धालु ने कहा कि नहीं। इस पर यूट्यूबर ने बताया कि अभी पांच किमी- और। श्रद्धालु ने कहा कि 50 भी चलना पड़े, तो जाऊंगा। प्रश्न करने वाले ने कहा कि सरकार को व्यवस्था देनी चाहिए थी। श्रद्धालु ने कहा कि पैदल मैं चल रहा हूं, परेशानी तुम्हें क्यों हो रही है। भगवान के धाम तो पैदल ही जाना चाहिए। यह हमारे लिए साधना है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का भाव ही कृतज्ञता का होता है।

### त्योहारों पर भीड़ प्रबंधन में भारतीय रेलवे अपनाएगा महाकुंभ के तरीके

**लखनऊ।** महाकुंभ में प्रयागराज रेल मण्डल के नौ स्टेशनों पर अपनाए गए क्राउड कंट्रोल के तरीकों को अब भारतीय रेल होली व अन्य प्रमुख त्योहारों पर देश के बड़े स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के लिए उपयोग में लाएगा। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि होली के त्योहार पर भीड़ नियंत्रण को लेकर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में निर्णय लिए गया है कि अधिक भीड़ वाले स्टेशनों पर महाकुंभ की तरह होल्डिंग एरिया, नियंत्रित प्रवेश, सीसीटीवी कैमरों से कंट्रोलिंग और डिजिटल कम्युनिकेशन उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। रेलवे ने उच्च स्तरीय बैठक में होली व अन्य प्रमुख त्योहारों में देश के अधिक भीड़ वाले 60 रेलवे स्टेशनों पर महाकुंभ में प्रयागराज रेल मण्डल के सफल क्राउड मैनेजमेंट के तरीकों का उपयोग करने का निर्णय लिया है। प्रयागराज रेल मण्डल के एसपीआरओ अमित मालवीय ने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्राउड मैनेजमेंट को लेकर कई जरूरी निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आनंद विहार, सूरत, उधना, पटना और नई दिल्ली जैसे अधिक भीड़ वाले स्टेशनों पर अतिरिक्त वेलटग रूम या होल्डिंग एरिया बनाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही त्योहारों के दौरान महाकुंभ की तरह प्लेटफार्म पर भीड़ को नियंत्रित तरीके से भेजने, क्राउड मैनेजमेंट के लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद से भीड़ के दबाव पर नजर रखने का निर्णय लिया गया है। साथ ही रेलवे के कर्मचारियों और रेलवे पुलिस के जवानों को वॉकी टाकी, अनाउंसमेट के जरिए निर्देशित करने और इसके लिए स्टेशनों पर कंट्रोल टॉवरों को अत्याधुनिक तकनीक से युक्त करने का भी निर्णय लिया गया है।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली की बदौलत शेयर बाजार में रही घटबढ़

**मुंबई, वार्ता**



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स फिसलकर जबकि लिवाली की बदौलत निफ्टी बढ़कर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 12.85 अंक फिसलकर 74,102.32 अंक पर आ गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 37.60 अंक की बढ़ोतरी लेकर 22,497.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी मिलाजुला रुख रहा। मिडकैप 0.72 प्रतिशत की छलांग लगाकर 39,589.67 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.70 प्रतिशत लुढ़ककर 44,330.32 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4092 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2506 में गिरावट जबकि 1466 में तेजी रही वहीं 120 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वहीं, निफ्टी की 33 कंपनियां हरे जबकि अन्य 17 लाल निशान पर बंद हुईं। बीएसई के आठ समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे एफएमसीजी 0.15, इंडस्ट्रियल्स 0.01, आईटी 0.87, यूटिलिटीज 0.15, ऑटो 0.09, बैंलकग 0.36, टेक 0.04 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.82 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं रियल्टी 3.92, ऊर्जा 1.20, दूरसंचार 2.78, कैपिटल गुड्स 0.47, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.48, धातु 0.62 और तेल एवं गैस समूह के शेयरों में 1.58 प्रतिशत की तेजी रही। विश्व बाजार का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.20, जापान का निक्केई 0.64 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.01 प्रतिशत गिर गया। वहीं जर्मनी का डैक्स 0.48 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.41 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 371 अंक की भारी गिरावट लेकर 73,743.88 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 73,663.60 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं इसके बाद शुरू हुई लिवाली के दम पर यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 74,195.17 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### महिला उद्यमियों को निर्यात कारोबार में प्रोत्साहित करेगा फियो

**नई दिल्ली।** देश में निर्यात संघों के शीर्ष निकाय फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने और भारत के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से यहां मंगलवार को 'शीट्रेड्स इंडिया हब' पहल शुरू किया। फियो ने यह पहल अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र आईटीसी के सहयोग व ब्रिटेन सरकार के शीट्रेड्स कॉमनवेल्थ प्लस कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता से शुरू की है। फियो इस तरह वैश्विक स्तर पर 20वें शीट्रेड्स हब का आधार बना है। इस पहल का उद्घाटन करते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि आईटीसी शेट्रेड्स इंडिया हब के सहयोग से ट्रेड कनेक्ट प्लेटफॉर्म महिलाओं के नेतृत्व वाली निर्यात वृद्धि को बढ़ावा देने में और मदद करेगा।

# खाद्य तेलों में टिकाव, उड़द दाल सस्ती

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक अंतर्राष्ट्रीय बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि उड़द दाल सस्ती हो गई वहीं चीनी के भाव चढ़ गए।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 37 रिंगिट बढ़कर 4810 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट की तेजी के साथ 42.55 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में उड़द दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

### मरूधर एक्सप्रेस के ब्रेक से निकली चिंगारी, अफरातफरी

**जौनपुर।** जोधपुर से चलकर वाराणसी को जाने वाली मरूधर एक्स प्रेस ट्रेन में मंगलवार को उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक बोगी में यात्रियों ने ट्रेन के पहिए से चिंगारी और धुएं लिए लपटें दिखाई देने पर शोर मचाया। ट्रेन के गार्ड को अनहोनी की आशंका के ट्रेन को रुकवा दिया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अमरोहा में...** में युवक ने बताया कि रोज़ी खुराना के साथ वह पिछले डेढ़ साल से रिलेशनशिप में था। बीती रात उसे फोन करके गजरौला गैस्ट हाऊस में बुलाया था। रात में किसी समय दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिससे युवक ने गोली मारकर युवती की हत्या कर दी। घटना की सूचना हत्यारोपी ने खुद पुलिस को फोन के माध्यम से दी थी।

**विश्व के...** न्यूजीलैंड, फिजी, पापुआ न्यू गिनी, नौरू, किरिबाती, माइक्रोनेशिया और मार्शल आइलैंड्स शामिल हैं। भारत के शहरों में हवा इतनी खराब है कि 35 फीसदी शहरों में हवा में धूल के छोटे-छोटे कण (पीएम2.5) का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बताए लेवल से 10 गुना ज्यादा है। इस खराब हवा के कारण भारत में लोगों की सेहत खतरे में है। लोगों की औसत उम्र करीब 5.2 साल कम हो रही है। एक रिसर्च के अनुसार, 2009 से 2019 के बीच भारत में हर साल करीब 15 लाख लोगों की मौतें हवा में मौजूद पीएम2.5 कणों के प्रदूषण के कारण हुईं।

# सीमा पार कर भारत में घुसे दो रोहिंग्या नागरिक गिरफ्तार

■ पकड़े गए आरोपियों से नकदी भी बरामद की

**कूचबिहार।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में मथाभंगा सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले दो रोहिंग्या नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में नकदी भी बरामद की गई है।

प्राथमिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति म्यांमार के राखिन प्रांत के निवासी हैं। वहां से वे कुछ साल पहले बंगलादेश के कॉक्स बाजार में अवैध रूप से घुसपैठ कर गए थे। गिरफ्तार आरोपियों में शामिल रेडवान (24) ने बताया कि म्यांमार में उन्हें गोली मारी गई थी, जिसके बाद वह वहां से भागकर बंगलादेश पहुंचे थे। हाल ही में उन्होंने नेपाल में अपने रिश्तेदारों के पास जाने की योजना बनाई थी। इसके लिए उन्होंने बंगलादेशी दलाल को 40,000 टका देकर भारत में घुसने की कोशिश की, लेकिन जैसे ही वे सीमा पार कर भारत में घुसे, पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। यह घटना मथाभंगा सीमा के धापरा बाजार इलाके में हुई। स्थानीय लोगों ने जब एक पुरुष और एक महिला को संदिग्ध अवस्था में देखा, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेडवान और फारमीना अख्तर (27) को गिरफ्तार कर लिया। मथाभंगा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप गोराई ने मंगलवार को यहां बताया कि हमने एक पुरुष और एक महिला को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वे म्यांमार के नागरिक हैं। उन्हें अदालत में पेश कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इनका इरादा भारत होते हुए नेपाल जाने का था। पश्चिम बंगाल में पहले से ही बड़ी संख्या में रोलहग्या मौजूद होने की खुफिया विभाग पुष्टि करता है, लेकिन हाल के दिनों में जिस तरह से रोहिंग्या घुसपैठिए पकड़े जा रहे हैं, उसने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र के स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह इलाका किसी अन्य राज्य का हिस्सा होता, तो सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी हो सकती थी। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां रोहिंग्या घुसपैठ की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि रोहिंग्या शरणार्थियों की घुसपैठ को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है। यदि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह न केवल स्थानीय निवासियों के लिए बल्कि देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बन सकती है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



मुकद्दस रमजान 11

सुन्नी

बुधवार अफतार 6:26 — गुरुवार सेहरी 5:11

शिया

बुधवार अफतार 6:31 — गुरुवार सेहरी 5:16

मुकद्दस रमजानुल मुबारक

की हार्दिक शुभकामनाएं



हाजी मौहम्मद सुलेमान अंसारी

प्रदेश सचिव

कांग्रेस कमेटी उत्तराखण्ड

पूर्व ग्राम प्रधान

मेहुंवाला माफी, देहरादून।

## भट्ट के वायरल वीडियो पर माहरा ने जताई आपत्ति

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के पुतले को पटाखों से उड़ाते हुए दिखाए गए वायरल वीडियो की कड़ी निंदा करते हुए बयान जारी किया।

माहरा ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट से संबंधित एक वीडियो आज वायरल हो रहा है, जो हमारे देश और प्रदेश के लिए शुभ संकेत नहीं है। उन्होने कहा कि आपका विरोध किसी दल या व्यक्ति से हो सकता है, मगर राजनीतिक विरोध से इतर, इस प्रकार का वीडियो अत्यंत निंदनीय और अस्वीकार्य है। ऐसे कृत्यों से शांति. प्रिय प्रदेश उत्तराखंड में आपसी वैमनस्य और विद्वेष की भावना बढ़ती है। शासन-प्रशासन को इस मामले का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# अब हेलीकॉप्टर से भी जा सकेंगे मसूरी, नैनीताल बागेश्वर

## मुख्यमंत्री धामी ने किया चार नई हेली सेवाओं का शुभारंभ

■ आम जनता की यात्रा के लिए प्रत्येक दिन खुली रहेंगी सेवाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य में चार नई हेलीकॉप्टर सेवाओं का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया है। इन सेवाओं के जरिए जरिए देहरादून से नैनीताल, बागेश्वर और मसूरी और हल्द्वानी से बागेश्वर का हवाई सम्पर्क स्थापित हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि "उड़ान" योजना के अंतर्गत शुरू की जा रही इन चार हेली सेवाओं से राज्य में पर्यटन एवं आर्थिक विकास को गति मिलेगी। बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेंगे। बागेश्वर नैनीताल और मसूरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। इन क्षेत्रों की प्राकृतिक सुंदरता, शांत वादियाँ,







हरे-भरे पहाड़, ऐतिहासिक मंदिर और समृद्ध संस्कृति देश और दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। नैनीताल अपनी मनोरम झीलों, नयना देवी शक्तिपीठ और कैंची धाम जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है।

### सीएम ने यात्रियों से की वर्चुअल बातचीत

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने इन हेली सेवाओं के शुभारंभ अवसर पर इनसे यात्रा करने वाले लोगों से वर्चुअल माध्यम से बातचीत भी की। संबंधित क्षेत्रों के विधायकों, अन्य जनप्रति. निधियों एवं स्थानीय लोगों ने इन सेवाओं के शुभारंभ करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक उमेश शर्मा काऊ, खजानदास, सविता कपूर, बृज भूषण गैरोला, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव सचिन कुर्वे, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी युकाडा सो. निका, वर्चुअल माध्यम से विधायक सुरेश गड़िया, पार्वती दास, राम सिंह कैड़ा एवं अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### प्रत्येक दिन संचालित होगी सेवा

देहरादून से मसूरी की हेली सेवा उत्तराखंड हवाई संपर्क योजना के तहत संचा. लित की जा रही है, जबकि शेष तीन हेली सेवाएं केंद्र सरकार की क्षेत्रीय सम्पर्क योजना के तहत संचालित की जा रही हैं। देहरादून - मसूरी के बीच पांच सीटर, जबकि शेष जगहों के लिए सात सीटर हेलीकॉप्टर सेवाएं देगा। देहरादून से बागेश्वर, नैनीताल और और हल्द्वानी से बागेश्वर की हेली सेवा सप्ताह में सातों दिन दिन में दो बार संचालित होगी। जबकि मसूरी देहरादून हेली सेवा पहले माह में प्रतिदिन एक उड़ान भरेगी।

### किराया विवरण

01 - देहरादून - नैनीताल : किराया - 4500 प्रति यात्री, देहरादून से उड़ान- सुबह 8.15, दोपहर- 02.25 बजे, नैनीताल से उड़ान- सुबह 9.10, दोपहर- 03.20 बजे।

02 - देहरादून - बागेश्वर : किराया - 4000 प्रति यात्री, देहरादून से उड़ान- सुबह 10.20, दोपहर- 12.30 बजे, बागेश्वर से उड़ान- सुबह 11.10, दोपहर- 01.20 बजे

03 - हल्द्वानी - बागेश्वर : किराया - 3500 प्रति यात्री, हल्द्वानी से उड़ान- सुबह 08.30, दोपहर- 02.45 बजे, बागेश्वर से उड़ान- सुबह 09.00, दोपहर- 03.00 बजे

04 - देहरादून - मसूरी : किराया - 2578 प्रति यात्री

# धामी सरकार का बड़ा फैसला, प्रति मौनबॉक्स सहायता को बढ़ाया

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहन देने और भूमिहीन किसानों व नवयुवकों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब मधुमक्खीपालन योजना के तहत पर-परागण के लिए दी जाने वाली राज सहायता को रुपये 350 प्रति मौनबॉक्स से बढ़ाकर रुपये 750 प्रति मौनबॉक्स कर दिया गया है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने इस फैसले के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है।

कृषि मंत्री ने कहा कि मधुमक्खी पालन केवल शहद उत्पादन का साधन नहीं, बल्कि यह कृषि क्षेत्र में पर-परागण की प्रक्रिया को बढ़ाकर फसलों की उत्पादकता में वृद्धि करने का एक महत्वपूर्ण जरिया भी है। विशेष रूप से सेब और लीची जैसी फसलों में मधुमक्खियों की उपस्थिति से अधिक पैदावार मिलती है। उन्होंने



कहा कि इसके माध्यम से मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने से उत्तराखंड के कृषि और बागवानी क्षेत्र को नई ऊंचाइयां मिलेंगी और कृषकों की आर्थिक स्थिति सुधारने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने और फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। मधुमक्खी पालन से किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी, स्वरोजगार के नए अवसर खुलेंगे और राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

■ मधुमक्खी पालन योजना के तहत अब 350 के स्थान पर मिलेंगा 750 प्रति मौनबॉक्स, कृषि मंत्री जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी का जताया आभार

### सरकारी सहायता से किसानों और मौनपालकों को होंगे ये प्रमुख लाभ:

कृषि क्षेत्र में सुधार: मधुमक्खियां फूलों से पराग इकट्ठा कर फसलों के प्राकृतिक पर-परागण में मदद करती हैं, जिससे पैदावार में वृद्धि होती है।

बागवानी फसलों को मिलेगा लाभ: सेब, लीची, बादाम, सरसों और अन्य फल-फूल आधारित फसलों में उत्पादन बढ़ेगा।

शहद उत्पादन से अतिरिक्त आय: किसानों को मधुमक्खी पालन से शहद, मोम और अन्य मधु उत्पादों से अतिरिक्त आमदनी होगी।

राज सहायता से किसानों का आर्थिक बोझ कम होगा: रुपये 750 प्रति मौनबॉक्स की सहायता मिलने से किसानों को मौनबॉक्स खरीदने में आर्थिक राहत मिलेगी।

स्वरोजगार को बढ़ावा : यह योजना भूमिहीन नवयुवकों और बेरोजगारों को रोजगार का अवसर प्रदान करेगी।

'पर्यावरण संतुलन में योगदान :मधुमक्खियां जैव विविधता बनाए रखने और पर्यावरण को संतुलित करने में मदद करती है।

# भट्ट ने सदन में उठाया राज्य में पाइप्ड नैचुरल गैस-घरेलू कनेक्शन लेकर सवाल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सदन में राज्य में पाइप्ड नैचुरल गैस-घरेलू कनेक्शन को लेकर सवाल उठाया है। राज्यसभा सत्र में पूछे गए इस अतारां. कत प्रश्न संख्या 1262 में उन्होंने पूछा कि देश में कुल कितने राज्यों को पाइप्ड नैचुरल गैस-घरेलू (पीएनजी-डी) की सुविधाएं प्रदान की गई हैं। साथ ही उत्तराखंड राज्य में किन स्थानों को इन सुविधाओं से जोड़ा गया है।

जिसका उत्तर देते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बताया कि पाइप्ड प्राकृतिक गैस यानि पीएनजी कनेक्शन प्रदान करना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का एक भाग है। जिसे प्राधिकृत कंपनियों द्वारा उनके न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) के अनुसार किया जा रहा है। जहां तक सवाल है उत्तराखंड का तो पीएनजीआरबी ने राज्य में सीजीडी अवसंरचना के विकास के



लिए सभी जिलों को कवर करते हुए 6 जीएज (उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में फैले 1 जीए सहित) को प्राधिकृत कर कार्य जारी है। उत्तराखंड राज्य में घरेलू पीएनजी कनेक्शनों के जीए-वार ब्यौरे की बात करें तो सबसे अधिक हरिद्वार एवं उधम सिंह नगर में लक्ष्य अनुसार क्रमश 17,841 एवं 25,269 हैं। इसके बाद देहरादून में अब तक 32,778 और नैनीताल जनपद में 16,373 कनेक्शन जुड़ चुके हैं। वहीं शेष पर्वतीय जिलों पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा और बागेश्वर में पीएनजी कनेक्शन की प्रक्रिया अभी शुरुआती दौर में है।

■ पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने दिया जवाब,कहा -सबसे अधिक हरिद्वार एवं उधम सिंह नगर में लक्ष्य अनुसार क्रमश 17,841 एवं 25,269 कनेक्शन, देहरादून में अब तक 32,778 और नैनीताल जनपद में 16,373 कनेक्शन जुड़ चुके

इसी तरह एक अन्य आतरंकित प्रश्न 1379 में उन्होंने वित्त मंत्रालय से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत जानकारी मांगी। जिसके जबाब में वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी ने सभी राज्यों का ब्यौरा रखते हुए बताया कि उत्तराखंड में अब तक 16,34,438 लोग इस योजना में पंजीकृत किए गए हैं।

## ड्रीमर्स एड्यू हब में धूमधाम से मनाया गया होली का पव

**देहरादून।** ड्रीमर्स एड्यू हब मेंष्होली के रंग, ड्रीमर्स के संग श कार्यक्रम का आयोजन किया।इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर रंगों और उमंग से भरा होली के त्यौहार को मनाने के लिए ड्रीमर्स के स्वरूप सदन में उपस्थित हुए ,कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें छात्रों ने होली से जुड़ी लोकगीतों पर नृत्य किया साथ ही रंग-बिरंगी अबीर-गुलाल की बौछार के बीच माहौल उल्लासमय हो गया। शिक्षकों और छात्रों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और फूलों से होली खेली गयी ड्रीमर्स अकादमी के निद. शक हरिओम चौधरी ने इस अवसर पर कहा, ष्होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। हम चाहते हैं कि हमारे छात्र सद्भावना और प्रेम के इन मूल्यों को हमेशा अपने जीवन में अपनाएं।ष मुख्य अतिथि के तौर पर निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा ने भी प्रांगण में उपस्थित सभी शिक्षकों, अभिभावकों और छात्र छात्राओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए उनके भविष्य में होने वाले एग्जाम के लिए उत्साह वर्धन किया कार्यक्रम में पारंपरिक मिठाइयों , और स्वादिष्ट खाने का भी आनंद लिया गया। छात्रों ने एकता और सद्भावना के इस पर्व को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ड्रीमर्स एड्यू हब की सह संस्थापिका अं. कता तनेजा ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएं दी।

# खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन 15 मार्च से : रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना और खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 मार्च से शुरू हो रहे हैं। मंगलवार को खेल मंत्री रेखा आर्या ने यह जानकारी दी।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना में 8 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों का सेलेक्शन किया जाता है। इस योजना में प्रदेश के हर जनपद से कुल मिलाकर 150 बालक -150 बालिका खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। इनमें अलग-अलग छह आयु वर्ग बनाए गए हैं और प्रत्येक आयु वर्ग में जनपदवार 25-25 बच्चों का चयन होना है।

खेल मंत्री ने बताया कि चयनित बच्चों को 1500 रू प्रति माह की दर से आर्थिक सहायता दी जाएगी। जिससे यह खिलाड़ी अपने खेल के अभ्यास को सुचारू रूप से जारी रख सके। इसके साथ ही 14 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों के लिए खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के आवे. दन भी 15 मार्च से ही शुरू हो रहे हैं।



■ बैटरी टेस्ट के जरिए किया जाएगा खिलाड़ियों का चयन

इस योजना में चयनित खिलाड़ियों को 2000 रू. प्रति माह के दर से सहायता दी जाएगी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि आवेदन 31 मार्च की शाम 5:00 तक किया जा सकता है। खिलाड़ियों का चयन उनके बैटरी टेस्ट के आधार पर किया जाएगा।

मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के लिए चयन प्रक्रिया 1 से 15 अप्रैल तक और खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के लिए चयन प्रक्रिया 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जारी रहेगी।

# यूटीयू में एक ही पोर्टल पर मिल रही सभी सुविधाएं: प्रो. ओंकार सिंह

■ डिजिटलीकरण से पारदर्शिता और गुणवत्ता को बढ़ावा मिल रहा, ऑनलाइन हो रहा मूल्यांकन, परीक्षा परिणाम में आई पारदर्शिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्व. विद्यालय (यूटीयू) ने हाल ही में अपनी शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में डिजिटलीकरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इन सुधारों का उद्देश्य विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, गुणवत्ता, और समयबद्धता को बढ़ाना है, ताकि छात्रों, शिक्षकों और अन्य हितधारकों को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

यह बात मंगलवार को यूटीयू के कुल. पति प्रो. ओंकार सिंह ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि 2022-23 सत्र से विवि ने अपनी कार्यप्रणालियों को डिजिटलीकरण के तहत एकीकृत किया है। इस पोर्टल के माध्यम से छात्रों का प्रवेश, पंजीकरण, उपस्थिति मॉनिटरिंग, परीक्षा आवेदन, मूल्यांकन, और परीक्षा परिणाम तक सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी तरीके से की जा रही हैं। यह पोर्टल वेबसाइट, मोबा. इल ऐप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए छात्रों और अभिभावकों को उनकी शैक्षणिक यात्रा से संबंधित जानकारी तुरंत उपलब्ध कराता है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने एकल खिड़की प्रवेश प्रणाली लागू की है, जिससे छात्रों को प्रवेश से लेकर सभी शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक ही पोर्टल पर सब मिल जाता है।

### परीक्षा परिणाम में त्रुटि को त्वरित सुधारा जा रहा

**देहरादून।** यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों की और से विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली के बारे में भ्रामक जानकारी फैलाने की को. शिश की जा रही है, विश्वविद्यालय ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि सभी प्रक्रियाएं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों और विश्वविद्यालय के अधिनियम के अनुरूप चल रही हैं, और इसमें किसी प्रकार की अनियमितता नहीं है। किसी भी छात्र के परीक्षा परिणाम में त्रुटि की स्थिति में, विश्वविद्यालय त्वरित सुधारात्मक कदम उठाता है। उदाहरण के लिए, एक छात्र को बैक पेपर का विवरण न मिलने पर उसका परिणाम सुधारते हुए उसे समय पर परीक्षा देने का अवसर प्रदान किया गया।

### विस्तृत डिजिटल प्रणाली और भविष्य के प्रयास

**देहरादून।** यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि डिजिटलीकरण की इस प्रक्रिया के माध्यम से विवि ने अपने कार्यों को और अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाया है। अब विवि में कोई भी कार्य जैसे कि प्रश्न पत्रों का निर्माण, मार्कशीट का वितरण, डिग्री प्रिंटिंग, मूल्यांकन, आदि सभी डिजिटल रूप से संचालित होते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत हो रही है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने यह भी निर्णय लिया है कि भविष्य में सभी परीक्षाफल पहले प्रोविजनल रूप में तैयार किए जाएंगे और संबंधित संस्थान के साथ मिलकर उनकी सत्यता जांची जाएगी। अगर कोई त्रुटि मिलती है, तो उसे तुरंत ठीक किया जाएगा

# सीएम धामी ने किया शीतलाखेत मॉडल से प्रेरित फिल्म फॉयर वॉरियरर्स का ट्रेलर लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** देहरादून के वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान में जलवायु परिवर्तन पर आयोजित सेमिनार में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शीतलाखेत मॉडल से प्रेरित एवं महेश भट्ट की निर्देशित फिल्म फॉयर वॉरियरर्स का ट्रेलर लॉन्च किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल भी मौजूद रहे।

यह फिल्म उन गुमनाम योद्धाओं को समर्पित है जो अपनी माँ वसुंधरा, देवतुल्य वनों, और असंख्य पषु-पक्षियों आदि की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी तक लगा देते हैं।

ये फिल्म एक कोशिश है ,उन योद्धाओं के संघर्ष को जानने की, उनकी कुर्बानी को समझने की। इस फिल्म का उद्देश्य वनाग्नि के प्रति समाज को जागरूक, संवेदनशील और जिम्मेदार बनाना है ,ताकि प्रहरी और रक्षक के रूप में वो एक सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस फिल्म का

■ वनाग्नि के प्रति समाज को जागरूक संवेदनशील और जिम्मेदार बनाना फिल्म का उद्देश्य : महेश भट्ट कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल रहे मौजूद

निर्माण स्टार फॉर्चून प्रोडक्शन के तहत रियलिटी फिल्मस् के द्वारा किया गया है जिसका निर्देशन महेश भट्ट ने किया है, विचार एंव कहानी टी.आर.बीजू लाल, गीत ऋतुराज, गायक टी.आर.बीजू लाल, छायांकन मनोज सती, सम्पादन आयुश्मान, प्रोडकशन संजय मैठाणी, । इस फिल्म की अवधि 40 मिनट है एवं इस फिल्म में नैनीताल के कलाकार राजेश आर्य, मनोज शाह, पवन आर्य, देवेन्द्र बिष्ट, शम्भू दत्त साहिल, नीलम वर्मा, हर्षिता कोहली, देवेन्द्र रावत और मुकेश दस्माना ने अभिनय किया है।

# किसके संरक्षण में ठगी कर रहा पीसी उपाध्याय: दसौनी

## ठगी के मामले उजागर होने से उत्तराखंड की व्यापक स्तर पर किरकिरी हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के एक पूर्व ओएसडी और उसके गैंग पर दून में दर्ज हुए आठवें केस पर उत्तराखंड कांग्रेस की नेत्री गरिमा मेहरा दसौनी ने राज्य सरकार को आढ़े हाथों लिया है। दसौनी ने कहा कि पीसी उपाध्याय, सौरभ वत्स गैंग के खिलाफ देहरादून में ठगी का आठवां केस दर्ज हुआ है। पिछले साल इस गैंग के खिलाफ सात मुकदमे दर्ज हुए थे। मामले में सौरभ वत्स और पीसी उपाध्याय पूर्व में गिरफ्तार भी किए जा चुके हैं। गरिमा ने कहा कि आखिर पीसी उपाध्याय और उसके साथियों को किसका संरक्षण प्राप्त है और किसके इशारे पर उन्होंने इतने बड़े खेल को अंजाम दे दिया?

दसौनी के अनुसार सवाल यह भी उठना लाजिमी है की एक के बाद एक पीसी उपाध्याय साथियों के साथ मिलकर बड़ी-बड़ी ठगी करता रहा और शासन प्रशासन खामोश बना रहा? गरिमा ने कहा कि अमूमन देश भर के अध्ययन से यह पता चलता है कि जिस भी राज्य का मुखिया भ्रष्ट हो उसी के अधीन अधिकारी भी भ्रष्टाचार में लिप्त होते हैं और यदि मुखिया की प्राथमिकता भ्रष्टाचार रहित शासन हो तो उसके अधिकारी भ्रष्टाचार करने की बात सपने में भी नहीं सोच सकते।

दसोनी ने कहा कि हो ना हो पीसी उपाध्याय के पीछे निश्चित रूप से सफेद पोशों का हाथ है। दसौनी ने कहा कि पीसी उपाध्याय की संलिप्तता वाले सभी ठगी के मामले उजागर होने से उत्तराखंड राज्य की व्यापक स्तर पर किरकिरी हुई है और समाज में इसका बहुत गलत संदेश गया है।

गरिमा ने कहा कि यह कोई छोटी बात नहीं है कि किसी राज्य के मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी और उसके गैंग के खिलाफ टेंडर दिलाने के झांसे में ठगी करने को लेकर आठ मुकदमें दर्ज किए गए हो। जिसमें दिल्ली के कारोबारी से 70 लाख रुपये की ठगी के मामले में सोमवार को यह केस दर्ज किया गया है। दसौनी ने बताया कि यह गैंग कई राज्यों के कारोबारियों से करोड़ों रुपये की ठगी कर चुका है। हतप्रभ करने वाली बात तो यह है आरोपियों में एक दिल्ली पुलिस का एएसआई भी शामिल है।

■ आरोपियों में एक दिल्ली पुलिस का एएसआई भी शामिल पूरे मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए

दसौनी ने कहा कि माणिक खुल्लर निवासी जोर बाग, नई दिल्ली की शिकायत पर शहर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। गरिमा ने कहा कि टेंडर दिलाने के नाम पर आरोपी पीसी उपाध्याय ने पीड़ित के साथ सचिवालय में बैठके की। टेंडर देने के लिए कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए। इस टेंडर के नाम पर मार्च 2023 में कुल 48 लाख रुपये ले लिए गए। टेंडर मिलने में देरी हुई तो आरो. पियों ने एक और टेंडर का लालच दिया। जिसमें सोलर स्ट्रीट लाइट सप्लाई का झांसा दिया। पीड़ित का आरोप है कि गैंग ने उनसे कुल 70 लाख रुपये की ठगी की।

गरिमा ने कहा कि भले ही इस मामले में संलिप्त सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है पर हम मांग करते हैं कि पूरे मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए, यह वाकया राज्य की कानून व्यवस्था और राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह है? और बताता है की जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली भाजपा सरकार में जीरो टॉलरेंस की आड़ में राज्य के अंदर कितने बड़े बड़े कारनामों को अंजाम दिया जा रहा है।

# प्रदेश के 23 हजार लोगों ने दी टीबी को मात: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रदेश में 11,321 नि:क्षय मित्रों ने संकटमोचक बनकर टीबी मरीजों की सहायता की। इनकी मदद से सूबे में 23565 लोग टीबी को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं। प्रदेश में टीबी उन्मूलन को लेकर सरकार युद्ध स्तर पर काम रही है, यही कारण है कि वर्ष 2024 में टीबी रोगियों को चिन्हित करने हेतु भारत सरकार द्वारा दिये लक्ष्य से अधिक राज्य में टीबी मरीजों को खोजा गया।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में टीबी उन्मूलन के लिये प्रतिबद्ध है और सरकार द्वारा लगातार टीबी उन्मूलन की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड को टीबी मुक्त करने के उद्देश्य से प्रदेश के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सामुदायिक सहयोग लेकर लगातार अभियान चलाये जा रहे हैं। टीबी मुक्त उत्तराखंड के लिये अबतक 11,321 लोगों ने नि:क्षय मित्र बनकर 24,359 चिन्हित टीबी मरीजों को गोद लिया है। इनमें से दिसम्बर 2024 तक 23,565 लोग बीमारी को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं। जिसमें अल्मोड़ा जनपद में 701, बागेश्वर 353, चमोली 602, चम्पावत 345, देहरादून 4834, हरिद्वार 6248, नैनीताल 2577, पौड़ी 1001, पिथौरागढ़ 571, रूद्रप्रयाग 427, टिहरी 724, यूएस नगर 4450 तथा उत्तरकाशी में 732 मरीज शामिल हैं, जोकि राज्य के लिये बड़ी उपलब्धि है।



■ 11 हजार नि:क्षय मित्र बने टीबी मरीजों के संकटमोचक, कहा- प्रदेशभर में 29 हजार टीबी मरीज किए गए चिन्हित

डॉ. रावत ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2024 हेतु भारत सरकार द्वारा प्रदेश में 28,000 टीबी मरीजों के चिन्हिकरण का लक्ष्य दिया गया था। जिसके सापेक्ष प्रदेश में 29,319 टीबी मरीजों का चिन्हिकरण किया गया, जो लक्ष्य से काफी ज्यादा है। इसी प्रकार विभागीय प्रयासों और सामुदायिक सहभागिता के चलते प्रदेश में टीबी मरीजों की उपचार सफलता दर 90 प्रतिशत प्राप्त की गई। विभागीय मंत्री ने बताया कि टीबी मुक्त अभियान के तहत वर्ष 2024 में सर्वाधिक 28,523 टीबी मरीजों की एचआईवी जांच तथा 28076 मरीजों की मधुमेह जांच भी की गई। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी चिकित्सा इकाईयों में टीबी जांच एवं उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। जिसमें ब्लॉक स्तर पर राज्य में 95 टीबी यूनिट तथा 157 जांच केन्द्र क्रियाशील हैं। इसके अलावा 115 ट्रूनॉट व 16 सीबीनॉट जांच सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

डॉ. रावत ने बताया कि टीबी उन्मूलन के लिये भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 में प्रदेश की 1424 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत प्रमाणित किया है। जबकि वर्ष 2024 में राज्य की 2077 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत घोषित किये जाने हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है।

### टीबी उन्मूलन को 100 दिन का विशेष अभियान

देहरादून।स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि क्षय रोग उन्मूलन के तहत राज्य के आठ जनपदों में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ 7 दिसम्बर 2024 को माननीय राज्यपाल द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान का मकसद अधिक से अधिक संख्या में टीबी मरीजों को चिन्हित करना है। अभियान के तहत अबतक 4.4 लाख लोगों की टीबी जांच की गई। जिसमें से 48,000 लोगों का एक्स-रे परीक्षण किया गया। डॉ. रावत ने बताया कि इस अभियान में अबतक 3,183 लोगों में टीबी की पुष्टि की गई, जिन्हें उपचार दिया जा रहा है।

# भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने सीएम धामी से की मुलाकात

■ जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का लिया संकल्प सीएम से सहयोग की उम्मीद जताई, संगठन को मजबूत करने का वादा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष उदय रावत ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पार्टी के संगठन के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।



मंगलवार को जिलाध्यक्ष उदय रावत ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की और अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उनका हार्दिक आभार जताया। मुख्यमंत्री ने उदय रावत को अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि सरकार और संगठन के बेहतर तालमेल से जनहित के कार्यों को जमीन पर उतारने में मदद मिलेगी। साथ ही, उन्होंने जिले के विकास और संगठन को आगे बढ़ाने में हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष उदय रावत ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष विजय कठैत, जाखणीधार की ब्लॉक प्रशासक सुनीता देवी, पूर्व प्रमुख जगदंबा रतूड़ी, परमवीर पंवार, विमला खणका, विक्रम गुसाईं, विनोद सुयाल सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## 18 मार्च को आयोजित होगी विकसित भारत युवा संसद

**.गोपेश्वर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में 18 मार्च को विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमपी नगवाल ने बताया कि युवाओं में संसदीय प्रक्रिया की जानकारी विकसित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के युवा कल्याण मंत्रालय द्वारा उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ रचना टम्टा एवं नेहरू युवा अधिकारी राहुल डबराल ने बताया कि 18 से 25 वर्ष के युवा माई भारत पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर युवा संसद में प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विकसित भारत विषय पर युवाओं को एक मिनट का वीडियो बनाकर माई भारत पोर्टल पर अपलोड करना है और पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 मार्च तक रखी गई।

# बिजली निजीकरण और स्मार्ट मीटर के खिलाफ माकपा का प्रदर्शन

■ ऊर्जा निगम कार्यालय पर धरना देकर सौंपा ज्ञापन, जनविरोधी नीति के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** बिजली के निजीकरण और स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने राज्यव्यापी आह्वान के तहत नई टिहरी में ऊर्जा निगम के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद पार्टी प्रतिनिधियों ने ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

धरने के दौरान माकपा नेताओं ने स्मार्ट मीटर और बिजली के निजीकरण को जनविरोधी नीति करार देते हुए कहा कि यह सरकार द्वारा चोर दरवाजे से निजीकरण को बढ़ावा देने की साजिश है, जिससे गरीब जनता, किसानों और मजदूरों को सीधा नुकसान होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता को छलने का काम कर रही है। उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह पहले कुछ कंपनियों ने मुफ्त सिम और मोबाइल बांटे थे और बाद में महंगे टैरिफ वसूले, उसी तरह अब बिजली क्षेत्र में भी जनता पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है।

माकपा ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह बिजली और संचार क्षेत्र में रिलायंस, अडानी और टाटा समूह को मजबूत करने की मंशा रखती है और इसके लिए जनता से महंगे स्मार्ट मीटरों की कीमत वसूली जा रही है। पार्टी ने चेतावनी दी कि अगर बिजली के निजीकरण को तत्काल रोका नहीं गया, तो वह जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी।

इस प्रदर्शन में माकपा के जिला सचिव भगवान सिंह राणा, जय सिंह राणा, कृपा सिंह कठैत, सफर सिंह नेगी, जबर सिंह नेगी, श्रीपाल चौहान, अजमल, नत्थी सिंह कठैत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टीएचडीसीआईएल और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल) ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) और छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर जशपुर जिले के डांगरी में 1400 मेगावाट पंप स्टोरेज आधारित हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता रायपुर में आयोजित एक समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई और मुख्य सचिव अमिताभ जैन की उपस्थिति में हुआ।



टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर. के. विश्नोई ने कहा कि कंपनी देश को स्वच्छ, किफायती और सतत ऊर्जा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पंप स्टोरेज परियोजनाएं नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को संतुलित करने, ग्रिड स्थिरता सुनिश्चित करने और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने में अहम भूमिका निभाती हैं। यह साझेदारी नवीकरणीय ऊर्जा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और भारत की स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि डांगरी परियोजना स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी। यह परियोजना टीएचडीसीआईएल के नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो के विस्तार और भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

समझौते पर छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से मुख्य सचिव (ऊर्जा) सुबोध कुमार सिंह, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड की ओर से प्रबंध निदेशक संजीव कुमार कात्यार और टीएचडीसीआईएल की ओर से निदेशक (तकनीकी) भूपेंद्र गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार और टीएचडीसीआईएल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

टीएचडीसीआईएल के निदेशक (तकनीकी) भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि कंपनी देशभर में पंप स्टोरेज परियोजनाओं का विकास कर रही है और यह परियोजना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने बताया कि पंप स्टोरेज तकनीक ऊर्जा भंडारण और बिजली मांग प्रबंधन का एक प्रभावी समाधान है, जिससे अधिशेष बिजली का कुशल उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। टीएचडीसीआईएल इस परियोजना को उच्चतम तकनीकी मानकों और उत्कृष्ट इंजीनियरिंग कौशल के साथ पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## होली पर्व पर इस बार गोला बाजार में नहीं सजेगी दुकाने

**श्रीनगर।** त्योहारों पर गोला बाजार में लगनी वाली दुकाने आवंटित नहीं की गई है। इस बार दुकानें आवंटित न होने से दुकानदारों ने अपने दुकानों के बाहर ही दुकाने लगाना शुरू कर दिया है। नगर निगम द्वारा गोला बाजार में दुकानें आवंटित करने से अच्छी आमदनी होती थी। बताते चले की प्रत्येक वर्ष त्योहारों पर नगर निगम द्वारा गोला पार्क में लगभग एक दर्जन दुकानों का आवंटन किया जाता था। यहां दुकान लगाने के लिए व्यापारियों द्वारा निगम की बोली प्रक्रिया से दुकान लेनी पड़ती थी। एक सप्ताह या फिर चार-पांच दिन के लिए एक दुकान से कम से कम दस से बीस हजार तक किराया निगम वसूलता था। गोला बाजार में दुकानें लगने से जहां एक ही स्थान पर त्योहारी सीजन का सामान ग्राहकों को उपलब्ध हो जाता था।

## एक नजर .......

### टहरी झील से प्रभावितों को मिले मुआवजा, डीएम को लिखा पत्र

**उत्तरकाशी:** टिहरी बांध से चिन्यालीसौड़ अन्तर्गत हो रहें नुकसान की भरपाई की मांग को लेकर भाजपा नेता मुखर हो गये है।भाजपा निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष डॉ विजय बडोनी और विकासखंड डुंडा के प्रशासक शैलेंद्र कोहली ने जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट को टिहरी बांध झील से हो रहे नुकसान का मुआवजा देने की मांग की । इधर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुनर्वास निदेशक टिहरी को पत्र लिखा है।उन्होंने बताया कि चिन्यालीसौड़ में भी टिहरी बांध झील से विकासखंड व आसपास के भवनों व विकासखंड को आने वाले मोटर मार्ग पर दरारें आ गई है।प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि देवीसौड़ पुल, पटवारी चौकी, देवी सौड़ प्राइमरी स्कूल के साथ साथ ब्लॉक भवन का सर्वे नहीं हुआ है जिस कारण मजबूरी में खतरे से भरे इन भवनों में विद्यालय,पटवारी चौकी काम कर रही है।जिलाधिकारी ने पुनर्वास निदेशक टिहरी को पत्र लिखकर समस्या के समाधान की बात कही साथ ही विकासखंड चिनियालीसौर के कार्यालय हेतु जल्दी ही जमीन का चयन कर वहां भवन निर्माण करने की बात कही।

### विधानसभा अध्यक्ष पर पक्षपात का आरोप, कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई टिहरी।** कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विधानसभा अध्यक्ष को निष्पक्ष रहना चाहिए, लेकिन उन्होंने सदन में पहाड़ियों के खिलाफ कथित अपशब्द कहने वाले मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल पर कार्रवाई करने के बजाय, इसका विरोध करने वाले कांग्रेस विधायक को ही सदन से बाहर कर दिया। मंगलवार को महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बौराड़ी स्थित साईं चौक पर प्रदर्शन किया और विधानसभा अध्यक्ष का पुतला दहन कर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रही है, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा अध्यक्ष अपने पद का दुरुपयोग कर रही हैं, जबकि उत्तराखंड आंदोलनकारियों के संघर्ष से बना है, जिसे भाजपा के लोग अपमानित कर रहे हैं। इस मौके पर कांग्रेस बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ममता उनियाल, जिला उपाध्यक्ष सुषमा दुमोगा, ब्लॉक अध्यक्ष प्यारी नेगी, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी नेगी, जिला सचिव अनीता शाह, माहेश्वरी तिवाड़ी, भरोसी डोभाल, पूर्व दायित्वधारी मुशर्रफ अली, देवेंद्र नौडियाल और जमीर अहमद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लिखवारगांव में चोरों ने बंद घर को बनाया निशाना

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र के पट्टी भदूरा स्थित लिखवारगांव में अज्ञात चोरों ने बीती रात एक बंद घर को निशाना बनाकर तीन कमरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलने पर थाना लंबगांव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। ग्राम प्रशासक चंद्रशेखर पैन्यूली ने बताया कि सोमवार रात अज्ञात चोरों ने गांव में घुसकर जगतंबा प्रसाद पैन्यूली के घर के तीन कमरों के ताले तोड़ दिए। घर के मालिक और उनका परिवार गांव में नहीं रहता, जिससे चोरी की घटना का तत्काल पता नहीं चल पाया। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे जब पड़ोसियों ने घर के ताले टूटे देखे, तो उन्होंने तुरंत ग्राम प्रशासक को सूचित किया। इसके बाद थाना लंबगांव पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घर का निरीक्षण किया। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र रौतेला ने बताया कि घर में क्या-क्या चोरी हुआ है, इसका पता लगाया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों से अपील की है कि गांव में किसी भी अनजान या बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर नजर रखें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### चिन्यालीसौड़ ब्लॉक में खुरपका वैक्सीनेशन अभियान का हुआ शुभारंभ

**उत्तरकाशी:** विकासखंड चिन्यालीसौड़ के विभिन्न राजकीय पशु चिकित्सालयों में फुट एंड माउथ डिजीज वैक्सीनेशन अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। बुधवार को विकासखंड चिन्यालीसौड़ के राजकीय पशु चिकित्सालय छैजुला में ग्राम प्रधान राजकुमारी देवी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने पशुपालकों से अपील की कि वे अपने पशुओं को अनिवार्य रूप से टीका लगवाएं, जिससे खुरपका-मुंहपका जैसी गंभीर बीमारी से पशुओं की रक्षा की जा सके। वहीं बनचौरा में ग्राम प्रधान अतोल सिंह रावत एवं श्रीकोट में ग्राम सभा कैन्थोगी के प्रधान सूरज कुमार ने टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे, जिनमें पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजली राणा, पशु चिकित्सा फार्मेसी अधिकारी धनीलाल शाह, दीपचंद्र चौबे, श्रीमती रेणू कुकरेती, पशुधन प्रसार अधिकारी मनोज सिंह, सुरेश बौध, वैक्सीनेटर लक्ष्मण सिंह मटूड़ा, पशुधन सहायक राधे श्याम, राहुल नेगी, सुभाष सहित पशु सखी भीमती नीलम देवी, वृंदा देवी, सुलोचना देवी आदि शामिल रहे।

### पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने जंगली जानवरों द्वारा किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने पर जताई चिंता

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार के भाबर क्षेत्र में हाथियों व अन्य जंगली जानवरों द्वारा किसानों की फसलों को पहुंचाए जा रहे नुकसान पर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने चिंता जताई है। इस संबध में उन्होंने वन मंत्री सुबोध उनियाल से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। मंत्री ने पूर्व मंत्री को इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ता प्रमोद रावत ने बताया कि इस संबध में पूर्व मंत्री ने प्रदेश सरकार के वन मंत्री सुबोध उनियाल से वार्ता करते हुए उन्हें अवगत कराया कि भाबर क्षेत्र के सिगड्डी, झंडीचौड़, खूनीबड़, नंदपुर, कलालघाटी और शिवपुर आदि इलाकों में वर्तमान में हाथी और अन्य जंगली जानवर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### कैरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने आयोजित की कार्यशाला

**कोटद्वार ।** डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कर्नल रंजीत सिंह पंवार ने छात्रों को सेना में कैरियर बनाने पर जानकारी दी। कार्यशाला प्रारंभ करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी ने कहा कि सेना देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। छात्र- छात्रा सेना में कैरियर बनाकर देश की सेवा कर सकते हैं। मुख्य वक्ता कर्नल रंजीत सिंह पंवार ने कहा कि सेना में सेवा का अर्थ देश सेवा है। सेना की नौकरी, शारीरिक और मानसिक दृढ़ता का परिचायक है। छात्र छात्राएं अपनी अभिलाषा और योग्यता के अनुसार 27 वर्ष तक रक्षा सेवाओं में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## माधव जोशी बने केमिस्ट्री एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** केमिस्ट्री एसोसिएशन के माधव जोशी अध्यक्ष और महामंत्री संजीव चौहान मनोनीत किया गया है।

जिला मुख्यालय में आयोजित बैठक में केमिस्ट्री एसोसिएशन जिला इकाई उत्तरकाशी गंगा वैली तथा यमुना वैली के चुनाव संपन्न होने के बाद जिले के चुनाव संपन्न करवाये गये। जिसमें पहले जिला उत्तरकाशी की गंगा वैली के चुनाव सर्वसम्मती से अध्यक्ष पद पर मनोज भंडारी.. उपाध्यक्ष पद पर सुशील भट्ट सचिव पद पर नवीन कुड़ियाल कोषाध्यक्ष पद पर रमेश भट्ट को चुना गया । उधर यमुना वैली से अध्यक्ष शैलेन्द्र रतूड़ी सचिव नरेश अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष पद पर मनवीर चौहान को चुना गया। जिले के चुनाव उत्तरांचल औसधी व्यवसाई महासंघ की गाइड लाइन के अनुसार दोनों यूनिट के अध्यक्ष ,सचिव ,कोषाध्यक्ष ने वोट किया जिसमें सर्वसम्मती से माधव जोशी अध्यक्ष पद पर सुशील भट्ट उपाध्यक्ष संजीव चौहान महामंत्री पद पर तथा शैलेन्द्र रतूड़ी कोषाध्यक्ष पद पर चुने गये। संरक्षक मण्डल में हरी सिंह राणा ,महावीर कुड़ियाल,संगठन मंत्री विष्णु पाल रावत, अजय पूरी व सुरेश भट्ट आनंद सिंह पंवार संगठन मंत्री चुने गये है। वहीं नई टिहरी के अध्यक्ष चन्दर अरोड़ा को उत्तराखंड केमिस्ट एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी महेश पंत द्वारा प्रवेक्षक के रूप मैं सभी चुनाव सम्पन्न करवाया गया।इस मौके पर आनंद सिंह पंवार, सुशील भट्ट सुरेश रतूड़ी, अरविन्द अवस्थी ,बृजेश बधानी , मनीष राणा ,सुरेश भट्ट , मनोज भंडारी, सुरजीत, आलेन्दर बिष्ट, नितिन रमेश, मनवीर भगवान, शैलेन्द्र ,नवीन ,अवधेश, मुकेश ,धनंजय सेमवाल आदि शामिल रहें।

## ग्रामीण उद्यम विकास को बढ़ावा देने पर जोर

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कलेक्ट्रेट सभागार में ग्रामीण उद्यम त्वरण परियोजना की बैठक में विभिन्न विकासखंडों के उद्यमियों, असिस्टेंट मैनेजर, वित्त विभाग, सेल्स एंड मार्केटिंग टीम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक और खंड विकास अधिकारियों के साथ चर्चा की।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों और पीडी डीआरडीए को प्रत्येक विकासखंड में दो-दो उत्पाद क्षेत्रों को और विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकासखंड कीर्तिनगर में रोजमेरी और डेंडिलियन की खेती को बढ़ावा देने, चंबा में फूलों की खेती को प्रोत्साहित करने, जबकि प्रतापनगर और थौलधार में कीवी की खेती को विस्तार देने के निर्देश दिए।

# विधायक भूपाल राम टम्टा ने पत्रकारों के साथ मनाई होली, रंगों के त्योहार की दी बधाईयां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** विधानसभा क्षेत्र थराली के विधायक भूपाल राम टम्टा ने कहा कि कहा कि वें अपने विधायकी के तीन सालों के कार्यकाल से पूर्ण रूप से संतुष्ट हैं, मंगलवार को थराली के अलकनंदा भूमि संरक्षण वन प्रभाग के डाक बंगले में होली मिलन कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उक्त बातें कही।

विधायक ने डाक-बंगले में बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें विधायक के रूप में कार्य करते हुए तीन वर्षों पूरे हो गए हैं इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में 45 नई सड़कों,14 मोटर एवं झूला पुलों के निर्माण की स्वीकृति दिलवाने में सफलता हासिल की,इस तरह पीएमजीएसवाई के फेज फोर्त में 41 सड़कों का चयन किया गया हैं, और उनका प्रयास हैं कि 10 और सड़कों को इसमें सम्मिलित किया जाए, नाबार्ड के तहत 30 नई सड़कों का निर्माण होना हैं। यही नही बहुप्रतीक्षित थराली -घाट मोटर सड़क पर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार से जल्द स्वीकृति मिल सकती हैं। बताया कि नंदप्रयाग से नंदानगर की सड़क की कायाकल्प करने के लिए सीआरएफ से 34 करोड़ रुपए स्वीकृत करवाने में उन्होंने सफलता मिली है।इसके अलावा थराली एवं नंदानगर में उपजिला चिकित्सा की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से घोषणा करवाने में भी वें सफल रहे हैं। इसके अलावा सीएम घोषणा के तहत कुलसारी में हैलीपेड बन गया हैं, जबकि वांण में निर्णय की प्रक्रिया गतिमान है। कहा कि इसके अलावा कोई अन्य जन-उपयोगी कार्यों को करवाने में भी वें सफल रहे।

विधायक ने कहा यह इत्तफाक हैं कि 12 वर्षो के लंबे समयांतराल में श्री नंदादेवी राजजात यात्रा 2026 में प्रस्तावित है, और 25 में से 20 पड़ाव थराली विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ते हैं। उनकी अपील पर अब तक पड़ावों एवं पड़ावों के आसपास के क्षेत्रों से करीब 1500 प्रस्ताव जिला प्रशासन को प्राप्त हो चुके हैं,जिन पर जल्द से जल्द निर्णय लिए जाएंगे।हिमालई महाकुंभ के नाम से विख्यात नंदा राजजात यात्रा को सफल बनाने के लिए विधायक ने सभी से मिलजुल कर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया ।

## मदननेगी में केंद्रीय विद्यालय संचालन की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर के पूर्व विधायक विजय सिंह पंवार के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने मंगलवार को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित से मुलाकात कर मदननेगी में इसी शैक्षणिक सत्र से केंद्रीय विद्यालय का संचालन शुरू कराने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि क्षेत्र के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय विद्यालय का संचालन जल्द से जल्द शुरू किया जाए। इस पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि विद्यालय संचालन के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।इस मौके पर राजू नेगी, पूर्व प्रमुख मस्ता नेगी, रमेश रतूड़ी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शिव सिंह बिष्ट, धर्मवीर, विकास, अरविंद खरोला, विजेंद्र रावत, सुरेंद्र न्यूली, गिरीश, भगवान सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# जीपीएस नवीनीकरण की व्यवस्था समाप्त किए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** पर्वतीय टैक्सी/मैक्सी महासंघ उत्तराखंड के वाहन स्वामियों ने सरकार के द्वारा परिवहन से सम्बंधित नये-नये नियम थोपे जाने पर रोष व्यक्त किया है। मंगलवार को उपजिलाधिकारी श्रीनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में पर्वतीय टैक्सी/मैक्सी महासंघ के अध्यक्ष विरेंद्र सिंह रावत, सचिव महावीर बहुगुणा, संरक्षण भूपेंद्र सिंह कठैत और देवेंद्र मिश्रा ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में परिवहन व्यवसाय ही एक मात्र आय का साधन है, लेकिन सरकार समय-समय पर परिवहन सम्बंधित नये-नये कानून लागू करने के साथ ही अत्याधिक पेपर शुल्क बढाये जा रहा है। जिससे वाहन स्वामियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से पंद्रह साल पुराने वाहनों की फिटनेस में की गई वृद्धि को पूर्व की तरह यथावत रखने, उत्तराखंड के वाहनों को ग्रीन कार्ड एवं ट्रिप कार्ड अनिवार्यता से मुक्त रखे जाने, जीपीएस नवीनीकरण की व्यवस्था समाप्त किए जाने और अन्य प्रदेशों के वाहनों पर उत्तराखंड से यात्रा पर जाने वाहनों को प्रतिबंध लगाये जाने की मांग की। कहा कि यदि जल्द मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं कि तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



■ वाहन स्वामियों ने नये-नये नियम लागू करने पर जताया रोष

## भोला लाल बने बसपा के टिहरी जिलाध्यक्ष

**नई टिहरी।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के आदेश पर भोला लाल को टिहरी जिले का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बसपा के प्रभारी प्रदेश कार्यालय धर्म सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि भोला लाल अपने कार्यों के माध्यम से जिले में पार्टी को और अधिक सक्रिय और सशक्त बनाएंगे। नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति पर बसपा के प्रदेश सचिव सुशील पांडे समेत कई कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका स्वागत माला पहनाकर किया।

# जिलाधिकारी पौड़ी ने बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय पहुंचकर मनाई होली, बांटे उपहार

■ विशेष भोज की व्यवस्था के लिए बच्चों ने जिलाधिकारी को कहा शुक्रिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार के हल्दूखाता स्थित बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय में आयोजित बोक्सा जनजाति के बच्चों के होली मिलन समारोह में जिलाधिकारी डॉ आशीष चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को विशेष भोज करने के साथ ही उपहार भेंट कर होली की बधाई दी।

मंगलवार को पीएम जनमन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होली मिलन समारोह में जिलाधिकारी को अपने बीच पाकर बच्चों ने खुशी जाहिर की। बच्चों ने जिलाधिकारी को होली के रंगों से तिलक लगाकर स्वागत किया, साथ ही बच्चों के लिए किए गए विशेष भोज प्रबंध हेतु बच्चों ने जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया ।कार्यक्रम में उपस्थित तीन सौ से अधिक बच्चों को होली की बधाई देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहने पाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चा प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च स्तरीय शिक्षा का हकदार है। हर बच्चा पढ़ लिख कर अपनी इच्छा के मुताबिक जीवन स्तर को बेहतर बना सके, इस हेतु बच्चों के भविष्य को लेकर निरंतर काउंसलिंग की आवश्यकता है। उन्होंने उप जिलाधिकारी कोटद्वार को निर्देश दिए कि बोक्सा समुदाय के बच्चों को शिक्षण क्षेत्र में आने वाली किसी भी संभावित रुकावट को दूर करने व कैरियर काउंसिलिंग के लिए क्षेत्रीय अधिकारियों को काउंसलर के तौर पर दायित्व आवंटित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि शिक्षा हमें पारखी बनाती है, इससे हम अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने के साथ-साथ प्रदेश व देश की तरक्की के लिए नए-नए विकल्पों को तलाश सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि समाज व विकास की मूल धारा से पीछे जा चुके हमारे बच्चों को मुख्य धारा में वापस लाने के लिए देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बच्चों को आश्वस्त किया कि उनके लिए शिक्षण क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या आड़े नहीं आने दी जाएगी। कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी बोक्सा जनजाति समुदाय के बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देकर इस पीढ़ी के बच्चों के सुनहरे भविष्य के निर्धारण में अपनी भूमिका अदा कर सकते हैं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कोटद्वार सोहन सैनी, खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अमित कुमार चंद, बोक्सा समुदाय की प्रतिनिधि प्रभा, प्रतिनिधि विधानसभा अध्यक्ष मणीराम शर्मा, अनिल बहुगुणा सहित तीन सौ से अधिक बच्चे व क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# गढ़वाल विवि के छात्रावास अधीक्षकों में हुआ फेरबदल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के नवनियुक्त मुख्य छात्रावास अधीक्षक प्रो. वाईएस फर्सवाण की संस्तुति एवं कुलपति के अनुमोदन के बाद विवि के बिड़ला, बीजीआर पौड़ी और बादशाहीथौल तीनों परिसरों के नए छात्रावास अधीक्षकों का जिम्मेदारी सौंपी गयी। कुलसचिव के ओर से जारी आदेश के अनुसार डा. सुरेंद्र सिंह बिष्ट को उप छात्रावास अधीक्षक नियुक्त किया गया है। डा. अरूण गोयल को श्रीदेव सुमन, डा. प्रशांत आर्य को स्वामी विवेकानंद, डा. नितिन बिष्ट को बाबू जगजीवन, डा. चंद्रशेखर जोशी को त्रिशुल छात्रावास, डा. दिनेश कुमार को चौखम्बा, डा. किरनबाला नौटियाल को अलकनंदा छात्रावास, डा. मोना सेमल्टी को गंगा हाईयर स्टडीज और नंदा देवी शोध छात्रावास, डा. सरला सकलानी को सरस्वती छात्रावास, डा. जोतशना सोनल को मंदागिनी छात्रावास, डा. स्वेता वर्मा को यमुना छात्रावास और डा. बबिता राणा को भागीरथी छात्रावास का अधीक्षक बनाया गया है। वहीं बीजीआर पौड़ी से डा. धर्मेंद्र कुमार और डा. सरिता को छात्रावास अधीक्षक बनाया गया है। बादशाहीथौल टिहरी में डा. विशाल, डा. प्रेम बहादुर और डा. मुस्कान कपूर को छात्रावास अधीक्षक नियुक्त किया है।

# होली के त्यौहार में सावधानी बरतने की जरूरत : पुण्डीर

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रप्रयाग।** होली के त्यौहार को देखते हुए आपसी सोहार्द एवं भाई चारा बनाये रखने को लेकर पुलिस ने थाना अगस्त्यमुनि में सामुदायिक सम्पर्क समूह (सीएलजी) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, स्थानीय व्यापारियों, आम जनमानस एवं टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

सीओ रुद्रप्रयाग विकास पुण्डीर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आम जनमानस से अपील की गई कि रंगों के त्यौहार को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं। रमजान के पवित्र माह में मुस्लिम भाईयों के रोजे भी चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों त्यौहारों को देखते हुए अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने अनावश्यक अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील भी की। साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र में अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों को हटाने के निर्देश दिए, जिससे नगर क्षेत्र में जाम की स्थिति न होने पाए। बैठक में मौजूद वरिष्ठ नागरिक श्रीनन्द जमलोकी ने कहा कि सीएलजी की बैठक में समस्याओं पर चर्चा के साथ ही उसके निदान के लिए क्या कार्यवाही हुई, इसे अगली बैठक में लाया जाना चाहिए। तभी इस समूह की सार्थकता बनी रहेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुंवर सजवाण ने क्षेत्र में नशे की बढ़ती प्रवृति पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। व्यापार संघ अध्यक्ष त्रिभुवन नेगी ने नगर क्षेत्र में नाबालिक बच्चों द्वारा तेज रफ्तार बाइक चलाने पर रोक लगाने की मांग की। नपं सभासद उमा कैन्तुरा ने केन्द्रीय विद्यालय वाले मार्ग पर छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वहां खड़े वाहनों को हटाने की मांग की। नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि नगर क्षेत्र अगस्त्यमुनि हमेशा ही सामाजिक सौहार्द का प्रतीक रहा है। यहां सभी त्यौहार आपसी भाई चारे एवं सौहार्दपूर्ण ढ़ंग से मनाये जाते हैं। पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष मोहन रौतेला ने कहा कि आगामी यात्रा काल को देखते हुए अगस्त्यमुनि नगर क्षेत्र में जाम लगने वाले विभिन्न स्थानों को चिह्नित करते हुए वहां से अनावश्यक वाहनों को हटाने की प्रक्रिया अभी से प्रारम्भ की जाए। विशेषकर बैंकों, स्कूलों, शराब के ठेकों, मुख्य स्टेशन के पास जाम लगने की सम्भावना रहती है। थानाध्यक्ष महेश रावत ने कहा कि हमें सभी को त्यौहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाना है। कहा कि अपने परिवार के सदस्यों और बच्चों को वाहन संचालन सही ढंग से चलाने, नशे से दूर रहने व होली के त्यौहार को भाईचारे के साथ मनाने की पहल करें। पुलिस द्वारा भी पर्व के अवसर पर शान्ति व्यवस्था बनाये जाने को लेकर लगातार गस्त की जाती रहेगी। इस अवसर पर सभासद विक्की सजवाण, पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष नवीन बिष्ट, टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष विवेक बुटोला, रोहित रावत, पूर्वप्रधान कुंवर लाल आर्य, भूरा खान, नबाब कुरैशी, साहित कुरैशी, सेवा निवृत प्रधानाचार्य विजय बैरवाण आदि सहित थाना अगस्त्यमुनि के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने किए ओंकारेश्वर मंदिर के दर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रप्रयाग।** प्रदेश के रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने केदारनाथ धाम के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर के दर्शन किए। उनके साथ केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल सहित अन्य भाजपा नेता भी दर्शन को पहुंचे। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति मीडिया प्रभारी डॉ हरीश गौड़ ने बताया कि कि मंदिर समिति की ओर से प्रभारी अधिकारी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान ने उनका स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर महत्त्वपूर्ण कदम उठाये गए हैं। भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शीतकालीन यात्रा का शंखनाद किया। ओंकारेश्वर मंदिर विवाह स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता सुमंत तिवारी, शैलेन्द्र कोटवाल, खुशाल सिंह, गुप्तकाशी नगर पंचायत अध्यक्ष विशेश्वरी देवी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डीएस भुजवाण, पुजारी शिवशंकर लिंग, पुजारी बागेश लिंग, वेदपाठी यशोधर मैठाणी, सत्य प्रकाश, विजय प्रकाश, कुलदीप धर्म्वाण, ललित त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

# पशुओं की देखरेख को लेकर पशुपालकों को होना होगा जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रप्रयाग।** कैबिनेट मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने खुरपका, मुंहपका टीकाकरण के छठवें चक्र का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों और चिकित्सकों को गांव-गांव जाकर एक-एक पशु का टीकाकरण के निर्देश दिए। सोमवार को पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि पालतू पशुओं, विशेषकर गोवंश और महिष वंश को खुरपका और मुंहपका रोग से बचाने के लिए पशुपालकों को जागरूक होना होगा। उन्होंने बताया कि मौसम में परिवर्तन के चलते कई बार इस रोग का प्रकोप अधिक बढ़ जाता है, इसलिए जरूरी है कि विभागीय स्तर पर संचालित टीकाकरण का पशुपालक पूरा लाभ उठाएं और और अपने पशुओं को सभी जरूरी टीका लगाएं। कैबिनेट मंत्री ने चंद्रापुरी में निमार्णाधीन पशुपालन केंद्र का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, विधायक भरत सिंह चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वहीं, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा. आशीष रावत ने बताया कि जनपद में मुंहपका, खुरपका रोग से बचाव के लिए छठवें चरण के टीकाकरण के लिए सभी तैयारियां पूरी कर दी गई हैं। इस मौके पर उप पशु चिकित्साधिकारी डा. अशोक कुमार, लीलाधर बिष्ट सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# मोबाइल नेटवर्क, क्षतिग्रस्त मार्ग, जंगली जानवरों की उठाई समस्या

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रप्रयाग।** सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत जिला सूचना अधिकारी वीरेश्वर तोमर ने विकासखंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत चिनग्वाड़ में ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित कर उनकी समस्याओं को सुना। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सड़क, मोबाइल नेटवर्क, जंगली जानवरों के आतंक आदि समस्याओं से अवगत कराया। पंचायत भवन चिनग्वाड़ में आयोजित बैठक के दौरान ग्रामीणों ने मोबाइल नेटवर्क की समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि क्षेत्र में कनेक्टिविटी की समस्या बनी रहती है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने अवगत कराया कि पांच ग्राम सभाओं में एक ही आशा कार्यकत्री कार्यरत है। ग्रामीणों का कहना था कि निर्धारित मानक के अनुसार गांव में एक कार्यकत्री की तैनाती की जानी आवश्यक है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री विनीता देवी ने बताया कि गांव में आंगनबाड़ी भवन नहीं है तथा वर्तमान में अस्थाई रूप से बारातघर में संचालित हो रहा है, जिससे किसी भी कार्यक्रम के दौरान वहां से सामान हटाना पड़ता है। उन्होंने सुझाव दिया कि गांव के ही प्राथमिक विद्यालय के पास उपलब्ध जगह पर आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जा सकता है। ग्रामीण राजेंद्र सिंह ने बताया कि गांव में अकसर कम वोल्टेज विद्युत आपूर्ति होती है जिसके लिए हाई वोल्टेज ट्रांसफॉर्मर लगाए जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही निवर्तमान ग्राम प्रधान रतन सिंह ने बताया कि गांव में जल जीवन मिशन के तहत सभी घरों में नल से जल पहुंच रहा है तथा पानी की निर्बाध रूप से आपूर्ति हो रही है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि उन्हें नियमित तौर पर सरकारी राशन दुकान से राशन मिल रहा है और इस संबंध में किसी तरह की समस्या नहीं आ रही है।

ग्रामीणों ने गांव के लिए पीएमजीएसवाई द्वारा निर्मित मोटर मार्ग में सड़क किनारे पुस्ते, क्षतिग्रस्त नहर, सड़क निर्माण के बाद मुआवजा न मिलने आदि समस्याओं से भी अवगत कराया। वहीं ग्रामीणों ने बंदर, सुअर आदि जंगली जानवरों से उनकी फसल को हो रहे नुकसान से निजात दिलाने के लिए तार से घेरबाड़ करने की भी मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में स्थित शंकर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का आना लगा रहता है, लेकिन आस-पास सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था न होने से श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी वीरेश्वर तोमर ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि ह्लसरकार जनता के द्वारह्ल कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही निराकरण करना है। उप वन क्षेत्राधिकारी एलबी आर्य ने ग्रामीणों से वन क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं को रोकने एवं घटना की स्थिति में तत्काल सूचना देने की अपील की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रतन सिंह, उप वन क्षेत्राधिकारी रुद्रप्रयाग रेंज एल बी आर्य, ग्राम विकास अधिकारी सुशील मैठाणी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विवेक सकलानी, उद्यान पर्यवेक्षक नवीन जोशी, डॉ. भवानी शंकर आदि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# वनाग्नि की दृष्टि से अंति संवेदनशील है जनपद : सौरभ

शाह टाइम्स संवाददाता




- वन प्रभाग रुद्रप्रयाग में प्रभारी मंत्री अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन
- जनता के सहयोग और अधिकारियों के आपसी सामंजस्य से होगा वनाग्नि का समाधान

**रुद्रप्रयाग।** वन प्रभाग रुद्रप्रयाग के तत्वाधान में वनाग्नि नियंत्रण को लेकर रेखीय विभागों, स्थानीय जन प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, महिला मंगल दलों, वन पंचायतों के साथ जन सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि रुद्रप्रयाग वनाग्नि दृष्टिकोण से अति सवेंदनशील जिला है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि सरकार वनाग्नि को लेकर गंभीर है और वनाग्नि को जन सहभागिता, सभी विभागों के आपसी सामंजस्य से नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम में विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चैधरी ने बताया कि वनाग्नि एक आपदा है तथा इसको नियंत्रित करने में सभी के सहयोग की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि पर्यावरणविद जगत सिंह चैधरी ह्लजंगलीह्व, एवं पर्यावरण विशेषज्ञ देव राघवेंद्र बद्री ने भी वनाग्नि तथा पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में गढ़वाल विश्वविध्यालय के छात्रों तथा 'नारी शक्ति जन जागरूकता दल' बुढ़ना ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वनाग्नि के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। विगत वर्ष वनाग्नि काल में वन विभाग के सहयोग करने वाले महिला मंगल दलों, वन पंचायतों तथा स्वयं सेवी संस्थानों को काबीना मंत्री ने प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर उप वन संरक्षक रुद्रप्रयाग वन प्रभाग कल्याणी ने स्थानीय महिला मंगल दलों, स्वयं सहायता समूहों, वन पंचायतों तथा आम जन मानस से वनाग्नि नियंत्रण के लिए सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में उप प्रभागीय वनाधिकारी जखोली डॉ दिवाकर पन्त, उप प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रयाग देवेंद्र सिंह पुंडीर, रेंज अधिकारी रुद्रप्रयाग संजय, रेंज अधिकारी अगस्तमुनि हरी शंकर रावत, रेंज अधिकारी उत्तरी जखोली सुरेन्द्र नेगी सहित राजस्व, पुलिस, अग्निशमन, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी विकास, लोक निर्माण विभाग, ग्राम्य विकास के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले के काश्तकारों ने लिया जड़ी-बूटी और सगंध पादपों का प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** सिंगोली-भटवाड़ी जल विद्युत परियोजना कैट प्लान के अंतर्गत जड़ी-बूटी एवं सगंध पादपों का तकनीकी प्रशिक्षण का चार दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम सीमैप सेलाकुई देहरादून, यूकोस्ट देहरादून एवं पतंजली योगपीठ हरिद्वार में आयोजित किया गया, जिसमें जनपद से 50 काश्तकारों ने प्रतिभाग किया। उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ दिवाकर पंत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण में काश्तकारों को कालाबांसा, पुदीना, जापानी मिन्ट, तेजपात, कुण्जा, गनियाग्रास, ज्वारनकोसा, वन तुलसी, लेमनग्रास, सावा, जिरेनियम, आदि संगध पादपों के उपयोग को लेकर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुड़ी अदूली, सिल्ला बामण, फलई, बरमोडी, तिनसोली, डमार, भटवाड़ी-सुनार आदि गाँवों के ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। ग्रामीणों ने बताया की प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम से उन्हें संगध पादपों से तेल निकालने की तकनीकी तथा बाजार संबंधित जानकारी दी, जो उनकी आजीविका संवर्धन में सहायक होगा। प्रशिक्षण के दौरान पतंजलि योगपीठ रिसर्च फाउन्डेशन के अन्तर्गत नर्सरी तथा ईको पार्क का भी भ्रमण कराया गया। इसके अलावा रुद्रप्रयाग वन प्रभाग के दक्षिणी जखोली रेंज अंतर्गत 'रेस्टोरेशन ऑफ डिग्रीडेड फारेस्ट' के तहत ग्राम पंचायत जवाड़ी में वन उपज से आजीविका संवर्धन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में ग्रामीणों को विभिन्न वन उपज जैसे पिरूल, छेंती, रिंगाल, बांस तथा घास से विभिन्न उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। उप प्रभागीय वनाधिकारी जखोली उप वन प्रभाग डॉ. दिवाकर पंत ने बताया कि कार्यशाला में ग्रामीणों को वन उपज से राखी, सजावटी उत्पाद, कलाकृतियाँ, टोकरी, पेन होल्डर, फ्लावर पॉट बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशिक्षण से उनको आजीविका संवर्धन में मदद के साथ-साथ पिरूल के उचित उपयोग से वनाग्नि रोकथाम में भी मदद मिलेगी।

## एक नजर

### पावर हाउस के पास जंगल में धधकी आग

अल्मोड़ा। पहाड़ी क्षेत्रों में गर्मी बढ़ने के साथ ही वनाग्नि की घटनाओं में भी इजाफा होने लगा है। मंगलवार को बख पावर हाउस के समीप जंगल में अचानक आग धधक गई। जंगल से धुआं उठता देख लोगों में हड़कंप मच गया। आग रियाहशी इलाकों की ओर बढ़ने लगी। आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा फायर सर्विस अल्मोड़ा को दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने एमएफई से पंपिंग कर 02 होज पाइप फैलाकर आग को बुझाना शुरु किया। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। टीम में लीडिंग फायरमैन किशन सिंह, चालक उमेश सिंह, फायरमैन प्रेम सिंह महिला फायरमैन कल्पना, स्वाति, मनीषा, भावना सिंह आदि शामिल रही।

### कांस्टेबल पति पर मारपीट करने का आरोप

**अल्मोड़ा।** पुलिस लाइन खगमरा निवासी एक महिला ने मंगलवार को कोतवाली अल्मोड़ा में तहरीर सौंपी है। सौंपी तहरीर में कहा कि उसका पति वर्तमान में अल्मोड़ा पुलिस में कांस्टेबल पद पर तैनात है। आए दिन पति शराब पीकर मारपीट करता है। कहा कि बीते साल भी मारपीट के संबंध में पुलिस अधिकारियों से शिकायत की थी। जिसके बाद काउंसलिंग हुई और पति की ओर से भविष्य में मारपीट नहीं करने आदि को लेकर लिखित आश्वासन दिया गया। पीड़ित महिला ने आरोपी कांस्टेबल पति पर पुलिस में तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की। इधर, पुलिस ने तहरीर के आधार पर कांस्टेबल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मतदाता सूची का संशोधन कार्य 22 मार्च तक

**अल्मोड़ा।** आगामी पंचायत चुनावों के दृष्टिगत जनपद में मतदाता सूची का संशोधन कार्य शुरू हो गया है। संशोधन कार्य 22 मार्च तक किया जाएगा। इस अवधि तक मतदाता खंड विकास कार्यालयों पर जाकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं, ताकि मतदान के समय कोई समस्या उत्पन्न ना हो। सीडीओ दिवेश शासनी ने बताया कि मतदाता सूची का संशोधन कार्य को लेकर पंचायतों में खुली बैठकों का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसके माध्यम से मतदाता सूचियों में त्रुटियों का निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों को ठीक करने का कार्य 22 मार्च तक चलेगा। उन्होंने समस्त मतदाताओं अनुरोध किया है कि वह उक्त तिथि से पहले अपनी त्रुटियों का समाधान अवश्य कर लें।

### उषा बुधानी ने शहद प्रदर्शनी में पुरस्कार जीता

**शांतिपुरी।** राजधानी देहरादून राज भवन में आयोजित बसंतोत्सव 2025 में शहद के विभिन्न प्रकारों की प्रदर्शनी में शांतिपुरी निवासी उषा बुधानी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में प्रदेश भर के जाने माने करीब पांच दर्जन से अधिक शहद उत्पादकों द्वारा शहद के विभिन्न प्रकारों को प्रदर्शित किया गया था। जिसमें निर्णायक कमेटी ने शहद की तीन प्रजातियां मोना. फ्लोरल हनी, वाइल्ड फॉरेस्ट हनी एवं एपिसक्रेयना हिमालयन हनी में उषा बुधानी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के लिए चुना गया। उषा बुधानी के निर्देशन में वर्तमान में डीवी हनी इण्टरप्राइजेज संस्था संचालित है और वह इससे पहले भी राज्य स्तरीय बसंतोत्सव 2024 में पुरस्कार जीत चुकी हैं। उषा बुधानी ने बताया कि मौन पालन उनका व उनके पति भुवन चुद्र बुधानी का पुराना शौक रहा है। वर्तमान में बुधानी दंपत्ति न केवल मौन पालन से अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं बल्कि साथ ही साथ क्षेत्रवासियों को भी मौन पालन के टिप्स देकर उन्हें इसे स्वरोजगार के रूप में अपनाने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

# होली महोत्सव का रंगारंग समापन

## नशामुक्ति थीम पर विविध कार्यक्रम, कलाकारों ने दीं शानदार प्रस्तुतियां

शाह टाइम्स संवाद्दाता




**अल्मोड़ा।** नगर के ऐतिहासिक मल्ला महल में चल रहे होली महोत्सव के तृतीय एवं समापन दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। नशा मुक्त होली की थीम के साथ आयोजित होली महोत्सव में कुमाऊं की विभिन्न सांस्कृतिक छटाएं देखने को मिली। इस आयोजन में कुमाऊं के विभिन्न अंचलों में प्रचलित विभिन्न प्रकार की होली को कलाकारों ने प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में पहुंचे जिलाधिक. ारी आलोक कुमार पांडेय ने कहा कि अल्मोड़ा को सांस्कृतिक राजधानी के रूप में पहचाना जाता है। इसकी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने एवं अल्मोड़ा में नशे के प्रभाव को घटाने के साथ साथ लोगों को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए इस पहल को किया गया है। उन्होंने कहा कि कुमाऊं में विशेषकर अल्मोड़ा की संस्कृति देश भर में प्रसिद्ध है। इसको संरक्षित करने के लिए ऐसे आयोजन कारगर सिद्ध होंगे। रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दक्षिण भारत का शास्त्रीय नृत्य कत्थक, चंपावत के पाटी की प्रसिद्ध एवं पारंपरिक खड़ी होली, पिथौरागढ़ की पारंपरिक होली, खटीमा की पारंपरिक होली के साथ साथ अल्मोड़ा की प्रसिद्ध खड़ी होली को कलाकारों एवं होलियारों ने प्रदर्शित कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन में कुमाऊं के जनपदों की सामूहिक होली एवं झोड़ा नृत्य ने लोगों का दिल जीता एवं संस्कृतिक प्रफुल्लन से मल्ला महल सराबोर हो गया। होली महोत्सव में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम भी आज जारी हुए। रंगोली प्रतियोगिता में रीना को प्रथम, लक्ष्मी राणा को द्वितीय तो निकिता तिवारी को तृतीय स्थान हासिल हुआ। व्यंजन प्रियोगिता में चंद्र अग्रवाल को प्रथम, गीता चम्याल को द्वितीय और अंजू अग्रवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पुरुषों की खड़ी होली गायन प्रतियोगिता में चीनाखान मोहल्ला प्रथम स्थान पर रहा। इसमें खत्याड़ी समिति को द्वितीय तथा सालम समिति को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस आयोजन में 38 वें राष्ट्रीय खेलों में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, मेयर अजय वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी समेत ज़िलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, डिप्टी कलेक्टर याक्षी अरोड़ा, अल्केश नौडियाल, क्षेत्रीय पुरातात्विक अधिकारी सीएस चौहान, तहसीलदार ज्योति धपवाल, वीथिका सहायक जन्मजेय तिवारी मौजूद रहे।

# बैठक में कौशल विकास योजनाओं की समीक्षा



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कौशल प्रशिक्षण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री कौशल केंद्र और जन शिक्षण संस्थान जैसे कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में आईटीआई, पॉलिटेक्निक, कृषि, उद्यान, पशुपालन, पर्यटन, उद्योग और अन्य विभागों की योजनाओं पर भी विचार किया गया। जिलाधिकारी ने युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए ठोस रणनीति बनाने के निर्देश दिए और स्कूलों तथा कॉलेजों में इन योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने को कहा। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने महिला स्वंय सहायता समूहों को स्थानीय उत्पादों की पैकेजिंग में प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। सेवायोजन विभाग द्वारा करीब डेढ़ हजार बच्चों को करियर काउंस. लिंग के तहत मार्गदर्शन दिया गया।

# एबीसी सेंटर में पहले दिन दो कुत्तों का बधियाकरण

**काशीपुर।** नगर निगम के एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर (एबीसी) ने अपना काम शुरू कर दिया है। पहले दिन सेंटर में दो कुत्तों का बधियाकरण किया गया। नगर निगम की गली-मोहल्लों में लगातार बढ़ रही कुत्तों की संख्या पर इससे लगाम लग सकेगी। निगम की ओर से तीर्थ द्रोणासागर रोड स्थित पशु चिकित्सालय में बनवाए गए एबीसी सेंटर ने अपना काम शुरू कर दिया है। रविवार को काशीपुर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लगभग एक करोड़ की लागत से तैयार एबीसी सेंटर का लोकार्पण किया। नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि भवन में दो ऑपरेशन थिएटर, दो कैनल, दो कर्मचारी आवास, एक कार्यालय बनाने के अलावा दो डॉक्टर की तैनाती कर दी गई। डॉ. नीरज के अलावा पशु चिकित्सालय के डॉ. भरत सिंह की देखरेख में ऑपरेशन होगा। सेंटर में एक साथ 70 कुत्तों को रखने के लिए दो कैनल बनाए गए हैं और कुत्तों पकड़ कर लाने के लिए एक वाहन आ चुका है। उन्होंने बताया लावारिस कुत्तों को टीम पकड़ कर यहां लाएगी। डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ उनका बधियाकरण करेंगे।

# पेयजल समस्याओं पर धरना



**अल्मोड़ा।** सोमेश्वर क्षेत्र में पेयजल समस्याओं का समाधान नहीं होने से कांग्रेसियों में रोष बना हुआ है। नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेयजल समस्या के निदान को तहसील परिसर पर धरना दिया। 17 मार्च तक समस्या का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। अधिकारियों के मनमाने रवैए को लेकर भी आक्रोश जताया। प्रधान संगठन के ब्लाक अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि लंबे समय से टाना सजोली समेत सोमेश्वर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल समस्या बनी हुई है। कई बार इस समस्या के निदान के लिए अधिकारियों से मांग की जा चुकी है। लेकिन समस्या का समाधा नहीं हो रहा है। इससे लोगों में आक्रोश है। कहा कि मजबूरन अब धरना प्रदर्शन को बाध्य होना पड़ रहा है। वहीं धरने को समर्थन देने पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज ने कहा कि भाजपा सरकार में अधिकारी बेलगाम हैं, जनता को अपनी समस्याओं के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। कहा कि अधिकारियों को जनता के प्रति अपने रवैए में बदलाव करना होगा, नहीं तो कांग्रेस पार्टी उनके विरुद्ध मुखर होकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को लेकर विभागों में आपसी सामंजस्य की कमी का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। वहीं समस्याओं के शीघ्र समाधान को तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। यहां कुंदन भंडारी, राजू भट्ट, निर्मल रावत, भुवन दोसाद, धीरेंद्र सिंह गैलाकोटी, किशोर नयाल, अमित कुमार, विनोद बोरा, कौशल जोशी, सुरेश राम, पूरन सिंह, जगदीश जोशी, भूपाल नयाल, पान सिंह, दयाल नयाल, पंकज नयाल, सुरेश राम, राहुल आर्या, लक्ष्मण मेहरा आदि मौजूद रहे।

### मारपीट के आरोप में चार युवकों पर मुकदमा

**काशीपुर।** मारपीट के दौरान बीच-बचाव करा रहे युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मौहल्ला अल्लीखां निवासी शेर अली पुत्र रफीउल कदर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 9 मार्च 25 की रात्रि करीब 11.45 उसका पुत्र आरिश खान खाना खाकर टहलने निकला था। जब वह पंत पार्क के पास से गुजर रहा था तो वहां एक 11-12 साल के बच्चे रेहान पुत्र शबाब खान के साथ कुछ युवक मारपीट कर रहे थे। जब उसने मारपीट में बीच- बचाव करने का प्रयास किया जीत कालोनी निवासी पवन पुत्र चमन, रितिक, अलोक और सुशांक ने उसके पुत्र के साथ मारपीट शुरू कर दी तथा जिससे उसके पुत्र के सिर पर गंभीर चोट आयी।

# मुस्लिम समुदाय ने सौहार्द की मिसाल की पेश, जुमा की नमाज होगी 2.30 बजे

## पुलिस बैठक में मुसिल समाज ने लिया फैसला, पुलिस व हिन्दू समाज ने फैसले की प्रशंसा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आगामी होली व होली के दिन पड़ने वाले रमजान के दूसरे जुमे को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को हरिद्वार पुलिस कोई कसर नही छोड़ रही है। एसपी सिटी पंकज गैरोला ने कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र के दोनों समुदाय के गणमान्यों, जनप्रतिनिधियों व व्यापारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की। इस गोष्ठी में मुस्लिम समुदाय ने सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए नमाज का समय बदलकर दोपहर 2:30 बजे करने का फैसला लिया है। जिसपर हिंदू समुदाय के लोगों ने भी आभार व्यक्त किया और पुलिस ने भी इस फैसले की प्रशंसा की।

मंगलवार को त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को बुलाई गई बैठक में एसपी सिटी पंकज गैरोला, सीओ ज्वालापुर अविनाश वर्मा व कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट की मौजूदगी में जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना आरिफ कासमी ने मस्जिद कमेटियों और



समस्त मुस्लिम समाज की तरफ से यह ऐलान करते हुए सौहार्द की मिसाल पेश की। मुस्लिम समाज के बड़ा दिल दिखाने पर बैठक में ही हिंदू समाज के गणमान्य नागरिकों ने आभार जताया। वहीं, एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल सहित अन्य अधिकारियों ने भी मुस्लिम समुदाय की इस पहल की सराहना करते हुए प्रेरणादायक बताया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल के निर्देश पर बुलाई गई बैठक में एसपी सिटी पंकज गैरोला ने कहा कि क्षेत्र की शांति व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। हरिद्वार में हिंदू-मुस्लिम सभी त्योहार मिलकर मनाते हैं, इसी तरह सभी लोग मिलकर होली और रमजान मनाएं।

सीओ ज्वालापुर अविनाश वर्मा ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान ना दें एक दूसरे का सहयोग करें। अपने शहर की फिजा बचाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। मीटिंग का संचालन कर रहे कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने कहा कि हर त्यौहार समाज में प्रेम और भाईचारे का पैगाम देता है, ज्वालापुर के हिंदू और मुस्लिम समुदाय हमेशा से एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहते आए हैं। कोतवाल ने हुडदंगियों को चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि दोपहर 2:00 बजे के बाद शराब पीकर सड़क पर हुड़दंग मचाने वालों को हवालात की हवा खिलाई जाएगी।

इसके अलावा पुलिस ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। बैठक में एसएसआई नितिन चौहान, बाजार चौकी प्रभारी देवेंद्र तोमर, रेल चौकी प्रभारी नवीन नेगी, एलआईयू उपनिरीक्षक सुरेश शाह समेत क्षेत्र के पार्षद गणमान्य नागरिक व्यापार मंडल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आंगनबाड़ी कार्यकताओं के तीन दिवसीय पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यकम का मंगलवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान की उपनिदेशक वंदना शर्मा एवं डीपीओ सुलेखा सहगल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों की पढ़ाई के साथ उनके पोषण की जानकारी दी। वंदना शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता निर्माण के लिए पोषण से पढ़ाई भी कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधि अंकित की गई है, ताकि बच्चों के विकास को बढ़ावा दिया जा सके। बताया कि कार्यक्रम में उत्तराखण्ड सरकार ने आधारशिला एवं नवचेतना मॉड्यूल भी आंगनबाड़ी



कार्यकर्ताओं को दिया है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की वृद्धि, निगरानी, पोषण एवं देखभाल के बारे में बताया गया। डीपीओ सुलेखा सहगल ने पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को क्षमता निर्माण के लिए तीन चरण में प्रशिक्षण दिया। पहले दिन पढ़ाई, दूसरे दिन पोषण और तीसरे दिन पढ़ाई भी पोषण भी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन एप पोषण ट्रैकर के माध्यम से भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को हाइटेक किया जा रहा है। इस दौरान सीडीपीओ सन्दीप कुमार, सुपरवाइजर ऋचा शर्मा, महिमा नटराजन और मनोज कुमार के साथ कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से टकराने से गुलदार की मौत मौके पर पहुंचा वन प्रभाग

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव कमला नगर रेलवे ट्रैक पर गुलदार का शव मिलने से सनसनी फैल गई। वन प्रभाग की टीम ने मौके पर जाकर अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। वन प्रभाग की टीम ने गुलदार का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पथरी जंगल के बीच से रेलवे ट्रेक निकला हुआ है। मंगलवार सुबह पथरी थाना क्षेत्र के गांव कमला नगर स्थित रेलवे ट्रैक पर रेल से टकराने पर एक गुलदार की मौत हो गई। राहगीरों ने मामले की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन प्रभाग की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी हरिद्वार वन प्रभाग के उच्च अधिकारियों को दी गई। सूचना पर हरिद्वार से टीम मौके पर पहुंची और गुलदार के शव को कब्जे में लेकर हरिद्वार स्थित पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वन क्षेत्र अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया गुलदार की मौत रेलवे ट्रैक पर हुई है गुलदार का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर सही जानकारी मिलेगी,

# उत्तराखंड पत्रकार यूनियन ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड पत्रकार यूनियन हरिद्वार इकाई द्वारा धूमधाम के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में मेयर किरण जैसल सहित नगर के गणमान्य लोग, पत्रकार बंधु और समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के म.मं. स्वामी ललितानंद गिरि ने कहा कि होली का त्यौहार जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करता है। उन्होंने कहा कि रंगों का यह पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। मुख्य अतिथि मेयर किरण जैसल ने कहा कि होली का पर्व हमें सभी मतभेद भुलाकर प्रेम और एकता के रंग में रंगने का संदेश देता है। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डा. विशाल गर्ग ने कहा कि होली का पर्व हमें नफरत और द्वेष की भावना को त्यागकर प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है। इस अवसर पर पत्रकार यूनियन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह के अंत में सभी अतिथियों



और पत्रकार बंधुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। आयोजन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर यूनियन के अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद गिरि ने किया और अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वैद्य एमआर शर्मा, पंडित अधीर कौशिक, पंडित पवन कृष्ण शास्त्री, रवि जैसल, अधिवक्ता भूपेंद्र चौहान, पंकज कौशिक, आनंद गोस्वामी, धीरज शर्मा, दीपक मौर्य, कुलदीप, रामेश्वर शर्मा, मनीष कुमार, आवेश अंसारी, प्रवीण पेगवाल, वासुदेव राजपूत, मनीषा सूरी, रिजवान अहमद, रितेश तिवारी, विजय बंसल, महावीर नेगी, रविंद्र सिंह, रूपेश वालिया, प्रमोद गिरी, मुदित अग्रवाल, अश्वनी अरोड़ा, विकास चौहान, राजीव कुमार, विजय सुब्रह्मण्यम, शिवांग अग्रवाल, तनवीर अली, अमरीश कुमार, सुमेश खत्री, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# हाजिरी दर्ज कराने को लेकर दो कर्मचारियों में विवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हाजिरी रजिस्टर में हाजिरी दर्ज कराने को लेकर बिजली विभाग के दो कर्मचारियों में विवाद हो गया। विवाद देखते ही देखते हाथपाई में बदल गया। जिसके बाद मामले की शिकायत रानीपुर पुलिस को की गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं दोनों कर्मचारियों का काफी लंबे समय से आपसी विवाद चलता आ रहा है। मंगलवार की सुबह में ज्वालापुर विद्युत वितरण खंड कार्यालय में दो कर्मचारियों का हाजिरी रजिस्टर में हाजिरी दर्ज करने को लेकर मामूली विवाद हो गया। विवाद होते-होते इतना बढ़ गया कि दोनों की आपस में गाली-गलौच व हाथापाई हो गयी। जिसके बाद जैसे-तैसे सहकर्मियों ने मामले को शांत कराया। उसके बाद मामला रानीपुर कोतवाली पहुंचा। जिसके बाद दोनों पक्षो को सुनने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई। सूत्रों के अनुसार दोनों कर्मियों का कुर्सी को लेकर पिछले कई सालों से विवाद चला आ रहा है। पूर्व में भी दोनों एक दूसरे के साथ मारपीट कर चुके है। एक बार फिर कुर्सी की खुन्नस को लेकर दोनों कर्मचारी आमने-सामने है।

# 10 किलो गांजे के साथ महिला सहित दो तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर पुलिस व एएनटीएफ ने नशे के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने गांजे की तस्करी कर रहे महिला सहित दो को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उनके कब्जे से करीब दस किलो गांजा बरामद हुआ। एएसपी सदर जितेंद्र चौधरी ने बताया कि ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल के निर्देश पर नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। इसी क्रम में रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी व एएनटीएफ प्रभारी विजय सिंह के नेतृत्व में एएनटीएफ उप निरीक्षक रणजीत तोमर, चौकी प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र विकास रावत व महिला उपनिरीक्षक प्रियंका इजराल के साथ संयुक्त पुलिस टीम ने विष्णुलोक जाने वाले कच्चे रास्ते से बाइक से गांजा तस्करी करते हुए महिला सहित दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से करीब नौ किलो 855 ग्राम गांजा व 1100 रूपए बरामद किए है। पुलिस को पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम तसलीम पुत्र नबाब निवासी मोहल्ला कड़च्छ अहबाब नगर कोतवाली ज्वालापुर व एक महिला निवासी बिष्णुलोक कालोनी कोतवाली रानीपुर जनपद हरिद्वार बताया। रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि दोनों आरोपियों द्वारा बरामद गांजा हरिद्वार मे ठोकर नम्बर-10 पर आने वाले बाबाओ से थोड़ा थोड़ा करके इकट्ठा किया था जिसको ये लोग छोटी पुड़ियांओ मे पैकिंग करके मंहगे दामो पर हरिद्वार मे ग्राहको को बेचते की फिराक में थे। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। घटना में शामिल बाइक भी सीज कर दी गई है। पुलिस टीम में रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी, एएनटीएफ प्रभारी विजय सिंह, एएनटीएफ रणजीत रोमर, चौकी प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र विकास रावत, महिला उपनिरीक्षक प्रियंका इजराल, हे. का. गोपीचंद, हे. का. मुकेश व सुनील कुमार, का. सर्वजीत ठाकुर व पप्पुपाल शामिल रहे।

# विस्फोट में घायल व्यक्ति को नामजद कर जांच में जुटी पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बिना लाइसेंस के पटाखे बनाने वालों पर ज्वालापुर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विस्फोट की घटना में घायल हुए व्यक्ति को नामजद कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल घायल व्यक्ति ऋषिकेश ऐम्स में भर्ती जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सोमवार की सुबह ज्वालापुर के लोधामंडी में आजाद अली पुत्र सरवर अपने घर में अवैध रूप से पटाखे बना रहे था। इसी दौरान एक बड़ा विस्फोट हो गया। विस्फोट से घर की छत व दीवारे भी भरभरा कर गिर गई। मामले की सूचना मिलते ही ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट पुलिस टीम के साथ पहुंचे और फॉरेनसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। मामले की जांच के लिए एसपी सिटी पंकज गैरोला व सीओ ज्वालापुर अविनाश वर्मा भी मौके पर पहुंचे थे। घटना की गंभीरता को देखने को ज्वालापुर पुलिस अवैध रूप से पटाखे बनाने व सामग्री बरामद होने पर घायल व्यक्ति आजाद अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रेस क्लब बहादराबाद ने मनाया होली मिलन कार्यक्रम



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** प्रेस क्लब बहादराबाद ने एक स्थानीय वेंकट हाल में होली मिलन कार्यक्रम कर आयोजन किया। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात पत्रकारों ने क्षेत्र के सम्मानित लोगों के साथ फूलो की होली खेल कर एक दूसरे को होली की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम कों सम्बोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफक ने कहा कि होली का त्यौहार सबको मिलजुल कर हर्षोल्लास के साथ मानना चाहिए। यह त्यौहार उमंगो तरंगो, रंगों कर त्यौहार है और होली आपसी प्रेम और भाईचारे के रिश्तों को और मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि त्यौहार पर हुदंग मचाने से त्यौहार का मजा किरकिरा हो जाता है और कई बार लोगो कों कानून का सामना भी करना पड़ जाता है, यही कारण है कि त्योहारों को आपसी भाई चारे जे साथ मनाए। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष सनत शर्मा, पत्रकार प्रमेन्द्र नारायण, संजय लम्बा, बी.बी. चंदेला, डॉ. अर्जुन नागयान, मित्र पाल, आशीष शर्मा, महिपाल शर्मा, विनय चौहान, राजीव शास्त्री, प्रवीण पेगवाल, ज्ञान प्रकाश पांडे, पुरुषोत्तम खा रोला, हितेश चौहान, हन्नी कथूरिया, दिव्यांग शर्मा, विवेक शर्मा, गौरव, सुखदेव, किसान नेता दाताराम चौहान, सुखवीर चौहान, पवन चौहान आदि उपस्थित रहे।

# महिला से छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला से छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने महिला तहरीर पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया पथरी थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोस में ही रहने वाले एक व्यक्ति ने महिला को अकेली देख उसके घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ कर दी। महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी युवक महिला को जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकला। इतना ही नहीं इससे पूर्व में भी आरोपी युवक महिला के साथ रास्ते में छेड़छाड़ व अश्लील हरकत कर चुका है। युवक से परेशान महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने महिलादकी तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसओ पथरी रविंद्र कुमार ने बताया महिला ने आरोपी युवक खालिद पुत्र इकबाल के खिलाफ तहरीर दी है। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नारी का सम्मान, परिवार समाज और राष्ट्र का सम्मान : रंजीता झा

## समाजिक संस्था संकल्प सेवा परमो धर्म ट्रस्ट ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सम्मान एवं होली मिलन समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सामाजिक संस्था संकल्प सेवा परमो धर्म ट्रस्ट की अध्यक्ष रंजीता झा ने कहा नारी का सम्मान परिवार समाज और राष्ट्र का सम्मान है। जहां महिलाओं का सम्मान होता है वहां देवताओं के साथ सुख शांति और समृद्धि वास होता है। वहीं महिलाओं को कष्ट देने वालों का समूह नाश हो जाता है। रामायण और महाभारत इसके प्रत्यक्ष प्रमाण है। संकल्प सेवा परमो धर्म ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री अवधूत मंडल आश्रम, बाबा हीरादास हनुमान मंदिर के प्रांगण में म.मं. स्वामी डा. संतोषानांद देव के सानिध्य मे अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में द्वितीय महिला सम्मान एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मातृ-शक्तियों में कमला जोशी समाजसेवी, उमा पांडे विंग हैड डीपीएस, रीना कटारिया हॉकी प्लेयर, अपराजिता उन्मुक्त कवियत्री, रंजना चतुर्वेदी महिला मोर्चा अध्यक्ष, सत्या फाउंडेशन, मनप्रीत, शिखा शिक्षाविद, मंजू कौर उपप्रधान, संगीता राणा वेट लिफ्टर, कीर्ति सिंह विंग हैड डीपीएस, सुनीता झा इमेक, नीलम राय कुशल गृहिणी, सुनीता उनियाल, महिमा शर्मा प्रोफेसर को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे दिव्य प्रेम सेवा मिशन के संस्थापक आशीष गौतम ने रंजीता झा एवं उनकी टीम को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं परिवार की दूरी है और इनका मान सम्मान करने वाले परिवार की यश कीर्ति बढ़ती है। श्री ध्रुव चैरिटेबल ट्रस्ट हॉस्पिटल के संस्थापक बाबा बालक दास ने कहा शास्त्रों और पुराणों में वर्णित है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। महामंडलेश्वर डॉ स्वामी संतोषानंद देव ने कहा वर्तमान युग महिलाओं का है। अपनी प्रतिभा के दम पर हर क्षेत्र में अपनी धाक जमा ली है। सड़क से लेकर संसद तक महिलाओं का बोलबाला है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि में मेयर किरन जैसल ने कहा आज की महिलाएं पुरुषों से किसी भी मामलें में कम नहीं है।



परिवार की जिम्मेदारी उठाने में पुरूषों से किसी मामले में कम नहीं है। नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा देश की दशा और दिशा बदलने में महिलाओं का विशेष योगदान है। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा बदलते समय के साथ महिलाओं की भूमिका बदली है। घर की चारदीवारी से निकल कर महिलाएं परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी जगदीश लाल पहावा तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी सहित अन्य ने संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर पंडित कमलाकर शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण किया गया। इसके उपरांत गुरु भवानी और इंदु सिंह द्वारा प्रशिक्षित कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। संकल्प ट्रस्ट द्वारा महिलाओ को रोजगार देने हेतु मुख्य अतिथियों के कर कमलो द्वारा संकल्प सत्तू को विभिन्न फ्लेवर में लांच किया गया। कार्यक्रम का समापन होली मिलन में फूल वर्षा कर किया गया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन अभिनंदन गुप्ता व शिवनाथ तिवारी ने की। संकल्प सेवा परमो धर्म ट्रस्ट की अध्यक्ष रंजीता झा की अध्यक्षता व एवं उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा संस्था के सचिव तरुण शुक्ल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में ट्रस्ट के सलाहकार विनोद त्रिपाठी, रमेश पाण्डेय, वरिष्ठ सदस्य संतोष झा यतीश राठौर कोषाध्यक्ष सुधा राठौर, सहकोषाध्यक्ष संगीता वंसल, सह सचिव अर्चना झा सक्रिय सदस्य कमलाकर शास्त्री हरिनारायण त्रिपाठी चारु शुक्ला रीनू तोमर, ज्योति वर्मा, सपना पंडित, अनीता गुप्ता, विनीता चौहान, ज्ञान प्रकाश सिंह, जितेंद्र दूबे, जेपी शुक्ला व अन्य टीम संकल्प के साथ सैकड़ो मातृशक्ति, पूर्वांचल उत्थान संस्था के अध्यक्ष सीए आशुतोष पाण्डेय, महासचिव बीएन राय, बृजेश शर्मा, अमित शाही, सुदीप सलूजा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# बिजली चोरी में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव धनपुरा और पदार्था में ऊर्जा निगम की टीम ने छापेमारी कर चार घरों से बिजली चोरी पकड़ी है। ऊर्जा निगम के अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पथरी फिटर अवर अभियंता दिवाकर मौर्य की तहरीर पर सूरज पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी धनपुरा वसीम पुत्र अहसान, तस्लीम पुत्र नूर हसन,शेर अली पुत्र घसीटा निवासी गण सभी पदार्था के घरों पर ऊर्जा निगम की टीम ने छापेमारी कर बिजली चोरी पकड़ी है। बताया जा रहा है कि लगातार मिल रही शिकायत पर कार्रवाई की गई है। सभी लोग मीटर से पहले कट लगाकर बिजली चोरी कर रहे थे। अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पथरी थाना अध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि बिजली चोरी के मामले में चार लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच कर कार्वाई की जाएगी।

# होली पर कभी टेसूओं से महकता था हरिद्वार

## होली पर बनाए जाते थे टेसू फूलों से रंग और गुलाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार की होली से टेसू के रंग गायब हो चुके हैं।नयी पीढ़ी तो टेसू के फूल को भी नहीं पहचानती।एक वक्त हरिद्वार की होली टेसू के रंगों से महकती थी।



हरिद्वार के गंगापार का इलाका एक वक्त टेसू के पेड़ों से लकदक था। फागुन लगते ही यह क्षेत्र टेसू की खुशबू से महकने लगता था। टेसू के मखमली बासंती फूलों के कारण हरिद्वार के डामकोठी से लालजी वाला तक का क्षेत्र तब ऊपर से भगवामय दिखाई देता था। होली पर टेसू के इन्हीं फूलों से रंग और गुलाल बनाकर होली खेली जाती थी। संतों के आश्रमों और अखाड़ों में तो होली के पहले से ही इन टेसूओं से रंग बनाने की तैयारियां शुरू हो जाती थी। इसके लिए पहले गंगापार जाकर पेड़ों से टेसुओं के गुच्छे उतारे जाते थे। फिर इन टेसुओं को बड़े पात्रों में पकाया जाता था। टेसू के फूलों का सारा रंग और खुश्बू निकल जाने के बाद इसे दूसरे पानी में मिलाकर इसी खुशबूदार फूलों के रंग से होली खेली जाती थी। रंग निकालने के बाद शेष रह गए फूलों को सुखाकर उसका गुलाल बनाया जाता था। तब ज्यादातर शहरवासी बनावटी बाजारी रंगों की बजाय टेसू के इसी प्राकृतिक रंग और गुलाल से ही होली खेला करते थे लेकिन धीरे-धीरे धर्मनगरी से टेसू के पेड़ लोप हो गये। टेसू से रंग बनाने वाले लोग भी अब नहीं रहे। नयी पीढ़ी तो टेसू के फूल को पहचानती भी नहीं।

### विकास ने उजाड़ दी हरियाली

**हरिद्वार।** गंगापार का क्षेत्र 1970 तक हरा-भरा और सुरम्य इलाका था। तब इसकी सुंदरता के लिए लोग यहां न केवल घूमने आया करते थे बल्कि यहां प्राय: फिल्मों की शूटिंग भी हुआ करती थी। 1978 में क्षेत्र का बड़ा हिस्सा हाईवे में आ गया। उसके बाद समय-समय पर होने वाले कुंभ कार्य, सड़कें, फ्लाई ओवर,सीसीआर निर्माण आदि जरुरतों के लिए पेड़ काटे जाते रहे। अब भागीरथी गेस्ट हाउस और पार्किंग आदि बनने के बाद यह पूरा क्षेत्र मैदान दिखाई देता है।

# होली सनातन धर्म का प्रमुख पर्व : कैलाशानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य म.मं. स्वामी कैलाशानंद गिरी ने सभी देशवासियों से प्रेम और भाईचारे से होली मनाने की अपील की है। स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि होली सनातन धर्म का प्रमुख पर्व है। होली और जुमा पहले भी कई बार साथ पड़ चुके हैं। होली मिलन का त्यौहार है और बड़ा आपसी संदेश देने वाला पर्व है। अच्छी बात है कि होली और जुमा एक साथ पड़ रहे हैं सभी को अपने-अपने तरीके से अपना त्यौहार मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं है। होली संबंध, मिलन, प्रेम और उपासना का पर्व है। साल में मां भगवती की चार महारात्रि होती हैं। होली की महारात्रि में विश्व और समाज कल्याण के लिए भगवती की आराधना की जाती है। होली और जुमे को लेकर जो बयानबाजी हो रही है। उस पर विराम लगना चाहिए। मुस्लिमों को जुमा अपने तरीके से मनाना चाहिए। किसी प्रकार का कोई प्रतिबंध नहीं है। अराजकता ना हो। किसी प्रकार की अराजक बयानबाजी ना करें। जिससे देश का माहौल और आपसी संबंध और भाईचारा खराब ना हो।

# रक्तदान शिविर में छात्रों एवं शिक्षकों ने किया रक्तदान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री भगवानदास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय में मंगलवार, को स्वेच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। मां. गंगे ब्लड सेंटर, जगजीतपुर, हरिद्वार के सहयोग से स्वेच्छिक रक्तदान शिविर में अध्यापकों व छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में गौरव शेखर नायक, विवेक कुमार, वासुदेव, हेमंत तिवाड़ी, किशन जोशी, संतोष कापड़ी, पंकज, रोहित, शुभम बिष्ठ, पवन सेमवाल, अचुतांश, कार्तिकेय जोशी, उमेशानंद, इशांत शर्मा, नीरज कुमार, धीरज, करण शर्मा, नरेन्द्र डुंगरियाल, अजय, अनिकेत पांडेय, नितेश राणा, मनदीप सिंह, आयुष शर्मा, चेतन शर्मा, अविनाश, उमेश चन्द्र जोशी, मयंक पांडेय, ज्ञानेन्द्र सिंह, सुभाष, नितेश नौटियाल आदि छात्र-छात्राओं ने स्वेच्छिक रक्तदान किया। वहीं दूसरी ओर महाविद्यालय के प्राचार्य बी.के. सिंह देव के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के अध्यापकगणो ने भी स्वेच्छिक रक्तदान किया। जिसमें



डा. आलोक कुमार सेमवाल, विवेक शुक्ला, शिव देव आर्या, प्रमेश बिजल्वाण, नरेश ओर स्वाति शर्मा आदि अध्यापकगणो ने स्वेच्छिक रक्तदान किया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि समाज में महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा समय समय पर सामाजिक कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया जाता है व महाविद्यालय की ओर से उक्त शिविर का संयोजन विवेक शुक्ला ने किया व उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान है और ब्लड बैंक द्वारा सभी रक्तदाताओ का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

**सूचना ( खोया-पाया )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक असल रजिस्टर्ड इकरारनामा कहीं खो गया है। यह रजिस्टर्ड इकरारनामा सब-रजिस्ट्रार कार्यालय हरिद्वार में दिनांकित 26.07.2005 बही संख्या-01 जिल्द संख्या-1425/1670 पृष्ठ संख्या-110/499-502 दस्तावेज संख्या-10028 रजिस्टर्ड दिनांकित 25.11.2005 है। इस संबंध में पुलिस में दिनांकित 10.03.2025 को गुमशुदगी दर्ज की गयी है। उक्त असल रजिस्टर्ड इकरारनामे का कोई दुरूपयोग नहीं हुआ है इसका प्रयोग अवैध माना जाये। श्रीमती प्रीति गिल्होत्रा पत्नी श्री अंकुर गिल्होत्रा निवासी 154 शिव विहार कॉलोनी, ज्वालापुर, हरिद्वार, उत्तराखंड संपर्क-8791175615

# पछवादून क्षेत्र में अब तक 31 अवैध मदरसे किए गए सील

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** पछवादून में प्रशासन द्वारा चयनित किए गए अवैध मदरसों पर कार्यवाही करते हुए प्रशासन ने अब तक 31 मदरसों को सील कर दिया है। प्रशासन ने आज सहसपुर क्षेत्र से कार्रवाई शुरू करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन व अन्य खामियों के साथ संचालित हो रहे 12 मदरसों को सील कर दिया। प्रशासन की टीम ने आज सहसपुर क्षेत्र के केदारावाला गाँव से कार्रवाई शुरू करते हुए सहसपुर , जससोवाला, रामपुर व हसनपुर क्षेत्र में कुल 12 अवैध



मदरसों को सील कर दिया। अब तक पछवादून में मानको के विपरीत और बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे कुल 31 मदरसों को प्रशासन की टीम सील कर चुकी है। उप जिलाधिकारी

**मंगलवार को 12 मदरसो को किया गया सील**

विकासनगर के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान तहसील प्रशासन, शिक्षा विभाग, अल्पसंख्यक विभाग व मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के साथ भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी मौके पर मौजूद रही।

## ग्राम मटियांवा में पशुपालन विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित 35 लाभार्थियों को पशुपालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** पशुपालन विभाग, विकासखंड कालसी, देहरादून द्वारा मंगलवार को ग्राम मटियांवा में स्टेट लाइवस्टॉक मिशन (एसएलएम) योजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण (एफपीओ) कालसी के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें 35 लाभार्थियों को पशुपालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षण शिविर में पशुपालन विभाग द्वारा संचालित गोट वैली योजना, यूएसजीसीएफ योजना, एसएलएम के तहत लर्निंग और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) संबंधी जानकारी प्रदान



की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वरुण अग्रवाल ने प्रशिक्षण देते हुए लाभार्थियों को आधुनिक पशुपालन तकनीकों से अवगत कराया। एफपीओ कालसी के अध्यक्ष संजीव चौहान ने बताया कि संगठन वर्तमान में 15 लाख रुपये के लाभ में चल रहा है और इसमें अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, एफपीओ सचिव श्याम सिंह ने ग्राम पंजिया से पंजीकृत लाभार्थियों को भी प्रशिक्षण में शामिल किया तथा एफपीओ कालसी से 50 नए लाभार्थियों को जोड़ने का सुझाव दिया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी लाभार्थियों को जूट बैग वितरित किए गए। शिविर में ग्राम प्रधान मटियांवा मिजान दास, महावीर खन्ना, ईश्वर सिंह, विकास खन्ना, वीरेंद्र सिंह, शांति सिंह, दीवान सिंह एवं डॉ. वरुण अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सेलाकुई व कालसी पुलिस ने होली व रमजान के संबंध में लोगों के साथ की पीस मिटिंग

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेलाकुई/कालसी।** आगामी होली पर्व एवं रमजान के सम्बंध थाना सेलाकुई पुलिस द्वारा क्षेत्र के सभ्रान्त व्यक्तियो एवं पीस कमेटी के सदस्यों के साथ की गई पीस मिटिंग। थाना अध्यक्ष सेलाकुई व थाना कालसी प्रभारी द्वारा थाना सेलाकुई पर आगामी होली पर्व एवं वर्तमान मे चल रहे रमजान के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के सभ्रान्त व्यक्तियो एवं पीस कमेटी के सदस्यों के साथ पीस मिटिंग आयोजित की गई। मिटिंग मे होली पर्व के साथ साथ वर्तमान मे चल रहे रमजान के दृष्टिगत पर्व को शान्ति पूर्ण ढंग से मनाने एवं सकुशल कराये जाने पर चर्चा की गई तथा पर्व के दौरान समुदायो के बीच आपसी सौहार्द बनाये



रखने की अपील की गई। दोनों संप्रदाय के लोगों को अपने-अपने पर्वों को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु हिदायत दी गई कि कोई भी शरारती तत्व होली का दहन के समय से पूर्व होलीका में आग ना लगा दे, मार्गो पर जुलूस ना निकाले, कीचड़ व रंग भरे गुब्बारे आदि सड़कों पर आने जाने वालों के ऊपर ना फेंके, अगर कहीं पर पुरानी रंजिश चली आ रही हो के संबंध में थाना प्रभारी को अवगत कराए। दूसरे संप्रदाय के लोगों तथा उनके धार्मिक स्थलों पर रंग इत्यादि ना डालें आदि संबंध में जानकारी दी गई। मिटिंग मे उपस्थित सभी लोगो एवं पीस कमेटी के सदस्यों द्वारा पुलिस का पूर्ण सहयोग करने हेतु आश्वासन दिया गया।

## नेशनल सेफ्टी वीक के उपलक्ष में मॉक ड्रिल का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** आईजीएल कंपनी फार्मा सिटी सेलाकुई में 54 नेशनल सेफ्टी वीक के उपलक्ष में मॉक ड्रिल आयोजित की गई। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोदय सेलाकुई इसम सिंह व आईजीएल कंपनी के सेफ्टी ऑफिसर धन सिंह कार्की की टीम के द्वारा कंपनी में तेल की आग को बुझाना, केमिकल गैस के रिसाव के समय बिल्डिंग में फसे कर्मचारी व कैजुअल्टी को लैडर से बाहर निकलना तथा घरेलू आग एलपीजी की गैस को बुझाने के तरीके व कर्टन ब्रांच से आग को बुझाना, बिल्डिंग से कैजुअल्टी को स्ट्रक्चर के सहारे निकालना का ड्रिल किया गया। प्रभारी



अग्निशमन अधिकारी द्वारा उक्त ड्रिल की प्रशंसा की गई तथा कंपनी कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में बिल्डिंग से बाहर निकालने के लिए त्वरित कार्रवाई करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए व महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## महानगर देहरादून को संगठनात्मक स्तर से आगे ले जाने का किया जाएगा काम : सिद्धार्थ

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी महानगर देहरादून के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने अपने कार्यभार के प्रथम दिन की शुरूआत हम सब के आदर्श संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर , भाजपा के आदर्श एकात्म मानववाद के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं उत्तराखंड के गांधी इंद्रमणि बडोनी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर कोटि-कोटि नमन किया। उसके बाद उत्तराखंड के शहीदों को कचहरी परिसर में पुष्पांजलि के माध्यम से उनकी शहादत को याद करते हुए नमन किया। देहरादून बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल एवं बार काउंसिल के सदस्य



अनिल पंडित सहित कई अधिवक्ताओं ने महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल का स्वागत अभिनंदन भी किया। साथ ही महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि संगठन से उन्हें जो जिम्मेदारी पुनः मिली है, उस जिम्मेदारी को समर्पण एवं निष्ठा के साथ निर्वाहन किया जाएगा। उन्होंने पिछले कार्यकाल में भी सेवा भाव से संगठन के दिशा निर्देश अनुसार महानगर देहरादून को संगठनात्मक स्तर से आगे लाने का काम किया है और आने वाले समय में भी यही कार्यशैली अपनाई जाएगी। कार्यक्रम में राजपुर विधानसभा के विधायक खजान दास ने भी सभी महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की। सिद्धार्थ अग्रवाल को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सुरेंद्र राणा, विजेंद्र थपलियाल , मंडल अध्यक्ष पूनम बुटोला , आशीष शर्मा, जयपाल बाल्मीकि ,विपिन खंडूरी ,मनीष पाल , पार्षद वैभव अग्रवाल, रोहन चंदेल, विमला गौड , बबलू बंसल, राहुल पंवार , अंशिता शर्मा, पवन त्रिपाठी , संतोष नागपाल व अनूप गोयल सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जौनसार के लाल जुबिन ने दूसरी बार जीता आईफा अवॉर्ड

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** बॉलीवुड के प्रतिष्ठित इंटरनेशनल इंडियन फिल्म अकादमी अवॉर्ड्स (आईफा) के सिल्वर जुबली समारोह में जौनसार-बावर के लाल जुबिन नौटियाल ने एक बार फिर अपनी आवाज का जादू बिखेरा। जयपुर में आयोजित इस भव्य समारोह में जुबिन को फिल्म 'आर्टिकल 370' के गीत 'दुआ' के लिए सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक (पुरुष) का पुरस्कार मिला। यह उनके करियर का दूसरा आईफा अवॉर्ड है, जिसने एक बार फिर देवभूमि उत्तराखंड का मान बढ़ाया। अपने बेटे की इस उपलब्धि पर जुबिन के माता-पिता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामशरण नौटियाल और माता नीना नौटियाल



गर्व से भावुक हो उठे। वे इस खास मौके पर जयपुर में मौजूद थे और अपने बेटे को पुरस्कार ग्रहण करते देख बेहद खुश नजर आए। अवॉर्ड लेते हुए जुबिन ने कहा, ह्ययह सम्मान मेरे परिवार और प्रशंसकों के समर्थन का नतीजा है, जिन्होंने हमेशा मेरा हौसला बढ़ाया। बॉलीवुड के दिग्गजों को पीछे छोड़ हासिल किया खिताब इस प्रतिष्ठित श्रेणी में बॉलीवुड के दिग्गज गायक अरिजीत सिंह, करण औजला, दिलजीत दोसांझ और मित्राज जैसे दिग्गज नॉमिनेट थे, लेकिन जुबिन नौटियाल ने अपनी सुरीली आवाज से बाजी मार ली। जुबिन नौटियाल इससे पहले भी कई बड़े पुरस्कार जीत चुके हैं, जिनमें दादा साहब फाल्के अवॉर्ड शामिल है। अब दूसरी बार आईफा अवॉर्ड जीतकर उन्होंने एक नया इतिहास रच दिया है। बॉलीवुड में अपनी सुरीली आवाज से अलग पहचान बना चुके जुबिन नौटियाल के इस शानदार सफर पर पूरे जौनसार-बावर और उत्तराखंड को गर्व है।

# जिलाधिकारी ने पूरी की कालसी ब्लॉक की तीन अहम मांगें

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालसी।** क्षेत्र में स्वास्थ्य और परिवहन सुविधाओं को लेकर लंबे समय से उठ रही मांगों को आखिरकार पूरा कर दिया गया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर सीएचसी सहिया में सीटी स्कैन मशीन, नागथात क्षेत्र के लिए एंबुलेंस सेवा और देहरादून से कालसी तक इलेक्ट्रॉनिक बस सेवा की शुरूआत हो चुकी है। इन सुविधाओं के मिलने से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है। इस उपलब्धि के लिए ब्लॉक प्रमुख (प्रशासक) मठोर सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रधान संगठन अध्यक्ष जवाहर चकित समेत कई जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर आभार प्रकट किया और उन्हें पांच धामों का स्मृति चिन्ह, शॉल और अभिनंदन पत्र भेंट किया।



कालसी ब्लॉक की जनता लंबे समय से स्वास्थ्य और परिवहन सुविधाओं की मांग कर रही थी। कई बार प्रशासन से अनुरोध भी किया गया, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा था। जब ब्लॉक प्रमुख मठोर सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात की, तो उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए तीन महत्वपूर्ण मांगों को मंजूरी दी, जो अब पूरी हो चुकी हैं। सीएचसी सहिया में सीटी स्कैन मशीन और रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति अब मरीजों को जांच के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी।, नागथात क्षेत्र के लिए

- **जनप्रतिनिधियों ने डीएम से मुलाकात कर पांच धामों का स्मृति चिन्ह और अभिनंदन पत्र भेंट किया**

एंबुलेंस सेवा की शुरूआत, अब इमरजेंसी में मरीजों को त्वरित चिकित्सा सुविधा मिलेगी, जिससे जान बचाने में सहायता मिलेगी।, देहरादून से लांघा रोड होकर कालसी तक इलेक्ट्रॉनिक बस सेवापर्यावरण के अनुकूल इस बस सेवा से लोगों को सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी सोविन बंसल ने कहा कि ह्ययह सिर्फ शुरूआत है। आगे भी जनता की जरूरतों को प्राथमिकता दी जाएगी और विकास कार्यों को गति दी जाएगी। इस फैसले से जनता और प्रशासन के बीच भरोसा और मजबूत हुआ है। लोगों को उम्मीद है कि आने वाले समय में भी इसी तरह की सुविधाएं मिलती रहेंगी, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास हो सके। इस मौके पर ज्येष्ठ प्रमुख भीम सिंह चौहान, कनिष्ठ प्रमुख रितेश असवाल, प्रधान संगठन सचिव अनिल तोमर, प्रवक्ता कांति चौहान समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने जिलाधिकारी के त्वरित निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन की तत्परता से क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है।

## अपराध नियंत्रण व अनुसंधान संगठन ने किया बिजलवान को स्पेशल ऑफिसर नियुक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** शिक्षाविद एवं प्रधानाचार्य नवनीत बिजलवान को अपराध नियंत्रण एवं अनुसंधान संगठन (सीसीआरओ) दिल्ली द्वारा डिस्ट्रिक्ट स्पेशल ऑफिसर देहरादून के रूप में मनोनीत किया गया है। बिजलवान को यह जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप डोबरियाल द्वारा नियुक्ति पत्र भेज कर दी गई। बिजलवान को यह जिम्मेदारी सामाजिक सरोकारों के प्रति उनके जिम्मेदारी के भाव, उत्साह एवं सकारात्मकता को देखते हुए दी गई। बिजलवान की नियुक्ति पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रशांत ने खुशी जाहिर की तथा कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बिजलवान का योगदान सराहनीय एवं महत्वपूर्ण है तथा यह जिम्मेदारी



मिलने से शिक्षा के क्षेत्र में अवांछनीय गतिविधियों के प्रति वे और भी प्रभावी रूप से कार्य करेंगे। वहीं नवनीत बीजलवान ने यह जिम्मेदारी मिलने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्था का आभार व्यक्त किया तथा विश्वास दिलाया कि जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध वे पूर्ण मनोयोग से अपना योगदान प्रदान करेंगे।

## सीएम धामी ने पूर्व मुख्यमंत्रियों को दी होली की शुभकामनाएं



**देहरादूनक (शाह टाइम्स )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक से देहरादून स्थित उनके आवास में मुलाकात कर होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत से भागीरथी पुरम, देहरादून स्थित उनके आवास में जाकर मुलाकात कर होली की शुभकामनाएं दीं।

## डॉ. सैनी ने पुलिस महानिदेशक को भेंट की अंग्रेजी कविता

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** एस. जी. आर.आर. इंटर कॉलेज सहसपुर के प्रधानाचार्य डॉ. रवीन्द्र कुमार सैनी ने पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ के व्यक्तित्व और कृतित्व के ऊपर अंग्रेजी में उनके नाम के प्रत्येक अक्षर से कविता लिखकर भेंट की। पुलिस महानिदेशक ने कविता को अद्भुत बताते हुए डा. सैनी की कविता लेखन की सराहना की तथा डॉ. सैनी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपनी प्रतिभा का भरपूर उपयोग करना चाहिए। डॉ. रवीन्द्र कुमार सैनी ने कविता के माध्यम से पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ की चारित्रिक विशेषताओं, उनकी विनम्रता, उनकी सरलता, उनकी सौम्यता, सादगी का वर्णन किया है। डा.सैनी ने पुलिस





महानिदेशक को अवगत कराया कि इस विचित्र शैली में उन्होंने भारत की विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक, खेल, गीत सँगीत क्षेत्रों में विशिष्ट पहचान बनाने वाली 101 महान हस्तियां के व्यक्तित्व और कृतित्व के ऊपर कविताएं लिखी हैं जिनको एक पुस्तक का रूप दिया जा रहा है। पुस्तक इसी अप्रैल माह तक प्रकाशित हो जाएगी। पुलिस महानिदेशक ने डॉ. सैनी को कहा है कि वह भी उनके द्वारा चलाए जा रहे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में यथासंभव योगदान देंगे और किसी दिन विद्यालय में आकर वह उनके इस अभियान में शामिल होकर छात्र छात्राओं को संबोधित भी करेंगे।

## राज्य की डेमोग्राफी बदलने की मंशा रखने वालों के भाजपा सख्त खिलाफ: चौहान

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने प्रदेश में अवैध धार्मिक अतिक्रमण और मदरसों पर जारी कार्यवाही को प्रदेश हित मे बताते हुए कहा कि राज्य की डेमोग्राफी सरंक्षण और सांस्कृतिक स्वरूप को बनाये रखने के लिए यह कदम जरूरी है। पार्टी मुख्यालय में प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि धार्मिक शिक्षा की आड़ में नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़ की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती है। धर्म की आड़ में अवैध कब्जे कर राज्य की डेमोग्राफी बदलने की मंशा रखने वालों के भाजपा सख्त खिलाफ है। इससे पूर्व भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर ऐसी साजिशों के खिलाफ राज्य में बड़ी कार्यवाही की गई है। जिसमें 6 हजार एकड़ से अधिक भूमि कब्जे से मुक्त कर सरकार में समाहित की गई और देहरादून और अन्य जगहों पर सरकारी

**अवैध धार्मिक अतिक्रमण पर जारी कार्यवाही को जायज बताया**

कार्यवाही की जा रही है, जिसमें डेढ़ दर्जन से अधिक अवैध मदरसे और मस्जिद शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी ऐसी सभी कार्यवाहियों के पूर्णतया पक्ष में रही है और आगे भी इसकी पुरजोर पैरवी करती रहेगी। भाजपा की प्राथमिकता में प्रदेश और देश का सौहार्दपूर्ण विकास करना है और जो भी इसे बिगाड़ने का प्रयास करेगा उसका पार्टी यथाशक्ति पुरजोर विरोध करेगी।

# जन समस्याओं का समय पर हो रहा निस्तारण : बहुगुणा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम के तहत खांखरा में समस्याओं को सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। जनसुनवाई के दौरान प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया, जबकि कुछ मामलों को संबद्ध विभागों को प्रेषित करते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें और किसी भी समस्या के समाधान में अनावश्यक विलंब न हो। कार्यक्रम में ग्राम वासी कठैतगांव बैरांगणा, आंकसेरा, जोला, स्यूंणी के ग्रामीणों ने बताया कि



गैस को लेकर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रमोद सिंह नेगी ने खांखरा में कूड़े निस्तारण के उचित प्रबंधन की मांग की तथा ग्राम पंचायत खांकरा के रामपुर निवासियों ने कई मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें खांकरा पौड़ी खाल मोटर मार्ग निर्माण के दौरान कटिंग से निकले मलबे, मोटर मार्ग से गांव की पेयजल स्रोत क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे गांव में पेयजल की समस्या बनी हुई है। खांकरा निवासियों ने बताया कि सिरोहबगड़ स्लाइडिंग के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग डायवर्ट हो रहा है, जिससे खांकरा सहित बच्छणस्यूं क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग से कट जाएगा जिससे कि बाईपास पुल बनाकर खांकरा को जोड़ने की मांग की गई। क्षेत्रवासियों ने प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा के समक्ष अपनी समस्याएं रखते हुए समाधान की मांग की। मंत्री सौरभ बहुगुणा ने जल संस्थान, लोनिवि, सिंचाई विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से समाधान प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और सभी विभागों को जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेकर त्वरित निस्तारण करना चाहिए।

इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भाजपा भारत भूषण भट्ट, प्रदेश संगठन मंत्री, व्यापार प्रकोष्ठ बुद्धि बल्लभ ममगाईं, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र जोशी, मंडल अध्यक्ष शशि नेगी, मंडल अध्यक्ष बबीता कप्रवाण, सभासद सुरेंद्र रावत, प्रधान खांकरा कैलाश, अमित प्रदाली, उपजिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों की चुनाव आयुक्त ने की समीक्षा

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन की तैयारियों हेतु वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जनपदों के प्रभारी अधिकारियों, पंचास्थानि चुनावालय एवं जिला पंचायतराज अधिकारियों की समीक्षा बैठक की गई। आयुक्त सुशील कुमार ने पंचायत निर्वाचक नामावली में विशेष अभियान द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन पर 01 मार्च से दिनांक 22 मार्च तक चलने वाले विशेष अभियान की समीक्षा की गई, जिसमें जिला पंचायतराज अधिकारियों के माध्यम से प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत निर्वाचक नामावली-2025 का प्रदर्शन कर सभी ग्रामवासियों को सम्मिलित करते हुए बैठक आयोजित की जा रही हैं।

## केदारनाथ हाईवे को जोड़ने वाला जवाड़ी बाईपास बंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ हाईवे के जवाड़ी बाईपास पर बने पुल के एवरमेंट से लगे एप्रोच में निर्माण कार्य के चलते अचानक एप्रोच क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे पुल पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। जवाड़ी बाईपास से जाने वाले वाहनों की आवाजाही रुद्रप्रयाग मुख्य बाजार से हो रही है, जिससे यहां जाम की स्थिति पैदा हो रही है। केदारनाथ हाईवे को जोड़ने वाले गुलाबराय के पास जवाड़ी बाईपास में बने पुल पर बीते कुछ दिनों से एनएच लोनिवि की कार्यदायी संस्था द्वारा एप्रोच को पुल के निचले स्तर से ही ठीक करने का काम किया जा रहा है, जिसके चलते यहां जेसीबी मशीन से खुदाई हो रही थी। मंगलवार को खुदाई के दौरान अचानक पुल से लगी सड़क का मलबा धंसते हुए बड़ा हिस्सा टूट गया, जिससे पुल पर सुरक्षा को देखते हुए



तत्काल वाहनों की आवाजाही बंद करा दी गई है। पुल के एवरमेंट से लगे एप्रोच के ध्वस्त होने की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने एनएच लोनिवि के अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने एनएच लोनिवि के अधिशासी अभियंता ओंकार सिंह को जल्द एप्रोच को ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी यात्रा सीजन को देखते हुए किसी तरह की लापरवाही न की जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। यदि खामियां पाई गई तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वहीं रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने भी पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने एनएच के अधिकारी के साथ ही जिलाधिकारी को जल्द पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से पर जल्द कार्य पूरा करने को कहा। विधायक ने कहा कि आगामी यात्रा सीजन आने वाला है। ऐसे में अधिकारियों को पुल पर वाहनों की आवाजाही शुरू कराने के लिए यथा समय पर कार्य पूरा करने को कहा गया है।

# भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

## हल्द्वानी कोतवाली के मीटिंग हॉल में पीस कमेटी की बैठक

- एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने की अपील
- जानबूझकर किसी धर्म का अपमान किया तो कार्रवाई होगी: एसपी सिटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मंगलवार को कोतवाली के मीटिंग हॉल में एसपी सिटी प्रकाश चंद्र व सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई की अध्यक्षता में होली और रमज़ान के त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में हल्द्वानी शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के पीस कमेटी सदस्य, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी और धार्मिक अनुयायी मौजूद रहे। बैठक में एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र ने सभी पीस कमेटी सदस्यों को होली और रमज़ान पर्व की शुभकामनाएं दीं और सभी से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली और जुमा एक ही दिन पड़ रहे हैं, ऐसे में दोनों पर्वों को शांति और सौहार्द के साथ मनाना बेहद महत्वपूर्ण है। एसपी ने कहा धार्मिक आयोजनों के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। एसपी ने धार्मिक अनुयायियों से अपील की कि जुमे की नमाज़ केवल मस्जिदों के अंदर ही पढ़ी जाए, सड़क पर नहीं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जानबूझकर किसी धर्म का अपमान करता हुआ पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने त्योहारों के दौरान हुड़दंग, रेस ड्राइविंग और ड्रिंकिंग ड्राइविंग पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया।



बैठक में एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ाएं और बाजारों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करें। सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी, और किसी भी भ्रामक सूचना को प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई ने होलिका दहन स्थल मंगलपड़ाव में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की बात कही। इसके साथ ही धार्मिक आयोजनों के दौरान बिजली, पानी और अन्य जरूरी सेवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कोतवाल राजेश कुमार यादव, निरीक्षक जितेंद्र उप्रेती, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, जल संस्थान और विद्युत विभाग के अधिकारी, नगर निगम और व्यापार मंडल के प्रतिनिधि समेत कई अन्य अधिकारी और धार्मिक अनुयायी मौजूद रहे।

### वेतन के लिए नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी।** अस्थाई कर्मचारियों को पूरा वेतन देने और लंबित एरियर दिए जाने की मांग को लेकर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने मंगलवार को नगर आयुक्त ऋचा सिंह से मुलाकात की। इस दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि दैनिक कार्मिकों को फरवरी माह में 28 दिन का भुगतान किया गया है। इसके लिए माह में केवल 28 दिन होने का तर्क निगम प्रबंधन दे रहा है। वहीं जनवरी में 31 दिन काम किए जाने के बाद भी तीस दिन का वेतन ही दिया गया था। कार्मिकों को वेतन देने में दोहरी नीति अपनाई जा रही है जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने हर माह कुल दिनों के अनुसार भुगतान किए जाने की मांग की है। नगर आयुक्त ने कर्मचारियों की मांग पर सहमति जताते हुए कहा कि अगले माह से किए गए काम के दिनों के अनुसार वेतन दिया जाएगा। निगम की वित्तीय स्थिति ठीक होते ही भुगतान का भरोसा दिलाया। अध्यक्ष राहत मसीह, शाखा अध्यक्ष रवि चिंडालिया, जय प्रकाश, विजय पाल, अशोक चौधरी, दिनेश चौधरी, अमित कुमार, मुकेश, अमरदीप चौधरी, रोहित टांक, रतन, राजेश, विजय प्रमोद, अनूप मौजूद रहे।

# लोगों का संघर्ष रंग लाया, दमुआढूंगा नाले को डायवर्ट करने का काम शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** आखिरकार, जलभराव से निजात दिलाने के लिए गैरवैशाली क्षेत्र के कालोनीवासियों का संघर्ष रंग लाया। मंगलवार को नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों की एक टीम ने दमुआढूंगा स्थित बन चौकी नाले को डायवर्ट करने के लिए बनाई गई कार्ययोजना का कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान जिन स्थानों से अतिक्रमण हटाना बाकी था, वहां के निवासियों ने मौके पर ही नगर मजिस्ट्रेट को आवेदन देकर आश्वस्त किया कि वे जल्द ही अतिक्रमण हटा लेंगे। गौरतलब है कि पिछली बारिश में नाले का पानी क्षेत्र की एक दर्जन से अधिक कालोनियों में घुस गया था, जिससे जलभराव और भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई थी। तकरीबन 16 कालोनियों के लोग जुलाई माह से देवकी बिहार विकास समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडे के नेतृत्व में लगातार आंदोलन कर रहे थे। नाले के पानी को कालोनियों की ओर जाने से रोकने के लिए 99.68 लाख की कार्ययोजना तैयार की गई थी, और खनन न्यास से धनराशि भी मुहैया कराई गई थी। हालांकि, अतिक्रमणकारियों के विरोध के कारण कार्य शुरू नहीं हो सका था। नगर आयुक्त की ओर से अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए 14 दिसंबर तक की मोहलत दी गई थी, जिसके बाद अधिकांश अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण खुद ही हटा लिया। शेष दो लोगों ने नगर मजिस्ट्रेट को आवेदन देकर जल्द ही अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया है। इस संवेदनशील मुद्दे में जिलाधिकारी द्वारा विशेष रुचि ली गई थी। 18 जनवरी को खनन न्यास की बैठक में नाले को डायवर्ट करने के लिए बनी कार्ययोजना का परीक्षण करने के लिए नगर आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई थी। कमेटी ने 30 जनवरी को स्थलीय निरीक्षण किया और अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंपी। डीएम से स्वीकृति मिलने के बाद मंगलवार से कार्य शुरू हो गया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट, एसडीएम, तहसीलदार सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। प्रभावित कालोनीवासियों की ओर से देवकी बिहार विकास समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडे ने इस कार्य को शुरू किए जाने पर खुशी व्यक्त की और कमिश्नर, डीएम, नगर मजिस्ट्रेट, एसडीएम, सिंचाई विभाग के ईई, विधायक बंशीधर भगत और मीडिया का विशेष आभार व्यक्त किया।



# युवा कांग्रेस के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विशाल सिंह भोजक का स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** युवा कांग्रेस के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विशाल सिंह भोजक का स्वागत मंगलवार को युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाखड़ा पुल से सैकड़ों वाहनों के साथ रैली निकालकर किया। रैली के बाद सभी कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय स्वराज आश्रम पहुंचे, जहां जिलाध्यक्ष विशाल सिंह भोजक ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और इस दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विशाल सिंह भोजक ने पत्रकार से वार्ता करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस युवाओं के मुद्दों पर सड़क पर आंदोलन करने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा वोटर लिस्ट की गड़बड़ी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत जन-जन तक पहुंचेगी और पार्टी के नेता राहुल गांधी की आवाज को बुलंद करते हुए भाजपा को बेनकाब करेगी। इस अवसर पर युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी श्री चौहान, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, पूर्व दर्जा मंत्री ललित जोशी, राज्य आंदोलनकारी केदार पलिया, नीरज तिवारी, संजय किरोला, योगेश जोशी, महेश काडपाल, जया कर्नाटक, राधा आर्या, हेमंत साहू, प्रीति आर्या, राहुल पंत सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।



# युवक की रहस्यमय मौत, जेब से मिली जहर की पुड़िया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** तल्ली बमौरी मुखानी निवासी 38 वर्षीय कौशल जोशी पुत्र भुवन चंद्र जोशी की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। कौशल, जो अविवाहित थे और अकेले रहते थे।

बीती 8 मार्च को सुबह घर से दुकान के लिए निकले थे, लेकिन वह वापस घर नहीं लौटे। देर रात तक उनके न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की और लामाचौड़ इलाके में सड़क किनारे उन्हें बेहोश अवस्था में पड़ा पाया। कौशल को तुरंत एंबुलेंस की मदद से डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना के दिन कौशल की जेब से जहर की एक पुड़िया मिली थी, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उन्होंने जहर खाकर आत्महत्या की होगी। कौशल के परिजनों ने बताया कि उनका किसी के साथ रुपयों का लेनदेन चल रहा था और इसी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया होगा। हालांकि, पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। साथ ही, जहर की पुड़िया और उसके स्रोत की भी जांच की जा रही है। इस घटना ने परिजनों और स्थानीय लोगों को स्तब्ध कर दिया है।

# चौफुला चौराहे से अतिक्रमण हटाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** चौफुला चौराहे पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अवैध कब्जे हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जेडीएम नाला के पास स्थित वन चौकी से गुजरने वाले नाले पर हुए अतिक्रमण को लेकर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है। नाले से पानी की निकासी बाधित हो रही थी, क्योंकि धीरे-धीरे पक्के निर्माण होते गए और नाला संकरा हो गया था, जिससे पानी गैरवैशाली क्षेत्र के घरों में घुसने लगा था। इस गंभीर समस्या को लेकर गैरवैशाली क्षेत्र के लोगों ने धरना-प्रदर्शन शुरू किया था, जिसके बाद प्रशासन ने नाले और सड़क पर अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया। लोनिवि और नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें लगभग 12 अतिक्रमणकारी शामिल थे। नोटिस मिलने के बाद, आधा दर्जन अतिक्रमणकारियों ने स्वयं ही अपने अवैध कब्जे हटा दिए हैं। हालांकि, जिन अतिक्रमणकारियों ने अभी तक कब्जे नहीं हटाए हैं, उन्हें एक बार फिर से नोटिस जारी किया जाएगा। प्रशासन की यह कार्रवाई क्षेत्रीय लोगों के लिए राहत की खबर है, और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जल निकासी व्यवस्था में सुधार हो, ताकि आने वाले समय में जलभराव की समस्या न हो।

**नाले पर लोगों ने किया था पक्का निर्माण, जलभराव से मिलेगी राहत**



# यूओयू: विद्यापरिषद बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय

**महिलाओं और युवाओं के कौशल विकास हेतु कार्यक्रम तैयार करेगा यूओयू**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) की 31वीं विद्यापरिषद की बैठक मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में विद्यापरिषद के सभी सदस्यों की उपस्थिति में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जो राज्य में महिलाओं और युवाओं के कौशल विकास और उच्च शिक्षा को बढ़ावा देंगे। बैठक में सबसे पहले 30वीं बैठक के निर्णयों पर हुई कार्यवाही की समीक्षा की गई। इसके बाद, विद्यापरिषद ने राज्य की पंचायत स्तर की महिलाओं के क्षमता विकास के लिए विशेष मॉड्यूल तैयार करने का निर्णय लिया। विश्वविद्यालय महिलाओं को अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इसके तहत, विश्वविद्यालय कंप्यूटर साइंस, कॉमर्स, मैनेजमेंट और अन्य विषयों में नए पाठ्यक्रम विकसित करेगा, जिससे छात्रों को उद्योग आधारित व्यावसायिक शिक्षा और रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत समाज विज्ञान और मानविकी विद्याशाखा के अंतर्गत स्नातक कार्यक्रमों में रिसर्च प्रोजेक्ट, डिसर्टेशन व सेमिनार लागू किए जाने की सिफारिशों पर विचार और अनुमोदन किया गया। बैठक में शोध निर्देशक परिवर्तित किए जाने की सिफारिशों को भी मंजूरी दी गई। साथ ही, परीक्षा और प्रवेश की सिफारिशों का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में यूओयू के कुलपति प्रो. ओम प्रकाश सिंह नेगी, प्रो. एचसी पोखरियाल, प्रो. पीएस बिष्ट, प्रो. बृजेश कुमार पांडेय, प्रो. एचसी पुरोहित, प्रो. गिरिजा प्रसाद पांडेय, प्रो. पीडी पंत, प्रो. रेनू प्रकाश, प्रो. जितेंद्र पांडेय, प्रो. दुर्गेश पंत, प्रो. एमएम जोशी, डा. प्रवेश कुमार सहगल, डा. हरीश चंद्र जोशी, डा. नीरजा सिंह, डा. सुमित प्रसाद, कुलसचिव खेमराज भट्ट, वित्त नियंत्रक सूर्य प्रताप सिंह, और परीक्षा नियंत्रक सोमेश कुमार मौजूद रहे।



# रिवर वैली कॉलोनी में खड़ी होली

**हल्द्वानी।** कमालुवागांजा स्थित रिवर वैली कालोनी के मंदिर प्रांगण से इस वर्ष की होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलोनी के अलावा आस-पास की कॉलोनियों के होलियारों द्वारा खूब धूमधाम से खड़ी होली का गायन किया जा रहा है और होल्यार होली का आनंद ले रहे हैं। कॉलोनी के मंदिर प्रांगण में चीर बांधने के साथ ही यहां की विशेष खड़ी होली का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कॉलोनी के अध्यक्ष कैप्टन सोबन सिंह भड़ ने बताया कि इस आयोजन में सभी आयु वर्ग के लोग, बुजुर्गों से लेकर युवाओं और बच्चों तक, उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं। यह परंपरागत होली उत्सव हर वर्ष मनाया जाता है, जो समुदाय में एकजुटता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। इस दौरान मुख्य होलियारों में गणेश पंत, जगदीश बेलवाल, धन सिंह कुंजवाल और करम सिंह बिष्ट सहित अलावा बड़ी संख्या में बुजुर्ग, मातृशक्ति और बच्चे शामिल थे।



# प्रेस क्लब ने होली में समा बांधा

**हल्द्वानी।** प्रेस क्लब फॉर पब्लिक वेल्फेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान हीरानगर स्थित उत्थान मंच में आयोजित होली महोत्सव में मंगलवार को धूम मची रही। कार्यक्रम के दौरान होली गायक पवन कार्की ने समा बांधा। इस मौके पर पूर्व सूचना निदेशक योगेश मिश्रा व उत्थान मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पवन कार्की द्वारा आज विरज में होली रे रसिया, जल कैसे भरु जमुना गहरी.. को गाकर जमकर लुत्फ उठाया।

# पूर्व सैनिकों ने किया मेयर का स्वागत

**हल्द्वानी।** पूर्व सैनिकों और राष्ट्रीय सुरक्षा बल के जवानों द्वारा एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसमें मेयर गजराज सिंह बिष्ट का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम समारोह पर मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने अपने संबोधन में सभी पूर्व सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया और उन्हें एकजुट रहने की अपील की।

उन्होंने कहा कि उनकी छोटी सरकार अपने क्षेत्राधिकार के अंदर पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान का हर संभव प्रयास करेगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि संपत्ति नगरपालिका संख्या 11/1, कालिदास रोड (पुराना संख्या 11, नया कैंट रोड), जिला देहरादून क्षेत्र 216.54 वर्ग मीटर का स्वामित्व अधिकार श्री कुशाल सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री गोपाल सिंह के पास था और श्री कुशाल सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री गोपाल सिंह और रत्निमा सिंह पत्नी कुशाल सिंह की मृत्यु के बाद। मालिकों ने अविरल सिंह पुत्र श्री कुशाल सिंह के पक्ष में हस्तांतरण किया। श्री कुशाल सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री गोपाल सिंह और रत्निमा सिंह पत्नी कुशाल सिंह का कानूनी उत्तराधिकारी श्री अविरल सिंह है। उसके बाद नगर निगम देहरादून द्वारा फाइल संख्या 25-06-2022 में म्यूटेशन आदेश पारित किया गया। V-IV 2737/21-22 श्री अविरल सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री खुशाल सिंह के नाम उक्त संपत्ति के संबंध में श्रीमती पूनम डोभाल पत्नी अनिल डोभाल को उक्त संपत्ति बेचने के संबंध में, श्री अविरल सिंह से उक्त संपत्ति खरीदने और मेरे ग्राहक आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से खरीद ऋण प्राप्त करने वाले खरीदार के संबंध में। यदि किसी को स्वामित्व अधिकार और खरीद या ऋण के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो वह 7 दिनों की अवधि के भीतर दस्तावेजी सबूत के साथ मेरे समक्ष आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है। 7 दिनों की अवधि के बाद किसी भी दावे या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा और इसे शुरू से ही शून्य माना जाएगा।

एडवोकेट- आलोक पुंडीर - मोबाइल नंबर- 9412054582, पतारू निवास सह कार्यालय - 184/71, वेस्ट कैनाल रोड, माजरा, देहरादून (यू.के.)

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, पौड़ी गढ़वाल।**
**वैवाहिक विच्छेद बाद संख्या 82 सन् 2024**

श्रीमती आशा चौहान उम्र करीब 24 साल, पत्नी श्री वीरेन्द्र सिंह रावत पुत्री श्री स्व० मोहन सिंह चौहान आधार कार्ड नम्बर-3895 3191 0868 हाल मायका ग्राम व पोस्ट उफल्डा, पट्टी इडवालस्यूं तहसील श्रीनगर जिला पौड़ी गढ़वाल। याची/वादिनी

**बनाम**

श्री वीरेन्द्र सिंह रावत उम्र करीब 32 साल, पुत्र श्री जोत सिह रावत निवासी ग्राम झबरावाला, पो०ओ०-बुल्लावाला, तहसील डोईवाला, जिला देहरादून। प्रतिवादी/विरूद्ध पक्ष

**समन बनाम-**

श्री वीरेन्द्र सिंह रावत उम्र करीब 32 साल, पुत्र श्री जोत सिंह रावत निवासी ग्राम झबरावाला, पो०ओ०-बुल्लावाला, तहसील डोईवाला, जिला देहरादून। चूंकि उपरोक्त याची/वादिनी श्रीमती आशा चौहान द्वारा आपके विरूद्ध एक याचिका अन्तर्गत धारा-13 (1)(iक) (iख) हिन्दू विवाह अधिनियम विवाह विच्छेद की डिक्री चाहने हेतु प्रस्तुत की गयी है जिसमें दिनाँक 11-4-2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: आप उक्त तिथि को न्यायालय में स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखें। यदि ऐसा करने में आपके द्वारा चूक की गयी तो आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 10-03-2025 को जारी।

प्रधान न्यायाधीश
पारिवारिक न्यायालय, पौड़ी गढ़वाल।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर, देहरादून**

पंत्राकः- 1019/ठेका नीलामी/2024-25 दिनांक 11/03/2025

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर, देहरादून द्वारा अपनी सीमान्र्तगत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निम्नलिखित ठेको की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 26-03-2025 को समय प्रातः 11:00 बजे कार्यालय सभागार में की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित जमानत धनराशि की एफ0डी0आर0, बैंकर चैक अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बंधक, हैसियत प्रमाण पत्र/चरित्र प्रमाण पत्र ;जो जिलाधिकारी द्वारा निर्गतद्ध, निवासी प्रमाण पत्र एवं अदेयता प्रमाण पत्र स्वः प्रमाणित कर दिनांक 25-03-2025 तक जमा करने अनिवार्य होंगे। नीलामी में उसी व्यक्ति को भाग लेने का अधिकार होगा, जिसके द्वारा उपरोक्त शर्तें पूरी की गई है। किसी एक या समस्त बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को रहेगा। निम्नलिखित ठेके की शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0स0 | ठेके का नाम | जमानत | सरकारी बोली |
|---|---|---|---|
| 01 | साप्ताहिक पैठ सोमवार | 1.00 लाख | 12.50 लाख |
| 02 | दैनिक तहबाजारी शुल्क | 1.00 लाख | 8.25 लाख |
| 03 | मीट/मांस/बकरा, सुअर आदि | 0.10 लाख | 0.48 लाख |

बी0एल0आर्य
अधिशासी अधिकारी

नीरू देवी
अध्यक्ष

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड थराली

पत्रांक: 2706/सिं.ख.थ/निविदा / थराली दिनांक : 10/03/2025

**अति-अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या: - 08/अधि०अभि0/2024-25**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से गैरसैंण एवं समीपवर्ती आबादी को पेयजल आपूर्ति के लिये रामगंगा नदी पर प्रस्तावित बांध परियोजना की डी०पी०आर० अपग्रेडेशन कार्य (विशेषज्ञों द्वारा सर्वेक्षण, जियोलोजिकल मैपिंग, डी०पी०आर० की समीक्षा एवं जलाशय रिम ट्रीटमेंट विश्लेषण रिपोर्ट) हेतु पंजीकृत कन्सल्टेन्ट / ठेकेदारों से दिनाँक 17/03/2025 को 11:00 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन 15:30 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोलने की तिथि से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जॉब संख्या | धरोहर धनराशि | कार्य अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मा० मुख्यमंत्री मद के अन्तर्गत गैरसैंण एवं समीपवर्ती आबादी को पेयजल आपूर्ति के लिये रामगंगा नदी पर प्रस्तावित बांध परियोजना की डी०पी०आर० अपग्रेडेशन का कार्य। | 01 | 46500.00 | 02 माह | 2500 +18% GST |

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड से देखी जा सकती है।

(परशुराम चमोली)
अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड थराली

## Roorkee Business School

**Vacancy**

Applications are invited for Assistant professor in department of Art/Science/Commerce/Agriculture/Home Science/Yoga for U.G and P.G level.

**Salary & Qualification:** As per UGC and University Norms

Applicants can mail their resume within 07 days on rbsroorkee@gmail.com

**Campus:** Prahaladpur, Laksar, Distt: Haridwar

**Contact: 8218943851, 8193910126.**

## यूजेवीएन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्स: 0135-2763507 वैबसाइट: www.ujvnl.com

सं0 185 दिनांक 11.03.2025

**निविदा सूचना**

कार्यालय (अधिशासी अभियन्ता (वि0 एवं या0-द्वितीय), लखवाड़ एम0पी0पी0 (300 मे0वा0) डाकपत्थर द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

**निविदा सं0 10/अ0अभि0 (वि0 एवं या0.-द्वितीय)/एल0पी/2024-25**
**कार्य/पूर्ति/सेवायें का नाम -लखवाड विद्युत गृह के पास एल.टी. लाइन की आपूर्ति एवं निर्माण कार्य**
**अनुमानित लागत: 23,73,778.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)**
**वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि: 12/03/2025**
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: 04/04/2025**

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "**www.ujvnl.com**" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

अधि0 अभि0 (वि0 एवं यां0-द्वितीय)

" बिजली के दुरूपयोग से बचें"

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की प्रार्थी की भूमि खाता सं0-630 खसरा नं0-3908मि0 रकबा 208 वर्गमीटर स्थित मौजा-रसूलपुर तहसील विकासनगर, जिला देहरादून की भूमि को स0 जगमोहन सिंह पुत्र श्री हरनाम सिंह निवासी- वार्ड नं0-01 विकासनगर, जिला देहरादून को दिनांक 13.01.2023 पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से किया हुआ था जिसकी मूल रजिस्ट्री प्रार्थी के पास है तथा इससे पूर्व की 03 रजिस्ट्री निम्नवत है- (क) यह कि स0 जगमोहन सिंह पुत्र श्री हरनाम सिंह ने उक्त भूमि श्रीमती महेन्द्र कौर पत्नी श्री हरभजन सिंह कोचर निवासी- वार्ड नं0-01 विकासनगर, जिला देहरादून से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 18.02.2022 को क्रय किया हुआ था, जिसका इन्द्राज उपनिबंधक कार्यालय विकासनगर, प्रथम जिला देहरादून के यहाँ बही नं0- 1 जिल्द 6038 पृष्ठ 25 से 48 पर कमांक 1446 दिनांक 18.02.2022 को विधिवत रूप से दर्ज व अंकित है जिसको शपथकर्ता विकासनगर बाजार में फोटो स्टेट करवाने के लिए लाया था और जिसका पृष्ठ संख्या-2 व 6 कहीं गुम हो गया है। (ख) यह कि प्रार्थी ने विक्रय पत्र के माध्यम से श्रीमती बलवीन कौर पत्नी श्री गुरचरण सिंह कालरा, निवासी-बदामावाला रोड विकासनगर, जिला देहरादून से भूमि क्रय की थी तथा श्रीमती बलवीन कौर पत्नी श्री गुरचरण सिंह कालरा ने उक्त भूमि श्रीमती महेन्द्र कौर पत्नी श्री हरभजन सिंह कोचर निवासी- वार्ड नं0-01 विकासनगर, जिला देहरादून से पंजीकृत विक्रय पत्र को क्रय किया हुआ था, जिसका पंजीयन बही नं0-1 जिल्द-5186 पृष्ठ 49 से 72 क्रमांक 2301 दिनांक 29.07.2020 में सब रजिस्ट्रार प्रथम विकासनगर में दर्ज व अंकित है तथा प्राथी दिनांक 28.02.2025 को स्थान विकासनगर बाजार में गया तो उक्त मूल विक्रय पत्र प्रार्थी के साथ थे, एवं उक्त मूल विक्रय पत्र कही गिर गया है जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले है। जिसकी गुमशुदगी कोतवाली विकासनगर चौकी में जीडी नंबर 38 दिनांक 08/03/2025 दर्ज है, इस सम्पत्ति को क्रेता श्री सुधीर कुमार पुत्र श्री राम अवतार निवासी वार्ड 8 सिनेमा गली विकासनगर द्वारा भारतीय स्टेट बैंक विकासनगर (ब्रांच कोड 08001) में बंधक कर ऋण लेना चाहते हैं।

# टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर डे-नाइट मैच होगा

● ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच होस्ट करेगा मेलबर्न, मार्च-2027 में खेला जाएगा मुकाबला



**1877 का पहला टेस्ट और टेस्ट क्रिकेट में 100 साल पूरे होने पर 1977 में खेला गया था**

**मेलबर्न, वार्ता।** दुनिया के सबसे पुराने क्रिकेट प्लेइंग नेशन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच टेस्ट के 150 साल पूरा होने पर खेले जाने वाला मैच डे-नाइट होगा। यह एकमात्र टेस्ट 11 से 15 मार्च 2027 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के ऐतिहासिक मैदान में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एनाउंस किया मेंस टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पर टेस्ट मैच पिंक बाल से खेला जाएगा।1877 का पहला टेस्ट और टेस्ट क्रिकेट में 100 साल पूरे होने पर 1977 का टेस्ट लाल गेंद से एमसीजी में खेला गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया सीईओ टाड ग्रीनबर्ग ने कहा, श्यह अवसर खेल के विकास को बढ़ावा देगा। एमसीजी में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होंगे। डे-नाइट टेस्ट इसका रोमांच और बढ़ा देगा। ´डब्ल्यूटीओ का पार्ट नहीं होगा मैच ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के यह मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं होगा, लेकिन यह 2027 सेशन के 12 टेस्ट मैचों में से एक होगा, जिसमें श्रीलंका में 3, न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 और भारत में 5 टेस्ट शामिल होंगे। इस साल ऑस्ट्रेलिया की टीम एशेज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी और फिर साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में भाग लेगी। 7 महीने पहले पूर्व सीईओ निक हाकले ने जानकारी दी 7 महीने पहले सितंबर में यह जानकारी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ब्म्० निक हाकले ने दी थी। उन्होंने कहा था, श्मार्च-2027 में एमसीजी में 150वीं एनिवर्सरी टेस्ट विश्व के महान खेल में से एक क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ फार्मेट का उत्सव होगा। हम उस ऐतिहासिक अवसर पर इंग्लैंड की मेजबानी करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।श हाकले ने कहा  कि हमें लान्ग टर्म मेजबानी का ऐलान करते हुए खुशी हो रही है, जो अगले 7 साल में कुछ शानदार क्रिकेट मैचों के स्थान निश्चित करते हैं। यह शेडड्रूल तय करता है कि देश भर में सही समय पर बेस्ट प्लेस में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला जाएगा।  100 साल पूरा होने पर भी हुआ था मैच, ऑस्ट्रेलिया जीता टेस्ट के 100 साल पूरा होने पर भी इन दोनों टीमों के बीच इसी मैदान पर टेस्ट मैच खेला गया था। 1977 में खेले गए उस मुकाबले को ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था। 1877 में हुए पहले टेस्ट मैच को भी ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था। क्रिकेट की सबसे पुरानी सीरीज एशेज भी इन दो देशों के बीच खेली जाती है। सीजन का पहला टेस्ट पर्थ में ही होगा 2030-31 सीजन तक हुए इस समझौते के अनुसार, अगले 7 साल तक बाक्सिंग डे टेस्ट मेलबर्न में होगा। इतना ही नहीं नए साल का टेस्ट सिडनी में ही खेला जाएगा। क्रिसमस से तुरंत पहले का टेस्ट ऐडिलेड, जबकि सीजन का पहला टेस्ट पर्थ में आयोजित होगा, हालांकि पर्थ ने सिर्फ अगले 3 साल के लिए ही क़रार किया था। इसका मतलब यह भी है कि अगले साल का एशेज पारंपरिक गाबा, ब्रिस्बेन की मैदान की जगह पर्थ में आयोजित होगा। 2032 के ओलिंपिक को देखते हुए गाबा के स्टेडियम में निर्माण कार्य चल रहा है और इस दौरान वहां बहुत कम टेस्ट होंगे।

## टीम इंडिया के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर स्पेशल कैंसलेशन जारी

**स्पेशल कैंसलेशन भारत की खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण कदम**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय डाक विभाग ने भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर मंगलवार को स्पेशल कैंसलेशन जारी किया है, इसमें भारत का विजयोत्सव लिखा हुआ है। महाराष्ट्र सर्कल के मुख्य डाक महाप्रबंधक अमिताभ सिंह ने कहा कि यह स्पेशल कैंसलेशन भारत की खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो इस ऐतिहासिक जीत को यादगार बनाया गया है।

2 दिन पहले 9 मार्च को भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराते हुए चैंपियंस ट्राफी का खिताब जीता था। टीम इंडिया ने 12 साल बाद चैंपियंस ट्राफी अपने नाम की है। टीम ने इस टूर्नामेंट को तीसरी बार जीता है। भारतीय डाक विभाग के महाराष्ट्र सर्कल ने यह कैंसलेशन जारी किया। भारतीय डाक विभाग खास मौकों पर अपने स्पेशल कैंसलेशन जारी करता है। यह डाक टिकट कलेक्टर्स और क्रिकेट प्रेमियों के लिए खास है। कैंसलेशन मुंबई जीपीओ में जनता के लिए उपलब्ध है, जिससे क्रिकेट और डाक प्रेमी इसे एक यादगार संग्रह के रूप में अपना सकते हैं। स्मारक टिकट- खास आयोजन, वर्षगांठ और हस्तियों के सम्मान में जारी किए जाते हैं। निश्चित टिकटरू रोजाना मेलिंग के लिए जारी किए जाते हैं। स्पेशल टिकट: डाक टिकट कलेक्टर्स या चैरिटी के लिए जारी किए जाते हैं।

इंडिविजुअल्स टिकटरू अपनी खुद की छवि या डिजाइन के साथ बनवाए जा सकते हैं। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टास जीतकर बैटिंग की और 251 रन बनाए। भारतीय टीम ने 252 रन का टारगेट 49 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। रोहित शर्मा ने 76 रनों की पारी खेली। उन्होंने शुभमन गिल के साथ 105 रन की ओपनिंग साझेदारी की।




## पाक के खिलाफ टी-20 सीरीज में कप्तान बने ब्रेसवेल



**ब्रेसवेल नियमित सफेद गेंद कप्तान मिचेल सैंटनर की जगह लेंगे**

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ रविवार से शुरु होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए माइकल ब्रेसवेल को टीम का कप्तान बनाया है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा कि अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्वकप के लिए न्यूजीलैंड की तैयारियों के मद्देनजर यह श्रृंखला महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले ब्रेसवेल नियमित सफेद गेंद कप्तान मिचेल सेंटनर की जगह लेंगे। ब्रेसवेल के लिए घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड की अगुआई करने का यह पहला मौका है, इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान दौरे पर सफेद गेंद टीम की कप्तानी की थी। टीम में ईश सोढ़ी की वापसी हुई है। तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और विल ओ'रूर्के पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। जबकि मैट हेनरी फिटनेस आकलन के बाद अंतिम दो मैचों में खेलेंगे। टीम का कप्तान बनाये जाने पर ब्रेसवेल ने कहा कि अपने देश की कप्तानी करना बहुत सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैंने पिछले वर्ष पाकिस्तान में टीम की कप्तानी का लुफ्त उठाया था और इस सीरीज के लिए उनमें से कई खिलाड़ियों की टीम में वापसी बहुत बढ़िया है। मिच सेंटनर ने बेहतरीन काम किया है और मेरा ध्यान उनके अच्छे काम को आगे बढ़ाने पर रहेगा, साथ ही टीम के प्रदर्शन के लिए सकारात्मक माहौल तैयार करना होगा। पाकिस्तान के साथ होने वाली घरेलू टी-20 श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम इस प्रकार है: माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउलकेस (मैच 4-5), मिच हे, मैट हेनरी (मैच 4-5), काइल जैमीसन (मैच 1-3), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, विल ओ'रुरके (मैच 1-3), टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी। पहला टी-20 मैच 16 मार्च रविवार को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में, दूसरा मैच 18 मार्च मंगलवार को डुनेडिन यूनिवर्सिटी ऑफ ओटागो ओवल में, तीसरा मैच 21 मार्च शुक्रवार को ऑकलैंड ईडन पार्क, चौथा मैच 23 मार्च रविवार को टॉरंगा बे ओवल में तथा पांचवां टी-20 मैच 25 मार्च बुधवार को वेलिंग्टन के स्काई स्टेडियम में खेला जायेगा।

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए पोली, ब्री और फ्लोरा को टीम में शामिल किया



**गेज को एकदिवसीय सीरीज के दौरान तीसरे मैच में चोट लगी थी उनके ठीक होने के समय की समीक्षा की जा रही है**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों टी-20 सीरीज के लिए चोटिल इसाबेला गेज, हेले जेनसन और बेला जेम्स के स्थान पर विकेटकीपर बल्लेबाज पोली इंगलिस, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ब्री इलिंग और ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर को टीम में शामिल किया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट कहा कि गेज को एकदिवसीय सीरीज के दौरान तीसरे मैच में चोट लगी थी। हम उनके ठीक होने के समय की समीक्षा की जा रही है। जेन्सन और जेम्स दोनों को एकदिवसीय सीरीज से पहले चोट लग गई थी और वे अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पायी हैं। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम सभी इजी, हेले और बेला के लिए दुखी हैं।

यह टीम और खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक है। उन्होंने कहा ब्री और पॉली ने अपने एकदिवसीय करियर की शुरुआत बहुत सकारात्मक तरीके से की। मुझे दोनों पर पूरा विश्वास है। वे अगली चुनौती के लिए तैयार हैं। फ्लोरा ने घरेलू स्तर पर ऑलराउंड क्षमता दिखाई है। टी-20 सीरीज का पहला मैच 14 मार्च को क्राइस्टचर्च में होगा। दूसरा मैच 16 मार्च को खेला जाएगा। इसके बाद तीसरा मैच 18 मार्च को डुनेडिन होगा।

### खेल विशेष

## चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद सामने आई श्रेयस अय्यर की पीड़ा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी श्रेयस अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हालांकि, उन्होंने खुलासा किया कि पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीसरी बार आईपीएल ट्रॉफी दिलाने के बावजूद उन्हें वह पहचान नहीं मिली, जिसकी वह उम्मीद कर रहे थे। इस साल, अय्यर पंजाब किंग्स की कप्तानी करेंगे, जिन्होंने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा है। श्रेयस अय्यर ने कहा किमैंने व्यक्तिगत तौर पर महसूस किया कि आईपीएल जीतने के बाद मुझे वह पहचान नहीं मिली, जिसकी मैं उम्मीद कर रहा था। लेकिन अंत में, जब तक आपके अंदर आत्म-सम्मान है और आप सही काम करते रहते हैं, तो यही सबसे ज्यादा मायने रखता है। मैं यही करता रहा। पिछले साल, अय्यर आठवें कप्तान बने, जिन्होंने आईपीएल ट्रॉफी जीती। उन्होंने केकेआर को तीसरी बार चौंपियन बनाया और सनराइजर्स हैदराबाद को फाइनल में हराया। हालांकि, तीन सीजन तक फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहने के बाद भी केकेआर ने उन्हें रिलीज कर दिया। इसके बाद, पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा, जो आईपीएल इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी बोली थी। पंजाब किंग्स अय्यर का आईपीएल में तीसरा फ्रेंचाइजी होगा और यह उनकी तीसरी लीडरशिप भूमिका भी होगी। उन्होंने 2015 में दिल्ली कैपिटल्स के साथ आईपीएल की शुरुआत की थी और 2018 में उन्हें कप्तानी मिली। 2020 में, उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को पहली बार आईपीएल फाइनल तक पहुंचाया। श्रेयस अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में 243 रन बनाए और न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्रा के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 2024 में एक शानदार साल गुजारा है। वह मुंबई टीम का हिस्सा थे।

## सरकार ने कुश्ती महासंघ पर लगा निलंबन हटाया

भारतीय कुश्ती संघ
WRESTLING FEDERATION OF INDIA

**घरेलू टूर्नामेंटों के आयोजन और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हुआ**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पर से बैन हटा लिया। जिससे घरेलू टूर्नामेंटों के आयोजन और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हो गया है।

अब तक स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया और एडहाक कमेटी प्रशासनिक जिम्मेदारियों को संभाल रही थी। मंत्रालय ने साल 2023 में अंडर-15 (न्-15) और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के लिए डब्ल्यूएफआई को 24 दिसम्बर को बैन कर दिया था। दरअसल साल 2023 में 21 दिसम्बर को डब्ल्यूएफआई का अध्यक्ष बनने के बाद संजय सिंह ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के क्षेत्र में नेशनल जूनियर के नेशनल चैंपियनशिप कराने का ऐलान कर दिया था। जिसके बाद 24 दिसम्बर को खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई को बैन कर दिया। बृजभूषण सिंह के खिलाफ 2023 जनवरी में महिला पहलवानों ने जंतर-मंतर पर दिया था धरना साल 2023 में 16 जनवरी को ओ. लिंपिक मेडलिस्ट साक्षी महिल, विनेश फोगाट सहित कई महिलाओं पहलवानों ने उस समय के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण सिंह शरण के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाते हुए जंतर मंतर पर धरना शुरू किया था। उनके समर्थन में ओलिंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया भी धरने में शामिल हुए थे। उस समय खेल मंत्रालय के आश्वासन के बाद पहलवानों ने धरना खत्म कर दिया था और फिर से अप्रैल में धरना प्रदर्शन किया था। साल 21 अप्रैल को महिला पहलवानों ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ दी थी शिकायत 21 अप्रैल 2023 को नई दिल्ली, कनाट प्लेस के एसएचओ को संबोधित करते हुए 6 लोगों के नाम के पत्र मिले थे। इन 6 नामों में कुश्ती की कई जानी-मानी खिलाड़ियों के नाम थे। इन सभी शिकायतकर्ताओं ने तब डब्ल्यूएफआई के प्रेसिडेंट बृजभूषण शरण सिंह और उनके सेक्रेटरी विनोद तोमर पर यौन शोषण का आरा. ेप लगाया था। इन शिकायती पत्रों में पिछले करीब 8 से 9 सालों में अलग-अलग मौकों पर यौन शोषण की बात लिखी मिली। इसके अलावा शिकायत करने वाली पहलवानों ने यह भी बताया कि उन्होंने पहले ही युवा और खेल मंत्रालय में शिकायत की है। इसकी जांच के लिए वहां एक ओवरसाइट कमेटी का भी गठन किया गया। मामले में थ्प्त दर्ज करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की गई थी। संजय सिंह के जीतने बाद साक्षी मलिक ने लिया था संन्यास और बजरंग पूनिया ने पद्मश्री पुरस्कार लौटा दिया था साल 2023 में 22 दिसम्बर को बजरंग पूनिया ने डब्ल्यूएफआई के चुनाव में बृजभूषण सिंह के समर्थक संजय सिंह के अध्यक्ष का चुनाव जीतने के बाद अपना पद्मश्री पुरस्कार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घर के बाहर रख दिया था। वहीं 21 दिसम्बर को साक्षी मलिक ने संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में मेज पर जूते रखकर कुश्ती छोड़ने का ऐलान किया था। साल 2023 में 21 दिसम्बर को संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद साक्षी मलिक ने संन्यास की घोषणा की थी। संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद बजरंग पूनिया ने पद्मश्री अवार्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घर के बाहर रख दिया था।

## गढ़वाल ने जुबा संघा को हराकर जीता फुटसल लीग खिताब

● गढ़वाल की जीत का आकर्षण उसके खिलाड़ियों का तालमेल रहा

**नई दिल्ली, वार्ता।** गढ़वाल यूनाइटेड ने दिल्ली फुटसल महिला लीग के फाइनल मुकाबले में जुबा संघा को 4-1 से हरा कर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। इंदिरा गाँधी केडी जांधव इंडोर स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल में अनुभवी खिलाडियों से सुसज्जित गढ़वाल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच सनफिदा नॉन्गरोम, श्रुति कुमारी, लीडिगी किम और थीमलालजी रूबी ने एक एक गोल किए।

वहीं जुबा संघा की ओर से एकमात्र गोल निधि ने किया। गढ़वाल की जीत का आकर्षण उसके खिलाड़ियों का तालमेल और सूझबूझ रही तो युवा संघा के खेल में अनुभव की कमी दिखी जिसके कारण उसने हार का सामना करना पड़ा। गढ़वाल की सनफिदा को प्लेयर ऑफ द लीग, पैंग्रेसी रीवान को टॉप स्कोरर और ईमी की एलिश को श्रेष्ठ गोल कीपर का सम्मान मिला। इस अवसर पर डीएसए अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।



## शापोवालोव को हराकर अल्काराज इंडियन वेल्स के चौथे दौर में

कैलिफोर्निया, वार्ता। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को कनाडा के  डेनिस शापोवालोव को हराकर इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली है। यहां 38 मिनट तक चले मुकाबले में अल्काराज ने कनाडाई खिलाड़ी को 6-2, 6-4 से मात दी। यह अल्काराज की लगातार 14वीं जीत है। बुधवार को अल्काराज का सामना नंबर 14 सीड ग्रिगोर दिमित्रोव और गेल मोनफिल्स के होने वाले मैच के विजेता से होगा।

## केएल राहुल ने ठुकराया कप्तानी का ऑफर

**दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने राहुल के सामने कप्तानी करने का प्रस्ताव रखा था, इन्कार कर दिया**

**मुंबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी से लौटते ही केएल राहुल ने कप्तानी को लेकर एक बड़ा फैसला किया है। राहुल का ये फैसला आईपीएल कप्तानी से जुड़ा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राहुल ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तानी करने का ऑफर ठुकरा दिया है। रिपोर्ट में कहा गया कि दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने राहुल के सामने कप्तानी करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे मानने से उन्होंने इन्कार कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केएल राहुल ने कप्तानी का प्रस्ताव ठुकराते हुए कहा कि वो ज्यादा से ज्यादा बतौर खिलाड़ी टीम के लिए अपना योगदान देना चाहते हैं। केएल राहुल के कप्तानी से इन्कार करने के बाद अब ऐसे कयास लग रहे हैं कि अक्षर पटेल दिल्ली फ्रेंचाइजी की कमान संभाल सकते हैं।

क्योंकि, कप्तानी को लेकर असली जद्दोजहद इन्हीं दो नामों के बीच थी। दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल को आईपीएल 2025 के मेगा आक्शन में 14 करोड़ रुपये की बोली लगाकर खरीदा था। चूंकि राहुल के पास आईपीएल में पहले कप्तानी करने का अनुभव रहा है। 2020-21 में वो पंजाब किंग्स और 2022 से 2024 तक वो लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान रहे थे। ऐसे में जब वो दिल्ली से जुड़े तो कप्तानी की रेस में उनका नाम सबसे आगे चला, लेकिन, अब जैसा कि मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वो सिर्फ बतौर खिलाड़ी ही खेलना चाहते हैं, राहुल का ये फैसला भी दिल्ली के लिए काम कर सकता है। आईपीएल में राहुल सबसे कंसिस्टेंट परफार्मेन्स करने वाले खिलाड़ियों में एक रहे हैं। उन्होंने 2018 से 2024 तक खेले आईपीएल के 7 सीजंस में से 6 में 500 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं।

## आईपीएल में 27 करोड़ कमाने वाले पंत ने क्यों कहा: टीम युवा क्रिकेटर देश का प्रतिनिधित्व करने पर ध्यान दें:ऋषभ पंत

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का मानना है कि आईपीएल का आकर्षण होना लाजमी है, लेकिन युवा क्रिकेटरों को देश का प्रतिनिधित्व करने पर ध्यान देना चाहिए। उनका कहना है कि अगर आपका लक्ष्य भारत के लिए खेलना है, तो बाकी चीजें अपने आप ठीक हो जाएंगी। पंत ने जिओ हाटस्टार को दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'बचपन से मेरा सपना सिर्फ भारत के लिए खेलना था। मैंने कभी आईपीएल के बारे में नहीं सोचा। हां, आईपीएल एक बड़ा मंच है, लेकिन अगर आपका लक्ष्य देश के लिए खेलना है, तो सब कुछ अपने आप हो जाता है।' 27 साल के ऋषभ पंत ने 2017 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। वह चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी रहे, हालांकि उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा सोचता था कि मुझे भारत के लिए खेलना है। ईश्वर की ख्रपा से मुझे 18 साल की उम्र में ये मौका मिला और मैं इसके लिए आभारी हूं।' पंत को उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और एक हाथ से छक्का मारने के लिए जाना जाता है। अक्सर उनका बल्ला हाथ से छूट जाता है।

### होली व रमजान के महीने में एसपी देहात का आजमन से आह्वान

# आपसी सौहार्द से मनाएं त्योहार: सुयाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रंगों के त्योहार होली व रमजान माह के मौके पर एसपी देहात ने लोगों से आह्वान किया है कि आपसी सौहार्द के साथ मिलजुल कर त्योहार मनाए और साथ ही एक दूसरों की भावनाओं का भी ख्याल रखेंअसामाजिक तत्वों से सावधान रहें । त्योहार हमें आपस में भाईचारे का पैगाम देते हैं इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है कि त्यौहार मनाते समय हमें दूसरे की भावनाओं का भी पूरा ध्यान रखना है । साथी उन्होंने लोगों से यह भी आह्वान किया कि वह केमिकल युक्त रंगों का इस्तेमाल न करें गंदगी कीचड़ से भी दूर रहें फूलों की होली खेलेया फिर रंगों की क्वालिटी का जांच लें वरना हमें खुद को नुकसान हो सकता है चेहरा खराब होने के साथ हमारा शरीर भी बीमारी की चपेट में आ सकता है।

एसपी देहात शेखर चंद्रा सुयाल ने क्षेत्र के सभी वर्ग के लोगों से आह्वान किया कि इस वक्त रमजान का महीना चल रहा है और आने वाले शुक्रवार को होली रंगो का त्यौहार भी है लेकिन हमें होली के त्योहार पर हुडदंगियों से बचाना है से बचाना है आपसी सौहार्द के साथ त्योहार को मानना है साथ ही दूसरे लोगों की भावनाओं का भी हमें कदर करनी है । उन्होंने कहा कि कोई भी त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मानना चाहिए हमारी जिम्मेदारी है हम सभी की भावनाओं का ख्याल रखें कोई भी ऐसा कामना करें जिससे समाज में कोई बुराई पैदा हो व समाज में दूरियां बढ़ इसलिए एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखते हुए अपने त्योहार को सौहार्द के साथ मनाएं। एसपी देहात शेखर चन्द्र सुयाल ने कहा कि अगर



किसी इलाके में मुस्लिम भाइयों की मस्जिद में नमाज अदा की जा रही है तो उस वक्त वहां होली का हुड़दंग मचाने से परहेज करें । और मुस्लिम समाज के भाइयों को भी यह करना चाहिए कि वह होली के दिनअपने नजदीकी मस्जिदों में नमाज अदा करे और अपने घरों में रहे ताकि कोई असामाजिक तत्व किसी भाई के साथ कोई बदसलूकी ना कर सके । एसपी

> ❖एक-दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखकर मिलजुलकर मनाएं त्योहार
>
> ❖गंदगी, कीचड़, पक्के व केमिकलयुक्त रंगों से भी होली ना खेले

देहात ने असामाजिक तत्वों को भी सख्त चेतावनी दी है कि जो होली के हुड़दंग के जरिए उत्पात मचाएगा व कानून का उल्लंघन करेगा ऐसे लोगों के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की हुडदंगियों पर पूरी नजर रहेगी । उत्पतियों पर हर तरह से पैनी निगाह रखी जा रही है ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी जोहोली के त्यौहार में खलल डालना चाहेंगे चाहे वह किसी भी समाज से ताल्लुक रखता हो लेकिन फालतू का हुड़दंग व उत्पात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एसपी देहात शेखर चन्द्र सुयाल ने कहा कि कोई भी त्यौहार हमें आपस में मोहब्बत का पैगाम देता है भाईचारा बढ़ता है चाहे वह होली हो दिवाली हो या ईद हो कोई भी पर्व हो इसलिए हम सभी को एक दूसरी के त्योहारों में एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखना है प्यार मोहब्बत से मिलजुल कर हमें त्यौहार मनाने चाहिए अब यह रंगों का त्योहार होली है होली में हमें विशेषतौर पर ध्यान रखना है कि केमिकल युक्त रंग का इस्तेमाल न करें श गंदगी कीचड़ से बचें कोई ऐसा काम ना करें जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे उन्होंने कहा कि अब मुस्लिम भाइयों का रमजान का महीना चल रहा है होली के दिन शुक्रवार है मुस्लिम समाज के लोग अपनी मस्जिदों में नमाज के लिए जाते हैं तो उसे वक्त रंग किसी मुस्लिम भाई पर ना गिरे इसका ख्याल रखें । एसपी देहात ने मुस्लिम समाज से भी आह्वान किया कि वह होली के दिन बिना किसी जरूरी काम के में अपने घरों से बाहर न निकले नमाज अपने नजदीकी मस्जिद में ही अदा करें किसी भी दूसरे समाज पर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी न करें आपस में प्यार के साथ मिलजुल कर त्योहार मनाए एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखें हुड़दंग्यों से बचें अपना भी ध्यान रखें और दूसरों का भी ध्यान रखें।

# जल संस्थान गंगा ने चस्पा किए अन्तिम नोटिस आरसी की कार्रवाई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगा सीवर की टीम और पेयजल टीम ने बड़े बकाएदारों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। बीटी गंज और सिविल लाइन में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर अन्तिम नोटिस चस्पा किए गए एवं बकदारो को चिह्नित किया जा रहा है। उन्होंने बताता किसी भी सूरत में अवैध कनेक्शन नहीं चलने दिए जाएंगे अधिशाषी अभियंता द्वारा सखघ्त निर्देश दिए गए है। अवैध कनेक्शनधारको के खिलाफ एफ आई आर कराई जाए जिसके लिए विभागीय अधिकारी और चौधरी चरण सिंह को निर्देषित किया गया है। टीम जगह जगह जांच करेगी और अवैध कनेक्शनधारको को तत्काल शिकंजा कसा जाए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा सीवर की टीम और पेयजल टीम ने बड़े बकाएदारों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। सहायक अभियंता जुनैद गौड ने बताया अवैध कनेक्शन धारक तत्काल कार्यालय पहुंचकर कनेक्शन करा ले वर्तमान में विजिलेंस अवैध कनेक्शन की जांच हेतु नगर में आ चुकी है। जांच हेतु मार्च में विजिलेंस द्वारा चेकिंग में पकड़े जाने पर जुर्माना के साथ साथ एफ आईआर और आरसी की कारवाई भी अमल में लाई जाएगी। इसके अतिरिक्त अगर किसी भी प्रतिष्ठान शोरुम होटल इत्यादि ने सीवर कनेक्शन नहीं लिया है वो तत्काल पेनल्टी के साथ अपना कनेक्शन शुल्क जमा करा दे। अन्यथा उक्त कारवाई हेतु आवश्यक प्रक्रिया गतिमान है।

# छात्रा ने गंगनहर में लगाई छलांग, सीपीयू ने बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एक युवती ने आत्महत्या के इरादे से गंगनहर में छलांग लगा दी। मौके पर गश्त कर रहे सीपीयू कर्मियों ने नहर में कूदकर युवती की जान बचाई और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। युवती एम ए की छात्रा बताई गई है जो पिछले कई दिनों से मानसिक तनाव मे है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह सोलानी पुल के समीप एक युवती अचानक से नहर में कूद गई। लोगों ने शोर मचाना शुरू किया तो कांवड़ पटरी पर गश्त कर रहे सीपीयू उप निरीक्षक मनोज शर्मा और कांस्टेबल कृपाराम चौहान ने नहर की ओर दौड़े उन्होंने देखा कि युवती डूबने लगी है तभी उन्होंने भी बिना देर किए गंगनहर में छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद सीपीयू कर्मियों ने युवती को नगर निगम पुल घाट पर बाहर निकाल



लिया। युवती बेसुध हालत में थी उसके पेट से पानी निकाला गया और उसे फिर उनके द्वारा उपचार के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने सीपीयू कर्मियों की सराहना की और युवती के लिए उन्हें मसीहा बताया। वहीं युवती की पहचान कर उसके परिजनों को भी सूचना दी गई है। वहीं मौके पर पहुंचे युवती के परिजनों का कहना है कि युवती एम ए प्रथम वर्ष की छात्रा है जो कई दिन से मानसिक तनाव में है आज वह उसे लेकर बालाजी मंदिर जाने वाले थे लेकिन सुबह उनके उठने से पहले ही युवती रुड़की पहुंची जहां उसने गंगनहर में छलांग लगा दी। फिलहाल छात्रा का उपचार सिविल हॉस्पिटल में चल रहा है।

# लिव इन रिलेशन भारतीय संस्कृति के अनुरूप नहीं: चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चमन लाल महाविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में संविधानविद एवं विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय संस्कृति में लिव-इन रिलेशनशिप की कोई परंपरा नहीं है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे मान्यता दी है। इसी कारण उत्तराखंड में इसे यूसीसी के अंतर्गत रेगुलेट किया गया है।

संगोष्ठी में बोलते हुए मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि कानून का धर्म से कोई रिश्ता नहीं होता। इसका उद्देश्य समाज में अनुशासन स्थापित करना है। संविधान सभा की बहस (डिबेट) में डॉ. भीमराव आंबेडकर ने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने की वकालत की थी, लेकिन तत्कालीन परिस्थितियाँ चुनौतीपूर्ण थीं। इसलिए इसे लागू नहीं किया जा सका था। उन्होंने कहा कि यूसीसी किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है और यह सिर्फ विवाह, संपत्ति, गोद लेना और उत्तराधिकार को समान दृष्टि से लागू करता है। विशिष्ट




अतिथि एस. पी. सिंह इंजीनियर ने कहा कि इस देश में सभी धर्म एवं जातियों के लोग रहते हैं, अत: कानून भी सभी के लिए समान होने चाहिए। किसी देश के बारे में जानना हो तो उसकी महिलाओं की स्थिति देखनी चाहिए। उत्तराखंड सरकार बधाई की पात्र है, जिसने सर्वप्रथम अपने यहाँ यूसीसी लागू किया। आज विश्व में हम पाँचवीं अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। मुख्य वक्ता प्रो. प्रकाश लखेड़ा ने कहा कि समान नागरिक संहिता कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। राष्ट्र के विकास की सूची में यह अपना 135वाँ स्थान रखता है। उत्तराखंड पहला राज्य है, जहाँ यूसीसी लागू किया गया और स्त्रियों के अधिकारों को भी संरक्षित किया गया है। विधालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा से बड़ा कुछ नहीं हो सकता। शिक्षा के द्वारा ही हम आत्मनिर्भर बन सकते है। कार्यक्रम में डॉ. विमल कांत तिवारी, डॉ. निशु कुमार, ऋषभ गुप्ता, अंकुश कौशिक, रॉबिन मित्तल के अलावा महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जीआईसी लाठर देवा के छात्रों ने की शैक्षिक भ्रमण यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज लाठर देवा हूण नारसन हरिद्वार के कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण यात्रामे देहरादून संपन्न हुई। भ्रमण के पूर्व पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठर देवा हूण नारसन के प्रधानाचार्य चंद्रपाल ने छात्र-छात्राओं को सफलतापूर्वक शैक्षिक भ्रमण के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने विज्ञान धाम झाझरा मे स्थित विज्ञान गैलरी फन साइंस, एडवांस टेक्नोलॉजी, हिमालय गैलरी , डिजिटल लैब, ब्रेन साइंस लैब, कि आई लैब एवं 3क फिल्मका पूरे मनोयोग के साथ अवलोकन किया और जानकारी ली। इस दौरान यहां के कर्मचारी कैलाश चंद्रा, ओम प्रकाश रावत नितिन तथा कपिल ने छात्र-छात्राओं को गहन जानकारी मैं सहयोग दिया । वहीं दूसरी ओर वन अनुसंधान केंद्र देहरादून का भी भ्रमण किया जिसके अंतर्गत वन अनुसंधान केंद्र संग्रहालय में उपस्थित होकर जहां जानकारी प्राप्त की। शैक्षिक भ्रमण के दौरान पीएम श्री प्रभारी विपुल सालार, दिनेश सिंह, आलोक द्विवेदी, सूरजभान, अरुणा राठी, अनीता देवी, प्रताप नारायण तथा अनु आदि ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया।

# मिलजुलकर मनाएं होली व रमजान का त्योहार, हुड़दंगियों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली परिसर में होली और रमजान महीने के दृष्टिगत के चलते एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें सभी समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में पुलिस ने रमजान एवं होली के पर्व को क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है। होली और रमजान का त्योहार शांति और सौहार्द से मनाने को लेकर मंगलवार को मंगलौर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में होली त्योहार शांति और सौहार्द से मनाने को लेकर सभी ने अपने



विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी शांति कुमार ने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने सभी से अपने-अपने समुदाय तक यह जानकारी पहुंचाने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि अराजकता फैलाने या अफवाह उड़ाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा सभी त्योहार आपसी मेलजोल, शांति और सौहार्द की सीख देता है। सभी लोगों से शांति और सौहार्द से होली और रमजान पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा होली के दिन पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ा दी जाएगी। हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखी जाएगी, ताकि कोई अप्रिय घटना ना हो सके। इस अवसर दोनों समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारा बनाए रखने बात कही।

# निगम में तैनात वित्त अधिकारी की शिकायत, एमएनए ने बैठाई जांच

### पार्षद नितिन ने खरीद फरोख्त में लगाए अनियमितताओं के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम में तैनात वरिष्ठ वित्त अधिकारी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद मामले में विभागीय जांच बिठाई गई हैं। यह जांच तीन सदस्य टीम करेगी और रिपोर्ट नगर आयुक्त को सौंपेगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम पार्षद नितिन त्यागी ने वरिष्ठ वित्त अधिकारी पर निगम कार्यालय की विद्युत व्यवस्था सुचारु रखने के लिए खरीदे गए जरनरेटर की विशेषता में बदलाव करने के साथ ठेकेदार से कमीशन प्राप्त करने के प्रयास के आरोप लगाए थे। इसके साथ ही आरोप यह भी थे कि जेसीबी में डीजल भरवाने माह के अंतिम दिनों में पेट्रोल पंप संचालक व लोडर वाहन चालक से लाखों रुपए प्राप्त किए गए। मामले में महापौर अनीता अग्रवाल ने समिति के माध्यम से दोनों पक्षों को सुनकर जांच करवाने के निर्देश दिए थे। वहीं इस निर्देश के बाद नगर आयुक्त राकेश तिवारी ने सात मार्च को तीन सदस्य टीम गठित की। इस टीम में सहायक नगर आयुक्त अमरजीत कौर,वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी आनंद श्रीवास्तव,अधिशासी अभियंता आनंद मिश्रवाण को शामिल किया गया है। नगर आयुक्त ने टीम को निर्देशित किया है कि मामले में प्राविधानों के तहत उभय पक्षों को सुनकर व जरनेटर की पत्रावली एवं वाहन ईंधन भुगतान पंजिका का परीक्षण कर अभिलेखीय आधार पर जांच आख्या एक पक्ष के अंतर्गत प्रस्तुत करें, ताकि तदनुसार जांच आख्या अग्रिम कार्यवाहीं के लिए महापौर के सामने प्रस्तुत की जाए।

वहीं इस संबंध में महापौर अनीता अग्रवाल का कहना है पार्षद ने शिकायत की थी कि कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे इसलिए मामले में तीन सदस्य जांच समिति गठित की गई है।

# समर्पण के होली मिलन समारोह में कवियों ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** समर्पण जन कल्याण संगठन के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में हास्य कवियों ने रुड़की की जनता को खूब गुदगुदाया। देश के प्रसिद्ध कवियों द्वारा रुड़की शहर की जनता को खूब ठहाके लगाने पर विवश कर दिया। साकेत स्थित धर्मशाला में कार्यक्रम का शुभारंभ समर्पण महिला शाखा ने महिमा श्री के द्वारा दीप प्रज्वलित कराकर सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन देहरादून के कवि श्रीकांत के द्वारा किया गया। श्रीकांत ने वीर रस के छंदों के साथ माहौल को देश भक्ति के रंग में रंग दिया। मेरठ की कवित्री महिमा श्री ने देशभक्ति एवं श्रृंगार रस की कविताओं से कार्यक्रम स्थल को दर्शकों की तालिया से गुंजायमान कर दिया। चारो ओर सिर्फ तालियों की ही ध्वनी थी। दिल्ली से आए कवि विनोद पाल एवं गाजियाबाद के प्रसिद्ध युवा कवि कुशल कुशवाहा ने भी अपने काव्य पाठ से दर्शकों की वाहवाही लूटी। विनोद पाल के द्वारा हास्य व व्यंग्य बेटी की विदाई का किस्सा जब सुनाया गया मामा, भांजी की जब विदाई करता है,तो दर्शकों के हंस-हंसकर आंखों से पानी बहने लगते है। कार्यक्रम के अंत में लाफ्टर चौलेंज शो मास्टर हास्य कवि सरदार प्रताप फौजदार ने अपने अंदाज में काव्य पाठ शुरू किया। सर्वप्रथम उन्होंने देश की राजनीति पर लोगों को खुब गुदगुदाया इसके बाद उन्होंने पति पत्नी के हास्य व्यंग्य के बाण चलाए। कार्यक्रम के अंत मे शाखा के अध्यक्ष नरेश यादव ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और कवि गण का धन्यवाद किया गया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, संस्था के संरक्षक विकास गोयल, विकास सिंगल संस्था के संरक्षक मनोज गोयल, जितेंद्र मलिक, अनिल नर्नोली, अरविंद गौतम, पार्षद सतवीर सिंह, पार्षद धीरज पाल,पार्षद शुभम गोयल, पार्षद राहुल त्यागी, संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश गर्ग, महामंत्री प्रदीप गोयल, कोषाध्यक्ष शशिकांत अग्रवाल, उपाध्यक्ष विकास गुप्ता संजीव सैनी, श्रवण सैनी ,संदीप यादव ,इंद्रजीत सिंह यादव, निखिल ,नवीन त्यागी,सौरभ सिंघल, व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद कश्यप, सरदार इंद्रजीत सिंह टिक्कू, आंचल सैनी, श्रद्धा हिंदू, सुचिता गुप्ता, उमा त्यागी, रेनू पुरी, प्रतिभा गर्ग, कविता तायल आदि उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर से बैटरी चोरी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** बाजुहेड़ी गांव निवासी एक किसान की तहरीर पर ट्रैक्टर से बैट्री चोरी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

कलियर थाना क्षेत्र के बाजुहेड़ी निवासी विशाल सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि घर के बाहर उसका ट्रैक्टर खड़ा था। मंगलवार की सुबह जब वह अपने ट्रैक्टर को चालू करने के लिए गया था उसके ट्रैक्टर से बैट्री गायब थी।उसने पास में लगे सीसीटीवी में देर रात दो चोरों ने ट्रैक्टर से बैट्री चोरी कर ई -रिक्शा में ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।पीड़ित ने अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं।थाना प्रभारी दिलवर सिंह नेगी ने बताया कि चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी हैं।

# लाइनमैन पर गाली गलौज व जान से मारने धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** डाडा बिजलीघर पर तैनात लाइनमैन ने एक व्यक्ति पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले तहरीर दी हैं। कलियर थाना क्षेत्र निवासी हकीमपुरतुर्रा निवासी कल्लू ने पुलिस चौकी में तहरीर देकर बताया कि वह डाडा में बिजलीघर पर लाइनमैन हैं।सोमवार को ऊर्जा निगम की ओर से हकीमपुरतुर्रा गांव में कैंप लगाया गया था।इस बीच गांव के एक व्यक्ति ने उसकी मोटरसाइकिल रोक ली और उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की हैं।इ 'मलीखेड़ा चौकी प्रभारी उमेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही हैं।

# पुलिस ने एक वारंटी को दबोचा

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी पर राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लकसर ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओ को शत प्रतिशत तामिल करने के लिए निर्देशित किया गया था। पुलिस टीम के द्वारा मूकबीर की सूचना पर छापेमारी करते हुए रवि कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी ग्राम अकोढा खुर्द थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार किया गया।

# बसपा ने शिवम कश्यप को बनाया उत्तराखंड का प्रदेश सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** बहुजन समाज पार्टी कार्यालय पर शिवम कश्यप समाजसेवी को प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने बताया बहन कुमारी मायावती के आदेश अनुसार एवं बसपा हाई कमान के द्वारा शिवम कश्यप को बहुजन समाज पार्टी में उत्तराखंड प्रदेश सचिव बनाया गया है उन्होंने कहा शिवम कश्यप से बड़ी आशा है कि वह बहुजन समाज पार्टी में बसपा के संविधान अनुसार लोगों के जनहित के मुद्दों पर काम करेंगे उन्होंने यह भी कहा कि बसपा परख कर ईमानदार आदमी को ही जिम्मेदारी सौंपती है और शिवम कश्यप से यही आशा है वही शिवम कश्यप ने कहा कि आज लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद के नेतृत्व में बसपा हाई कमान ने मुझे जो उत्तराखंड में सचिन की जिम्मेदारी सोपी गई है मैं बहन कुमारी मायावती के आदेश अनुसार बसपा के संविधान के अनुसार लोगों की सेवा करूंगा उन्होंने यह भी कहा कि



बहुजन समाज पार्टी जो कहती है वही करती है क्योंकि लक्सर विधानसभा में नगर पालिका परिषद लक्सर में पहली बार बहुजन समाज पार्टी के चुनाव चिन्ह पर संजीव उर्फ नीटू अध्यक्ष बने हैं जो सभी के लिए गौरव की बात है वहां पर दर्जनों बसपा के मुख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे

# लघु उद्योग भारती ने मनाया होली मिलन उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दीप रेजिडेंसी में लघु उद्योग भारती हरिद्वार ग्रामीण द्वारा होली मिलन उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें राज्य कर उपायुक्त अभय पांडेय, राज्य कर उपायुक्त तारकेश्वर मिश्रा, अधिशासी अभियंता यू पी सी एल आशुतोष तिवारी, सहायक लेबर कमिश्नर धर्मराज अतिथि के रूप में पधारे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय सिंह तोमर प्रदेशअध्यक्ष लघु उद्योग भारती उत्तराखण्ड ने की कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री राजीव गोयल, प्रदेश सह संयोजक सदस्यता अभियान राहुल देव दंड, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित त्यागी, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री मयंक जी,जिला हरिद्वार अध्यक्ष श्री मनोज पुंडीर जी,जिला महामंत्री श्री निखिल गोयल जी,आई पी 4 संयोजक सुरजीत सिंह भुल्लर जी, जिला हरिद्वार ग्रामीण अध्यक्ष कुलदीप सिंह, उपाध्यक्ष श्री पंकज बंसल जी, कोषाध्यक्ष श्री तरुण सुराना जी, संयुक्त मंत्री श्री गजेंद्र सिंह जी,संयोजक श्री मधुसूदन चौहान जी के साथ विभिन्न उद्योगों के उद्योग मित्र शामिल हुए। उद्योग मित्रों ने सभी को होली पर्व की अग्रिम



बधाई दी और ईश्वर से सभी के लिए होली शुभ हो ऐसी कामना की लघु उद्योग भारती का आदर्श वाक्य उद्योग हित राष्ट्र हित है जो सर्व हित में विश्वास करता है जिसमें उद्योग मित्रों का परिवार जिनमें उद्योग से जुड़े श्रमजीवी भी सम्मिलित हैं का हित भी समाहित है।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

बुधवार, 12 मार्च 2025

## टैरिफ पर सफाई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जबसे सत्ता में आए है। तभी से वह अपने बयानों को लेकर चर्चाओं में बने हुए है। हालांकि बातें व वही कर रहे है जिसके बारे में वह 20 जनवरी को शपथ लेने से पूर्व कहते रहे है। कभी वह रूस-यूक्रेन युद्ध को रुकवाने की बात कहते है। तो कभी गाजा को लेकर विवादस्पद बयान देते है। वैसे वह टैरिफ लगाने के मामले को लेकर अधिक चर्चा बटौर रहे है। विचित्र बात यह है कि इस मामले में वह दोस्त और दुश्मन में कोई भेद नहीं कर रहे है। जिसके चलते उनकी कई मित्र देशों से दूरियां भी बढ़ी है। जिसमें कनाडा, मेक्सिको, भारत जैसे देश शामिल है। यह देखना भी बेहद अजीब लगता है कि वह भारत को अपने बयानों में अधिक निशाने पर रख रहे है। ट्रम्प कई बार कह चुके है कि भारत वह देश है जो अमेरिकी उत्पादों पर सबसे अधिक ट्रैरिफ लगाता है। बदले में उन्होंने भारतीय उत्पादों पर भी जैसे को तैसा के अंदाज में ट्रैरिफ लगाने की बात कही है। बीते शुक्रवार को भी ट्रम्प ने अपने बयान में कहा था कि भारत हमसे बहुत ज्यादा ट्रैरिफ वसूलता है। उनका कहना था अमेरिकी भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि भारत अब अपने ट्रैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है। क्योंकि हम उनके किए की पोल खोल रहे है। उन्होंने यह भी चेताया कि हमारे देश को हर किसी ने लूटा है। जबसे ट्रम्प का यह बयान आया भारतीय राजनीति में एक हलचल सी मच गई है। जो कि स्वभाविक भी है। देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कह भी दिया कि आखिर ट्रम्प किस की पोल खोलने की धमकी दे रहे है। यह साफ होना चाहिए। अब तक इस पूरे मुद्दे पर मोदी सरकार की प्रतिक्रिया देखने में नहीं आई है, लेकिन एकाएक मंगलवार को भारतीय कॉमर्स सेक्रेटरी सुनील बर्थवाल ने संसदीय पैनल को यह बताकर कि भारत ने अमेरिका के साथ ट्रैरिफ में कटौती को लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया है और साथ ही कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बातचीत अभी जारी है। बर्थवाल ने यहा तक कहा कि अमेरिका राष्ट्रपति के दावो और मीडिया रिपोर्टो पर भरोसा नहीं किया जा सकता। बर्थवाल का यह भी कहना था कि भारत व्यापार विस्तार का समर्थन करता है लेकिन ट्रैरिफ वार से किसी को फायदा नहीं है और इससे मंदी आ सकती है। भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अंधाधूंध तरीके से ट्रैरिफ कम नहीं करेगा। ट्रम्प को समझना होगा कि जिस तरह उन्हे अपने देश के राष्ट्रीय हित प्यारे है दूसरे लोगों को भी अपना हित देखना सर्वोपरी होता है। एक-दूसरे की समस्याओं को समझते हुए आगे बढ़ना सही रास्ता होता है। अगर कोई भी देश केवल अपने हित के बारे में सोचेगा तो इससे व्यापार व अन्य बातों की समझ में आगे बढ़ने में कठिनाई पैदा होगी। भारत ने अमेरिका को यही बात समझाने की कोशिश की है।

### होली और रमजान की आड़ में राजनीति ठीक नहीं



होली और रमजान की आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं है और सरकार को सभी धर्मो के अनुयायियों के मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए, जैसा कि विदित है कि इस समय रमजान चल रहे हैं और इसी बीच जल्दी होली का भी त्योहार आ रहा है, जिसे मद्देनजर रखते हुए यूपी सहित पूरे देश में सभी राज्य सरकारों को इसे आपसी भाईचारे में तब्दील करना चाहिए, यह सभी के हित में होगा, इसकी आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं, सम्भल की तरह अधिकारियों का गलत इस्तेमाल करना ठीक नहीं तथा इनको कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

**सुश्री मायावती**
**अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# स्वास्थ्य का सबसे बड़ा दुश्मन है धूम्रपान



**अतुल गोयल**

प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 12 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस हर साल एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2025 के 'नो स्मोकिंग डे' की थीम है 'इस नो स्मोकिंग डे पर अपनी जिंदगी वापस लें'। पहली बार यह दिवस 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। यह गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। चूंकि बच्चों का मन कोमल होता है, इसीलिए तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद वे यह समझने की स्थिति में नहीं होते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है।

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। वरिष्ठ पत्रकार योगेश कुमार गोयल की पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में विस्तार से बताया गया है कि सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन



डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं। गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी।

संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है। धूम्रपान कितना खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सिगरेटों के खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि बीमारियों में भी धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मनुष्य के फेफड़ों में जादुई क्षमता होती है, जो धूम्रपान से होने वाले कुछ नुकसान को स्वयं ठीक कर देती है और जो व्यक्ति धूम्रपान छोड़ देते हैं, उनकी चालीस फीसदी कोशिकाएं ऐसे लोगों की तरह ही हो जाती हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।

**धूम्रपान से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण बिंदू**

**धूम्रपान के नुकसान...**

1. फेफड़ों का कैंसर:-
2. हृदय रोग:-
3. सांस की समस्याएं:-
4. दांतों और मसूड़ों की समस्याएं
5. गर्भावस्था में समस्याएं

**धूम्रपान छोड़ने के फायदे...**

1. स्वास्थ्य में सुधार:-
2. जीवनकाल में वृद्धि:-
3. आर्थिक बचत:-
4. परिवार और दोस्तों के लिए बेहतर वातावरण

**धूम्रपान छोड़ने के तरीके...**

1. निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी:-
2. काउंसलिंग:-
3. समर्थन समूह:-
4. धूम्रपान विरोधी दवाएं:-

# अनौपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भूमिका

दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली की एक झुग्गी बस्ती में नाई की दुकान और किराने की दुकान के बीच स्थित डॉ. 'आर' के बहुत ही छोटे से दवाखाने में मैंने कुछ दिलचस्प देखा। मैंने देखा कि डॉ. 'आर' बड़ी कुशलता से एक अधेड़ व्यक्ति की सलाइन बदल रहे हैं। उस मरीज़ की पत्नी पास में बैठी थी और थकी-थकी सी लग रही थी। उसने कहा कि कल तो ठीक थे, आज अचानक बेहोश हो गए तो मैं इन्हें यहां ले आई।

डॉ. 'आर' ने 12 साल पहले इस बस्ती में अपनी प्रैक्टिस शुरू की थी। इससे पहले वे सफदरजंग अस्पताल में डॉक्टर के सहायक के रूप में काम करते थे। उनके पास कोई औपचारिक चिकित्सकीय प्रशिक्षण या डिग्री नहीं है लेकिन उनके मरीज़ों को इससे कोई आपत्ति नहीं है। डॉ. 'आर' कहते हैं, दिल्ली में उनके जैसे लाखों डॉक्टर हैं और यदि ये सभी अपनी प्रैक्टिस बंद कर दें तो अस्पतालों में भीड़ लग जाए।

डॉ. 'आर' जैसे अनौपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की संख्या दिल्ली के गरीब इलाकों में काफी अधिक है। ये आम तौर पर किसी प्रशिक्षित डॉक्टर के सहायक, फार्मासिस्ट/कंपाउंडर या स्वास्थ्य सुविधाओं में गैर-चिकित्सकीय कर्मचारी के रूप में शुरुआत करते हैं, और कुछ वर्षों के अनुभव के बाद स्वतंत्र रूप से अपनी प्रैक्टिस शुरू कर देते हैं।

**स्रोत फीसर्च**

अक्सर एलोपैथी में काम करने वाले ये अनौपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता (आईएचपीएस) किसी एक चिकित्सा प)ति के प्रति वफादार नहीं होते। समुदाय में बसे ये आईएसपी (प्राय: पुरुष) बीमार या घायल लोगों द्वारा इलाज की तलाश में पहला संपर्क बिंदु होते हैं। एक तरह से ये उनके 'फैमिली डॉक्टरश की तरह होते हैं।

ग्रामीण भारत पर ध्यान दें तो, आईएसपीएस के पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ यह तर्क दिया जाता है कि वे स्वास्थ्य प्रणाली में 'रिक्त स्थानों' को भरते हैं। हालांकि, औपचारिक स्वास्थ्य प्रणालियों तक गरीबों की पहुंच में रुकावट डालने वाले कारण, जैसे सरक. ारी अस्पतालों में भेदभावपूर्ण व्यवहार या औपचारिक सुविधाओं की कमी, महत्वपूर्ण हैं लेकिन यह जानना भी आवश्यक है कि किन अन्य कारणों से लोग आईएचपीएच की सेवाएं लेते हैं।

दिल्ली जैसे शहरों पर गौर करके यह समझने में मदद मिल सकती है, जहां कागज़ों पर 'पर्याप्त' सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। आखिर, आईएसपीएस वास्तव में क्या उपलब्ध कराते हैं? इस लेख में आईएसपीएस की भूमिका और भारत में 'फैमिली डॉक्टर' के महत्व का विश्लेषण किया गया है। साथ ही, दवाखानों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा की जटिलताओं पर सवाल उठाए गए हैं, जो आईएसपीएस के संदर्भ से परे होते हुए भी प्रासंगिक हैं।

फैमिली डॉक्टर जो अक्सर जनरल प्रैक्टिशनर के पर्याय होते हैं, लेकिन हमेशा नहीं प्राथमिक स्वास्थ्य प्रदाता होते हैं जो परिवारों में विभिन्न उम्र के लोगों की विभिन्न बीमारियों का इलाज करते हैं। अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में, फैमिली डॉक्टर एक 'दोहरी ख्रष्टि' रखते हैं। एक ओर तो वे मरीज़ को एक शरीर या मन के रूप में देखते हैं जिसे चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता है और साथ ही उसे एक संपूर्ण इंसान के रूप में देखते हैं, जो अन्य लोगों के साथ जटिल सम्बंधों में उलझा है। दृष्टिकोण का यह दोहरापन और मरीज़ों तथा उनके परिवारों के साथ उनकी नज़दीकी, उन्हें 'व्यक्तिगत स्वास्थ्य सेवा' प्रदान करने के सक्षम बनाती है।

यह सरकारी और निजी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के बढ़ते व्यावसायीकरण के चलते डॉक्टरों से मिलने वाली नौकरशाही नुमा और बेरुखी से भरी सेवा के विपरीत है। फैमिली डॉक्टर लंबे समय तक मरीज़ों और उनके परिवारों को देखकर यह समझ सकते हैं कि अचानक होने वाली बीमारियां कैसे जीर्ण बीमा. रियां बन सकती हैं, और जीर्ण बीमारियों के कैसे अचानक गंभीर लक्षण उभर सकते हैं। वे मरीज़ों की विशेषताओं और व्यक्तिगत ज़रूरतों के अनुसार अपने निदान और उपचार में बदलाव करते हैं, जिसकी सफलता का स्तर अलग-अलग होता है।

समय के साथ, परिवार उनकी सलाह पर भरोसा करने लगते हैं और छोटी-बड़ी हर प्रकार की स्वास्थ्य चिंताओं पर उनकी राय लेते हैं। इस तरह, वे भरोसेमंद बन जाते हैं और मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक राहत का एहसास कराते हैं।

निश्चित रूप से, भारत के दवाखानों और अस्पतालों में, खासकर हाशिए पर रहने वाले समूहों को ऐसी स्वास्थ्य सेवा मिलना दुर्लभ है। लेकिन, मुझे लगता है, आईएचपीएस इन आदर्शों को कुछ हद तक साकार करते हैं। ऐसा अक्सर वे सोच-समझकर नहीं करते, बल्कि यह उनके काम के ढांचे और स्थितियों से स्वाभाविक रूप से उभरता है। उदाहरण के लिए, उनके दवाखाने के भौतिक वातावरण पर गौर कीजिए। डॉ. 'आर' के दवाखाने की तरह, आम तौर पर ये दवाखाने घनी बस्तियों में आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों के बीच एक छोटे कमरे में चलते हैं, जहां कोई बड़ा साइनबोर्ड भी नहीं होता। अंदर ज़रा-सी जगह में एक मेज़, कुछ कुर्सियां, दवाइयों से भरी अलमारी, एक बिस्तर, मरीज़ और डॉक्टर, ये सब जगह के लिए होड़ करते नज़र आते हैं। इन दवाखानों के खुलने पर मरीज़ बिना किसी अपॉइंटमेंट या बिना किसी नौकरशाही के हस्तक्षेप के आ-जा सकते हैं। मोहल्ला क्लीनिक (जो आम तौर पर दोपहर 2 बजे तक बंद हो जाते हैं) और अन्य सरकारी डिस्पेंसरी की तुलना में ये देर तक खुले रहते हैं।



# सद्भावना की मानव समाज में उपादेयता



**डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा**

आज मानवता कराह रही है। समाज में चहुंओर ईर्ष्या, घृणा, द्वेष, अनाचार, भ्रष्टाचार, व्यभिचार, रिश्ते-नातों की टूटती दीवार , नारी-अस्मिता पर प्रहार, ऊंच-नीच की भावना,जाति विद्वेष, साम्प्रदायिकता व लड़ाई-झगड़े आदि बुराईयां तीव्र गति से बढ़ती दृष्टिगोचर हो रहीं हैं। प्रश्न उठता है कि इसका समाधान क्या है? विचारा. ेपरांत इसका एक ही उत्तर मिलता है-सद्भावना। सामान्यत: सद्भावना से तात्पर्य-मैत्रीपूर्ण स्वभाव (भाईचारे), दयालुता, परोपकार, ईमानदारी, विश्वसनीयता, सत्यवादिता माना जाता है जबकि सद्भावना सत्+भावना दो शब्दों से मिलकर बना है जिसका अर्थ है सत्य की भावना अर्थात सत्य को जानकर जो भावनाओं का प्रकटीकरण होता है, वह सद्भावना है जो सामान्य जन समझते है वे सत्य के गुण प्रभाव है। जब व्यक्ति सत्य को जान लेता है तो उसमें स्वतरू इन गुणों का प्रादुर्भाव होता है।

आदिगुरु शंकराचार्य का मत है-ब्रह्म सत्यं अर्थात ब्रह्म ही सत्य है और सत्य ही ब्रह्म है, ब्रह्म को जानने के बाद और कुछ जानना शेष नहीं रहता। यह श्लोक वेदांत से लिया गया है और अद्वैत दर्शन का मूलाधार है। छान्दोग्योपनिषद् में कहा गया है-सर्वं खल्विदं ब्रह्म अर्थात सम्पूर्ण चराचर जगत ब्रह्म का ही प्रसार है। उपनिषद का यह महावाक्य निराकार ब्रह्म की सर्वव्यापकता का उद्घोष करता है। वह ब्रह्म सर्व व्यापक होने के साथ सबसे अधिक नजदीक हमारे अंदर है इसलिए संतों ने कहा कि ज्यों तिल माहि तेल है, ज्यों चकमक में आग। तेरा सांई तूझमें, जाग सके तो जाग अर्थात वह परमपिता परमात्मा प्रत्येक मानव के हृदयस्थ है। बृहदारण्यक उपनिषद में ऋषियों ने उद्घोष किया कि अहं ब्रह्मामि अर्थात मैं ब्रह्म हूं क्योंकि ब्रह्म ही शांति, आनन्द और गुणों की खान है और आत्मा ही ब्रह्म है जिसे मण्डूक्य उपनिषद में-अयं आत्मा ब्रह्म कहकर सम्बोधित किया गया है और वेदांत का कथन हैं कि आत्मानं विद्धि आत्मानं उपास्य अर्थात अपनी आत्मा को जानो, अपनी आत्मा की उपासना करो। जबकि रामचरितमानस कहती है कि ईश्वर अंश जीव अविनाशी, चेतन अमल सहज सुख राशि अर्थात आत्मा ईश्वर का अंश है जो चेतन्य, अवगुणों से रहित, स्वाभाविक रूप से सुखों की खान है। आत्मा का अर्थ है-अ माने नहीं, तम माने अंधकार अर्थात जहां प्रकाश ही प्रकाश है किन्तु इसके लिए आत्मा को जानना अर्थात आत्मज्ञान जरुरी है। आत्मज्ञान में व्यक्ति के परिवर्तन की क्षमता है। आत्मज्ञान को जानकर रत्नाकर डाकू-महर्षि वाल्मीकि, आम्रपाली वेश्या- बौद्ध भिक्षुणी और अंगुलीमाल- बौद्ध भिक्षु बन गए।

> **आत्मज्ञान से लाखों लोगों का जीवन परिवर्तित हुआ है, आत्मज्ञान के लिए गरु ध्यान, साधना और सत्संग की नितांत आवश्यकता है**

आत्मज्ञान से लाखों लोगों का जीवन परिवर्तित हुआ है। आत्मज्ञान के लिए गुरु, ध्यान, साधना और सत्संग की नितांत आवश्यकता है। आत्मज्ञान हेतु गुरु की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए गीता में कहा गया है-तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया। उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्वदर्शिन रूअर्थात तत्वदर्शी ज्ञानी से आत्मज्ञान का उपदेश लेना चाहिए। तत्वदर्शी ज्ञानी का जाति, धर्म, पद, प्रतिष्ठा से मूल्यांकन नहीं किया जा सकता क्योंकि शुकदेव मुनि ने राजा जनक, मीराबाई ने संत रविदास,कबीर दास ने रामानंद से ज्ञान प्राप्त किया। आत्मज्ञान का ध्यान से अटूट सम्बन्ध है इसलिए कहा गया है-जिमि दूध के मथन से निकसत है घी जतन से।तिमि ध्यान की लगन से, परब्रह्म ले निहारा। कहने का तात्पर्य है कि यदि हम परब्रह्म परमात्मा की अनुभूति करना चाहते हैं तो हमें ध्यान करना होगा क्योंकि कहा गया है-शेष महेश गनेश दिनेश सुरेसहु जाहि निरंतर ध्यावै अर्थात सतत् ध्यान के कारण ही शंकर में संहार, विष्णु में पालन और ब्रह्मा में सृजन के साथ अन्य देवी-देवताओं से विभिन्न दिव्य गुणों की शक्तियां समाहित हैं। ध्यान हेतु साधना जरुरी है। साधना का अर्थ है ध्यान हेतु तन और मन को साधना इसलिए अष्टांग योग में प्रारम्भ के पंच अंग- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार की व्यवस्था की गई है जिसका ध्यान हेतु हमें पालन करना चाहिए। आत्मज्ञान हेतु सबसे अधिक महत्वपूर्ण है-सत्संग। सत्संग सत् और संग दो शब्दों से मिलकर बना है अर्थात सत्य या हृदय स्थित ईश्वर को जानकर उसका संग करना ही वास्तविक सत्संग है किन्तु इस सत्संग हेतु ज्ञानी साधुओं के पास बैठकर ज्ञानचर्चा सुनना या करना, सद साहित्य-वेद, उपनिषद, गीता, रामचरितमानस व संतों की वाणी का स्वाध्याय या वाचन करना भी सत्संग है। मानव समाज में सद्भावना के प्रचार-प्रसार हेतु सत्य को जानना नितांत आवश्यक है क्योंकि सत्य को जानने से आंतरिक परिवर्तन होता है और व्यक्ति में स्वतरूप्रेम, ईमानदारी, सत्यवादिता,दयालुता, परोपकार, समानता और भाईचारे की भावनाएं उद्भूत होती है और पावनता का उत्दृष्ट भाव जाग्रत होने के कारण नारी सम्मनीया और आदरणीया हो जाती है।



# बार-बार कब्ज होना कहीं बवासीर का खतरा तो नहीं...!

आमतौर पर कब्ज की समस्या काफी परेशानी देती है। कब्ज एक ऐसी समस्या है, जो नियमित रुप से पेट साफ नहीं होता है। जिस वजह से पेट में दर्द, भारीपन जैसे लक्षण दिखते हैं। बार-बार कब्ज की पेरशानी होने से बवासीर का खतरा बन जाता है। इन सभी खतरों को पूरा करने के लिए इन 6 फलों का सेवन जरूर करें।

क्या आपका पेट हफ्ते में 2-3 बार ही साफ हो पाता है, तो इस समस्या को भूलकर भी इग्नोर न करें। यह चेतावनी कब्ज की हो सकती है जोकि आगे चलकर खरनाक समस्या बन सकती है। डॉक्टर के मुताबिक, बवासीर, खूनी बवासीर और फिर फिशर का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान रहते हैं, तो आप कब्ज से राहत पाने के लिए इन 6 फलों का सेवन कर सकते हैं।

### कीवी का सेवन करें...

एक्सपर्ट सलाह देते हैं कि डेंगू के इलाज में कीवी का सेवन करना चाहिए। कीवी खाने से इम्यूनिटी बढ़ाती है और इंफेक्शन में राहत मिलती है। इस फल को खाने से डायजेशन तेजी से होता हैं क्योंकि इसमें फल के अंदर एक्टीनिडीन होता है।

### नाशपती...

नाशपती फल के अंदर सोर्बिटोल होता है। यह एक शुगर एल्कोहॉल होता है, जो लैक्सेटिव की तरह काम करता है। इसके अत्याधिक सेवन करने से ब्लोटिंग, डायरिया

### डाइट में फलों का सेवन करे शुरू



हो सकता है, क्योंकि इसके अंदर हाई फूडमैप केमिकल होता है।

### सेब...

सेब खाने से बीमारी दूर होती है इसके साथ यह कब्ज भी दूर करता है। सेब में सबसे अधिक फाइबर मात्रा अधिक होती है। जो मल को आसानी से त्यागने में मदद करता है।

### पपीता...

पपीता का सेवन करने से पेट संबंधित समस्याएं दूर होती है। यह कब्ज की समस्या को दूर करता है और पेट को साफ करने में मदद करता है। पपीता में डायजेस्टिव एंजाइम होते हैं, जो इस काम के लिए जिम्मेदार हैं।

### प्रून्स और बेरीज...

ये दोनों ही फल कब्ज के लिए रामबाण है। प्रून्स में फाइबर से भरा होने के साथ ही मल निकासी को आसान बनाने के लिए काफी बढ़िया तरीका है। वहीं, बेरीज अंदर काफी एंटीऑक्सीडेंट पाई जाती है।



# बलूच आर्मी ने पाकिस्तान में हाईजैक की पैसेंजर ट्रेन

**20** सैनिक आतंकवादियों और सेना के बीच मुठभेड़ में मारे गए

**182** लोग बनाए बंधक, ट्रेन में 140 सैनिक भी थे सवार

**धमकीः अगर पाक सेना कार्रवाई करेगी, तो सभी 182 बंधकों को मार दिया जाएगा**

**पाकिस्तानी सेना ने किया आत्मसमर्पण, 6,000 सैनिक दिखाई दे रहे लाचार**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलूच आर्मी ने पूरी पैसेंजर ट्रेन को ही हाईजैक कर लिया है। जफर एक्सप्रेस बलोचिस्तान की पैसेंजर ट्रेन है। इस ट्रेन में मंगलवार को सेना के 140 जवान भी सवार थे। ऐसे में जिस तरीके से ट्रेन का हाईजैक हुआ, उससे इंटेलिजेंस के फेल्योर होने का भी सवाल उठ रहा है। हाईजैक की वजह से आतंकवादियों की कैद में करीब 400 लोग फंसे थे। बताया इस ट्रेन में 140 सैनिक भी यात्रा कर रहे थे। ऐसे में, जफर एक्सप्रेस में सवार सभी यात्रियों को बलोचिस्तान आर्मी के आतंकियों ने छोड़ दिया, लेकिन ट्रेन में सवार सभी सैनिकों को बंधक बना लिया है। ट्रेन को हाईजैकरों से छुड़ाने के लिए पाकिस्तानी सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। वहीं, सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में 20 जवानों की मौत हो गई है। बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने बयान जारी कर कहा है कि मशकफ, धादर और बोलन में सावधानीपूर्वक ट्रेन को हाईजैक किया गया है। हमारे लड़ाकों ने पहले ट्रेन की पटरी को बम से उड़ा दिया, जिसके बाद ट्रेन आसानी से रुक गई। बीएलए का कहना है कि जैसे ही ट्रेन ट्रैक पर रुकी। हमारे लोगों ने ट्रेन को नियंत्रण में ले लिया। आतंकी संगठनों का कहना है कि अगर पाकिस्तान की सेना कोई कार्रवाई करती है तो सभी 182 बंधकों को मार दिया जाएगा। बीएलए ने पाकिस्तानी सेना को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर किसी भी तरह का सैन्य अभियान उनके खिलाफ शुरू किया गया, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। संगठन ने धमकी दी कि यदि उन पर हमला हुआ, तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा और इसके लिए पूरी जिम्मेदारी पाकिस्तानी सेना पर होगी। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकियों द्वारा जाफर एक्सप्रेस हाईजैक करने के बाद पाकिस्तान सेना ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राउंड फोर्सेज को पीछे हटना पड़ा, जिसके बाद अब एयर स्ट्राइक की जा रही है। हेलीकॉप्टर और फाइटर जेट मौके पर भेजे गए हैं। बीएलए की मजीद ब्रिगेड, STOS, फतह स्क्वाड और जिराब यूनिट के लड़ाके अब भी मजबूत स्थिति में हैं। संगठन ने पाकिस्तानी सेना को चेतावनी देते हुए कहा, अपने जवानों को बचाने का आखिरी मौका है। बंधकों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस, एंटी-टेररिज्म फोर्स ATF और इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस ISI के सक्रिय ड्यूटी पर तैनात जवान भी शामिल हैं, जो छुट्टी पर पंजाब जा रहे थे। बीएलए ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पाकिस्तानी सेना ने कोई जवाबी कार्रवाई की, तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। बीएलए के प्रवक्ता जियंद बलूच ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह ऑपरेशन पूरी तरह से सुनियोजित था और उनके लड़ाके ट्रेन व यात्रियों पर पूरी तरह कंट्रोल में हैं। बताते चलें कि पाकिस्तान में आतंकवाद और अलगाववादी आंदोलनों की जड़ें काफी गहरी हैं।

### सेना के पिट्ठू ने जताई थी आशंका

पाकिस्तान सेना के पिट्ठू कहे जाने वाले पूर्व मंत्री फजरलुर रहमान ने कुछ दिन पहले ही बलोचिस्तान में बड़ी घटना की आशंका जताई थी। रहमान का कहना था कि बलोचिस्तान के लोग पाकिस्तान सेना की बात सुनना अब बंद कर देंगे। वहां के लड़ाके सीधे मोर्चा खोलेंगे। रहमान के मुताबिक बलोचिस्तान की सेना अब नाराज हो गई है और सरकार उसे संभाल नहीं पाएगी। फजलुर का कहना था कि बलोचिस्तान जल्द ही पाकिस्तान से अलग हो जाएगा। बलोचिस्तान लंबे वक्त से हिंसा की आग में झुलस रही है। पाकिस्तान की सरकार खुद यहां की हिंसा से चिंतित है। ऐसे में सेना के इतने बड़े मूवमेंट को जिस तरीके से एक पैसेंजर ट्रेन में करवाया गया है, उससे भी सवाल उठ रहे हैं।

## बलूचिस्तान में बीएलए की गतिविधियों को मिल रहा जबरदस्त समर्थन

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान में बीएलए की गतिविधियों को जबरदस्त समर्थन प्राप्त है। हालांकि, खुले तौर पर यहां लोग बलूच लिबरेशन आर्मी के समर्थन में खड़े नहीं दिखाई देते। इसकी वजह यह है कि पाकिस्तान सरकार ने बीएलए से बात करने की जगह 2006 में ही इस संगठन को बैन कर दिया। तब से लेकर अब तक बीएलए पाकिस्तानी सरकार के नुमाइंदों को निशाना बनाती आ रही है। बलूच लिबरेशन आर्मी की बनावट कुछ इस तरह की रही है कि इस संगठन ने अलग-अलग स्तर पर कई प्रमुख तैनात किए हैं। इस संगठन को सबसे लंबे समय तक चलाने वालों में असलम बलूच का नाम सबसे आगे है।

इतिहास की बात करें तो असलम बलूच 2006 से 2018 तक इस संगठन का प्रमुख रहा। हालांकि, 2018 में अफगानिस्तान के कंधार में एक आत्मघाती हमले में असलम की मौत हो गई थी। इस घटना से बीएलए को बड़ा झटका लगा था। हालांकि, संगठन ने इसके बाद से खुले तौर पर कभी अपने नेतृत्व में शामिल लोगों का ऐलान नहीं किया। बताया जाता है कि बलूचिस्तान में स्थानीय कमांडर ही दस्तों के संचालन का जिम्मा उठाते हैं। बीएलए के अलावा बलूचिस्तान में जुम्मा खान ने 1964 में बलूच लिबरेशन फ्रंट की स्थापना की थी। बलूचिस्तान की आजादी के लिए बना यह संगठन एक समय काफी चर्चा में रहा। हालांकि, बाद में इस संगठन के लड़ाके भी बीएलए में शामिल हो गए। इसके अलावा बीएलए की छात्र इकाई बलूच स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन भी बलूचिस्तान में काफी सक्रिय है। इसका नेतृत्व एक समय डॉ। अल्लाह नजर कर रहे थे, जो कि बलूच आंदोलन का बड़ा चेहरा रहे हैं।

## सऊदी क्राउन प्रिंस से मिले जेलेंस्की

**जेद्दा /सऊदी अरब।** सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने सोमवार देर शाम जेद्दा में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से मुलाक.ात की। आधिकारिक सऊदी प्रेस एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसपीए ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि सऊदी क्राउन प्रिंस ने जेद्दा के अल-सलाम पैलेस में यूक्रेन के राष्ट्रपति का स्वागत किया। यहां एक आधिकारिक स्वागत समारोह आयोजित किया गया था। दोनों नेताओं ने औपचारिक बातचीत भी की। जेलेंस्की अमेरिका-यूक्रेन वार्ता से पहले सोमवार को सऊदी तटीय शहर में पहुंचे।

कीव स्थित यूक्रेनी समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को ज़ेलेंस्की के हवाले से कहा कि सोमवार को मैं क्राउन प्रिंस (मोहम्मद बिन सलमान) से मिलने के लिए सऊदी अरब जाने वाला हूं। उसके बाद मेरी टीम हमारे अमेरिकी भागीदारों के साथ काम करने के लिए सऊदी अरब में रहेगी। अमेरिकी विद.ेश मंत्री मार्को रुबियो सोमवार को ही जेद्दा पहुंचे और सऊदी क्राउन प्रिंस से मुलाकात की। अमेरिकी विदेश विभाग के पिछले बयान के अनुसार रुबियो सोमवार से बुधवार तक जेद्दा में रहेंगे और रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से मिलेंगे। यूक्रेन-अमे.रिका की बैठक मंगलवार को होगी। फरवरी के अंत में व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और ज़ेलेंस्की के बीच कथित टकराव के बाद यह पहली बैठक होगी। इस टकराव विवाद के कारण द्विपक्षीय खनिज समझौते को रद्द कर दिया गया और इसके बाद यूक्रेन को अमेरिकी सैन्य सहायता को निलंबित कर दिया गया।



## जान का दुश्मन बना ग्वाटेमाला में ज्वालामुखी

**ग्वाटेमाला एक सक्रिय ज्वालामुखी है, जो मध्य अमेरिका में 30 हजार लोगों की जान पर खतरे का कारण बना हुआ है**



**ग्वाटेमाला सिटी।** मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला के राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण समन्वयक ने सोमवार को चेतावनी दी कि यहां सक्रिय ज्वालामुखी से करीब 30 हजार लोगों के लिए खतरा बन गया है। एजेंसी के कार्यकारी सचिव क्लॉडिन ओगाल्डेस ने सैकेटपेक्यूज़, चिमाल्टेनैंगो और एस्कुइंटला के विभागों में रहने वाले आस-पास के निवा.सियों से पिछले कुछ घंटों में हुए ज्वालामुखी विस्फोटों के बाद तुरंत अपने घरों को खाली करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सेना और राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा, सुरक्षा महा.निदेशालय के साथ मिलकर सुरक्षा उपायों का समन्वय कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 282 परिवारों को पहले ही सैकेटपेक्यूज़ के सैन जुआन अलोटेनैंगो कस्बे में शरणस्थलों में पहुंचाया जा चुका है और एस्कुइंटला के कोटज़ुमालगुआपा में भी एक शरणस्थल तैयार किया गया है। कॉनरेड न्यूज़लैटर के अनुसार सक्रिय ज्वालामुखी से किसी भी समय लावा और धुएं का गुबार निकल सकता है जो ज्वालामुखी के किसी भी खड्ड से नीचे गिर सकता है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि अगर गतिविधि जारी रहती है तो अधिकारियों को उम्मीद है कि राख और धुएं का गुबार समुद्र तल से छह हजार मीटर की ऊंचाई तक पहुंच जाएगा और ज्वालामुखी के 40 किलोमीटर पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम तक के समुदायों पर गिरेगा। एजेंसी ने कहा, ज्वालामुखी के विभिन्न किनारों की ओर लगातार (लावा) हिमस्खलन भी हो सकता है जिससे कम ऊंचाई पर अधिक मात्रा में राख निकल सकती है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर.
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

## जॉब अलर्ट

**NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...**

### आवश्यकता है।

**पद** : महिला रसोइया
**स्थान** : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
**नौकरी का प्रकार** : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरणः** हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँः**
- मुगलाई, कश्वन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- स्वच्छता मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थों की तैयारी।
- रसोई को साफ और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना।

**योग्यताएँः**
- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।

**कार्य समयः**
- **समयः** सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

**सहायक प्रबंधक** : प्रिंट मीडिया
**स्थान** : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
**नौकरी का प्रकार** : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरणः** सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करेंगे और क्षेत्रीय संचालन की देखरेख करेंगे।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँः**
- क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ दैनिक गतिविधियों में सहायता करना।
- स्टाफ की देखरेख और मार्गदर्शन करना, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।
- टीम के प्रदर्शन की निगरानी करना और सुधार के लिए रणनीतियाँ लागू करना।

**योग्यताएँः**
- व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 2 साल का अनुभव।

**पद** : मार्केटिंग एजेंट
**स्थान** : दिल्ली
**नौकरी का प्रकार** : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरणः**
मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करेंगे, ग्राहक संबंध बनाएंगे, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देंगे।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ :**
- बाजार अनुसंधान करना और संभावित ग्राहकों की पहचान करना।
- ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखना।
- मार्केटिंग अभियानों के विकास और निष्पादन में सहायता करना।

**योग्यताएँः**
- मार्केटिंग या व्यवसाय में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।

**कैसे आवेदन करेंः**
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
**शाह आलम : 80772 43100**
Email:- shahtimes0105@gmail.com